बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 18 मई 2024
वर्ष 5, अंक 53, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा लानीना 16

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज 15

## एक नजर

### पांचवां चरण : 14 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 सीटों व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए शनिवार 18 मई को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। मतदान 20 मई को होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को दायर याचिका की शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार मिले

**इंफाल।** मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार को पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थौबाल जिले में राज्य पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपल वॉर ग्रुप) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पांच मोबाइल फोन, नौ एमएम की दो पिस्तौल, कारतूस जब्त किए गए। गुरुवार को ही इंफाल पश्चिम जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

### सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ 21 मई को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर संबंधित पक्षों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अगली सुनवाई से पहले सोमवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथ प्रैक्टिस को मंजूरी

- हाईकोर्ट की शर्त, प्रैक्टिश्नर नहीं करेगा डॉक्टर शब्द का इस्तेमाल

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए, प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को मंजूरी दे दी है। न्यायालय ने कहा कि चूंकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया है लिहाजा याचियों को इस विधा में प्रैक्टिस करने में हस्तक्षेप न किया जाए, जब तक कि इस संबंध में नियम न बना लिए जाएं। हालांकि न्यायालय ने यह शर्त लगाया है कि प्रैक्टिश्नर अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' शब्द नहीं लगाएंगे।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने राजेश कुमार व अन्य की ओर से वर्ष 2009 में दाखिल याचिका पर पारित किया गया है। याचिका में 25 नवंबर 2003 के केंद्र सरकार के व 1 जून 2004 के राज्य सरकार के शासनादेशों को चुनौती दी गई थी। याचियों की ओर से 5 मई 2010 का स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार का एक आदेश पेश किया गया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि केंद्र सरकार का 25 नवंबर 2003 का शासनादेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च को प्रतिबंधित नहीं करता और न ही इसके प्रैक्टिस रोकने का कोई प्रस्ताव है। याचियों ने काउंट मैती एसोसिएशन से इलेक्ट्रो होम्योपैथ की प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, उक्त सर्टिफिकेट के साथ याची पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व केरल आदि प्रदेशों में प्रैक्टिस कर सकते हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इस विधा के तहत प्रैक्टिस के लिए नियम बनाने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है, यदि केंद्र नियम बनाता है तो राज्य सरकार उसका अनुपालन करेगी। सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए डॉक्टर शब्द का अपने नाम के साथ प्रयोग न करने की शर्त पर इलेक्ट्रो होम्योपैथ के प्रैक्टिस की मंजूरी दे दी।

## आप लोगों को अपना बेटा सौंप रही हूं : सोनिया

**जनसभा**

- रायबरेली में राहुल के समर्थन में सोनिया गांधी का भावुक संबोधन

संवाददाता, रायबरेली



आईटीआई मैदान में जनसभा के दौरान मंच पर एकता का परिचय देते गठबंधन नेता।

**अमृत विचार :** रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिए उनकी मां और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को जनसभा की। राहुल और प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के बगल ही खड़े रहे। सोनिया गांधी ने काफी भावुक भाषण दिया और राहुल के लिए वोट मांगा।

सोनिया गांधी ने शुक्रवार को आईटीआई मैदान से रायबरेली से रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए कहा कि आपके प्रेम में मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है।

राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 30 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है। वैसे अमेठी भी मेरा घर है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो। कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ। इस मौके पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रमोद तिवारी, सपा से हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, अविनाश पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव रहे।

# स्वाति मालीवाल मामले की जांच तेज केजरीवाल के आवास पहुंची पुलिस

## सीएम आवास से जुटाए साक्ष्य, बिभव ने भी मालीवाल के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

- सीन रीक्रिएट करने आप सांसद को सीएम आवास ले गई पुलिस कोर्ट में भी दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी



पुलिस के साथ सीएम आवास पर जातीं स्वाति मालीवाल।

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। शाम करीब 4.45 पहुंची टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला के नेतृत्व में तीन पुलिस अधिकारी और पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री के आवास से सबूत जुटाए। पुलिस मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक व आरोपी बिभव के घर भी गई लेकिन वह मौजूद नहीं थे। घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए पुलिस आप सांसद को स्वाति मालीवाल को भी मुख्यमंत्री के आवास पर लेकर गई। इससे पहले दिन में, तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया।

दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि मालीवाल ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में सेंध लगाकर अनधिकृत प्रवेश किया और वहां हंगामा किया। जब कुमार ने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तो 'आप' सांसद ने उन्हें गालियां दीं। आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि बिभव कुमार ने सिविल लाइंस पुलिस थाने के एसएचओ को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजी है।

### भाजपा का मोहरा बनीं स्वाति : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ लगाए आरोपों को झूठा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साज़िश का मोहरा बनाया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण उसने साजिश रची। मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया।

### खुद को बचाने की कोशिश कर रहा 'पॉलिटिकल हिटमैन'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास पर सोमवार को मालीवाल पर हमला किया था।

**प्रधानमंत्री ने बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर में की जनसभा**

## सपा-कांग्रेस की सरकार बनी तो राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे

- बोले-बुलडोजर कहां चलाना कहां नहीं, योगी से लें ट्यूशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बाराबंकी में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का माल्यार्पण करते भाजपा नेता।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 14 सीट के लिए सोमवार को होने जा रहे मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश पर भी ध्यान केन्द्रित किया। शुक्रवार को उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। प्रधानमंत्री ने इंडिया गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं।

बाराबंकी के जैदपुर मार्ग के समीप एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा वालों ने पहले रामलला को टेंट में पहुंचाया, फिर वोटबैंक को खुश करने के लिए कहा कि वहां मंदिर की जगह धर्मशाला, स्कूल या अस्पताल बना दो। कांग्रेस तो राममंदिर पर कोर्ट का निर्णय पलटना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। हमीरपुर में एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा, सपा-कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद ये सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करता है। फतेहपुर की जनसभा में कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडिया गठबंधन है।

### केवल आंख से आंसू नहीं निकले, अरमां बह गए

मोदी ने यह कहते हुए भी विपक्षी गठबंधन की चुटकी ली कि, इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, मगर दिल के सारे अरमां बह गए।

## एक वित्त वर्ष में 60 टैक्स ऑडिट ही कर सकेंगे सीए

- आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर
- आईसीएआई ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद कर दिया है। शीर्ष अदालत ने माना कि नियम पेशे की प्रैक्टिस करने संबंधी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। पीठ ने यह भी माना कि यह खंड (क्लाज) एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

## तेरह साल की लड़की ने दो सौतेली बहनों को गला घोंटकर मार डाला

- आरोपी ने कहा-सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए मारा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर जैत में गुरुवार रात 12 बजे 10वीं की छात्रा ने दुपट्टे से गला घोंटकर दो सौतेली बहनों पवित्रा (5) व श्रुति उर्फ रिया (7) की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि घर का सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए दोनों को मार डाला।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के अनुसार, गोहावर जैत में सहदेव का परिवार रहता है। 12 साल पहले सविता ने पहले पति पुखराज को छोड़ने के बाद सहदेव से दूसरी शादी कर ली थी। दोनों पतियों से सविता के पास एक बेटा और पांच बेटियां हैं। सहदेव अस्करीपुर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है।

गुरुवार रात सभी एक कमरे में सोए थे। तभी किसी समय सविता के पहले पति की 13 वर्षीय पुत्री ने सहदेव की बेटियों पवित्रा और श्रुति उर्फ रिया का गला घोंट दिया। मृतक बच्चियों के चचेरे भाई प्रमोद ने बताया कि बड़ी बहन ने उसके पास आकर कहा, चलिए बहनों को कुछ हो गया है। हम लोग वहां पहुंचे तो देखा कि दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। उसने पहले परिजनों को जगाया था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। ये सब किसने किया, हमें नहीं पता। बड़ी बहन कक्षा आठ में पढ़ती है। श्रुति कक्षा दो में पढ़ती थी। पवित्रा आंगनबाड़ी में पढ़ती थी। उधर, पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने बताया कि हमारा बड़ा परिवार है। पिता परेशान रहते थे। घर का सारा काम मुझे ही करना पड़ता था। इस कारण मैंने दोनों छोटी बहनों को मार दिया। सुबह घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव वाजपेई, सीओ चांदपुर, नूरपुर कोतवाल और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों बच्चियों के शव कमरे में बिस्तर पर पड़े थे।

## तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के घर पर सीबीआई का छापा

**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पूर्व मेदिनीपुर जिले के काथी में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। सीबीआई की एक टीम ने शुक्रवार तड़के काथी ब्लॉक नंबर तीन में तृणमूल कांग्रेस नेता देबब्रत पांडा और एक अन्य ब्लॉक के अध्यक्ष नंददुलाल मैती के घरों पर छापा मारा। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि जन्मेजय दोलुई की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांडा, नंददुलाल के बेटे और 52 अन्य को आरोपित किया गया है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में आग से खलबली

- बेंगलुरु जा रही उड़ान दिल्ली लौटी, इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को वातानुकूलन इकाई में आग लगने के संदेह के बाद शुक्रवार शाम को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि विमान उड़ान संख्या एआई 807 को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया है। उसमें 175 यात्री सवार थे।

सूत्रों ने बताया कि विमान के वातानुकूलन इकाई में संदिग्ध आग के चलते इमरजेंसी घोषित की गई थी। विमान ने शाम 6:40 बजे सुरक्षित लैंडिंग की।

### पुणे हवाई अड्डे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराया विमान

**पुणे।** दिल्ली जा रहे एयर इंडिया का एक विमान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुई। विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया।

## आबकारी नीति मामला : केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी को भी बनाया मामले में आरोपी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल किया और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, लेकिन उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी।

## अभ्यर्थियों को रोज 3 हजार दे मणिपुर सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को हिंसा ग्रस्त पर्वतीय जिलों के सिविल सेवा अभ्यर्थियों को 26 मई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के बाहर की यात्रा करने के वास्ते प्रतिदिन 3,000 रुपये अदा करने का निर्देश दिया है। शाम को विशेष सुनवाई में, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के पर्वतीय जिलों के उन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की शिकायतों पर गौर किया, जिन्होंने सुरक्षा चिंताओं को लेकर मणिपुर के बाहर के परीक्षा केंद्रों का विकल्प चुना है।

**स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण** 29,347 गांवों में कवायद शुरू, 31 दिसंबर तक होंगे संतृप्त

## 43,256 गांव बनेंगे मॉडल, देंगे स्वच्छता का संदेश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- गांवों में दिखेगी सफाई, एडीओ पंचायत किए गए प्रशिक्षित

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 43,256 गांव इस वर्ष के 31 दिसंबर तक मॉडल बनेंगे। गांवों को साफ-सफाई, कूड़ा, तरल व ठोस प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्य से समस्या का निस्तारण कर चमकाया जाएगा।

जहां साफ-सफाई अलग से दिखेगी। अभियान में पंचायती राज विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में गांवों का चयन कर 29,347 गांव में कवायद शुरू कर दी है। सभी गांव मॉडल बनने के बाद अन्य को संदेश देंगे। बाहरी राज्यों के प्रधान व अधिकारियों का दल भी भ्रमण पर आएगा और यहां से बारीकियां सीखकर अपने यहां कार्य कराएंगे। निदेशक राज कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिए निदेशालय पर सभी जिलों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में प्रदेश के कुल 96,098 गांवों को संतृप्त करना है। इसमें मुख्य व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण हैं, जो ओडीएफ और दूसरे चरण में ओडीएफ-प्लस के तहत प्रदेश में 2.86 करोड़ बनाकर संतृप्त किया गया है। ठोस व तरल अपशिष्ट यानी घरों से निकलने वाला सूखा व गीला कूड़ा निस्तारण की गांवों में बड़ी समस्या है जिसका प्रबंधन अभियान में शामिल है।

| | |
|---|---|
| कुल ग्राम पंचायत - 57,754 | कुल गांव - 96,098 |
| 2022-23 में मॉडल बने : 7075 | 2023-24 का लक्ष्य : 43,256 |

### अपशिष्ट प्रबंधन से हो रही पंचायत की आमदनी

गोशाला का गोबर व घरों से निकलने वाली सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के अपशिष्ट एकत्र कर वर्मी कंपोस्ट यानी खाद बनाकर बेची जाएगी। इससे जो रुपये प्राप्त होंगे वह ग्राम पंचायत की आय होगी। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण कर उसके दाने बनाकर कंपनियों को सीमेंट व सड़क निर्माण के लिए बिक्री किए जाएंगे। पिछले वर्ष श्रावस्ती के थाना इकौना की ग्राम पंचायत टंडवा महंत ने 16 लाख रुपये की वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेची है। वहीं, वाराणसी और सोनभद्र की सीमेंट फैक्ट्रियां प्लास्टिक अपशिष्ट के दाने खरीदने लगी हैं। सड़क, भवन व अन्य निर्माण के लिए टिकाऊ है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में शनि देव की पूजा-अर्चना शाम 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### पक्का बाग, घेर बाज खां में सात घंटे गुल रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को पहाड़ी गेट बिजलीघर के फीडर पक्का बाग, घेर बाज खां की आपूर्ति सात घंटे तक के लिए बंद रहेगी। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक उपभोक्ताओं को बिजली संकट झेलना पड़ेगा। एसडीओ संजीव कुमार रवि ने बताया कि पहाड़ी गेट बिजलीघर 33/11 केवीए के फीडर पक्का बाग, घेर बाज खां, पंखेवालान, शीशम वाली मस्जिद, नाजिम बीड़ी, चपटा कॉलोनी, बमनपुरी की 18 से 22 मई तक के सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 22 से 31 मई तक शाहबाद गेट बिजलीघर के फीडर शहर कोतवाली क्षेत्र बाजार नसरुल्लाह खां, लाल चाय पत्ती की दुकान, पीर की पैंठ, हादी स्कूल, बाला जी का मंदिर, मोहल्ला झंडा, जैन मंदिर चित्रगुप्त की गली, जीना इनायत खां, कन्या इंटर कालेज की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बताया कि पहाड़ी गेट क्षेत्र के जर्जर लाइनों के तार बदले जाने के कारण शटडाउन लेकर कार्य कराया जाएगा। इसी कारण आपूर्ति बाधित रहेगी।


स्काउट-गाइड शिविर में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

## आपदा में तैयार रहते हैं स्काउट-गाइड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्काउट-गाइड शिविर के दूसरे दिन प्राथमिक विद्यालय माटखेड़ा में प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान शिविर के अलावा प्रथम सोपान की गांठे, द्वितीय सोपान की गांठे बंधन, कम्पास में सोलह दिशाओं के विभाजन के बारे में सिखाया।

स्काउट मास्टर फखरूद्दीन ने कहा कि स्काउट-गाइड आपदा आने पर हमेशा तैयार रहते हैं। स्काउट-गाइड भविष्य के सैनिक है। शिविर सहयोग में स्काउट मास्टर सचिन पाल ने स्काउट-गाइड को कैंप क्राफ्ट, बिना रंगों के रंगोली बनाना, सीटी के संकेत, प्राथमिक चिकित्सा, पट्टी के प्रकार, सिर की पट्टी, कंधे की पट्टी, बाजू, कोहनी और घुटने की पट्टी आदि के बारे में बताया। दूसरे दिन शिविर का संचालन जिला गाइड निदा खुशनुद ने किया।

### सोशल मीडिया पर 29 और 30 जून को यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा होने का आदेश पूरे दिन हुआ वायरल

# युवाओं की बेरोजगारी का उड़ाया जा रहा मजाक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** युवाओं की बेरोजगारी का मजाक उड़ाया जा रहा है। बेरोजगारी का दंश बेरोजगार ही बेहतर जानता है। परिजन उससे नौकरी करके मदद की आस लगाते हैं। हर शाम घर में घुसने पर बेरोजगार को न जाने कितनी सवालिया आंखों के सामने से गुजरना पड़ता है। रात को उसके सामने भोजन की थाली पटक दी जाती है। शुक्रवार को भी बेरोजगार के साथ किसी ने पुलिस भर्ती परीक्षा 29-30 जून को होने का फर्जी आदेश वायरल कर दिया। लेकिन, शाम को पता चला कि यह सूचना गलत व भ्रामक है। बोर्ड ने ऐसी कोई सूचना जारी नहीं की है। इस पर युवाओं के सपने टूटकर बिखर गए।


सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला मैसेज।

सरकार ने 2018 के पांच साल बाद 2023 में पुलिस भर्ती निकाली गई थी। इससे युवाओं में खुशी छा गई थी। युवाओं ने फार्म भरने के बाद कोचिंग में जाकर तैयारियां शुरू कर दी थीं। प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा को लेकर सक्रिय हो गए थे। जिले में 11 परीक्षा केंद्रों पर 17-18 फरवरी को परीक्षा कराई गई थी। 18 फरवरी को शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा में एक मुन्ना भाई पकड़ा गया था। अन्य जिलों में भी कई सॉल्वर पकड़े गए थे। इसके बाद युवाओं ने परीक्षा रद की मांग की थी। इस पर परीक्षा को रद कर दिया गया था। शुक्रवार को किसी ने बेरोजगार युवाओं का मजाक उड़ाने वाला एक आदेश सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसमें पुलिस भर्ती परीक्षा 29-30 जून को होने की बात कही गई थी। इससे युवक-युवतियों के चेहरे खिल गए। उनके भीतर नौकरी की आस जग गई है। लेकिन, शाम होते-होते उनके सपने रेत के महल की तरह ढह गए। पता चला कि यह सूचना गलत और भ्रामक है। बोर्ड द्वारा ऐसी सूचना जारी नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड की ओर से अफवाह फैलाने के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।


"मैं दो साल से पुलिस की तैयारी कर रहा हूं। 17 फरवरी को परीक्षा दी थी। इसके रद हो जाने के बाद सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने से एक बार फिर आस जगी थी। लेकिन, शाम को वह भी टूट गई।" **– हरपाल सैनी**


"प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। 18 फरवरी को परीक्षा दी थी। लेकिन, यह रद हो गई थी। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद कष्ट हुआ। पुलिस भर्ती परीक्षा तो होगी लेकिन, इसमें समय लग सकता है।" **– रुचि यादव**


"काफी समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जा रही है। दिसंबर में शासन ने भर्ती निकाली थी। फरवरी में परीक्षा दी। पेपर लीक हो जाने के कारण परीक्षा रद हो गई थी। अब पुलिस परीक्षा की तिथि कब घोषित होगी पता नहीं।" **– संतोष**


"शासन ने यूपी पुलिस में करीब 60 हजार रिक्तियां निकाली थीं। परीक्षा को रद कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल पर खुशी मिली थी। लेकिन, इस तरह के घटिया मजाक से आहत हुआ हूं।" **– अमित दिवाकर**


# गन्ना बकाया भुगतान करने में राणा शुगर मिल फिसड्डी, नोटिस

### किसानों का 49 करोड़ रुपये दाबे हुए है राणा शुगर मिल प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गन्ने का बकाया भुगतान करने में राणा शुगर मिल फिसड्डी है। बकाया भुगतान नहीं करने पर गन्ना विभाग ने मिल प्रबंधन को नोटिस भेजा है। मिल प्रबंधन ने मंगलवार तक किसानों का आठ करोड़ रुपये भुगतान करने का आश्वासन दिया है। राणा शुगर मिल किसानों के गन्ना बकाया का 49 करोड़ रुपया दाबे हुए है। जबकि, रुद्र-बिलास चीनी मिल और त्रिवेणी शुगर मिल गन्ना बकाए का भुगतान कर चुकी हैं।

बकाया भुगतान नहीं मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है। किसानों को अपनी बेटियों की शादियां करनी हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूलों में प्रवेश और उनकी फीस जमा होनी है। लेकिन, किसानों के हाथ खाली हैं। चीनी मिलों ने किसानों का करोड़ों रुपये दबाया हुआ है। रुद्र बिलास और त्रिवेणी शुगर मिल किसानों का बकाया भुगतान कर चुकी है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में 25 प्रतिशत गन्ना सर्वे निपट चुका है। इसमें गन्ना विभाग और मिलों की 84 टीमें लगी हैं। 2025 में गन्ना रकबा 37 हजार हेक्टेयर होने का अनुमान है। स्वार, मिलक, शाहबाद, बिलासपुर, चमरौआ व सैदनगर में 15 जून तक गन्ना सर्वे निपटना है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण गन्ना सर्वे रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। उन्होंने अनुमान जताया कि 2025 में भी गन्ना रकबा 37 हजार हेक्टेयर रहने का अनुमान है।


खेत में खड़ी गन्ने की फसल। ● फाइल फोटो

● **मंगलवार तक आठ करोड़ रुपये का भुगतान करने का दिया आश्वासन**

**इन चीनी मिलों पर इतना है बकाया**

| शुगर मिल | बकाया |
|---|---|
| राणा शुगर मिल | 49 करोड़ |
| रुद्र-बिलास चीनी मिल | शून्य |
| त्रिवेणी शुगर मिल | शून्य |

"राणा शुगर मिल की चेन नौ मार्च को थम गई थी। राणा शुगर मिल पर किसानों का 49 करोड़ रुपया बकाया है। मिल प्रबंधन को गन्ना बकाया भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया है। मिल प्रबंधन ने मंगलवार तक आठ करोड़ रुपये भुगतान करने का आश्वासन दिया है। जिले में 25 प्रतिशत गन्ना सर्वे भी निपट चुका है।" **– शैलेश कुमार मौर्य, जिला गन्ना अधिकारी**

## डूंगरपुर से जुड़े मामले में सुनवाई 20 मई को

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अब इस मामले में 20 मई की तारीख लग गई है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे, जिनमें तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं। जबकि एक मामले में सपा नेता को सात साल की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। डूंगरपुर के एक मामले में लगातार सुनवाई हो रही है। शुक्रवार को बचाव पक्ष को सुनवाई के दौरान सफाई साक्ष्य पेश करना थे, लेकिन वह नहीं कर सके। अब इस प्रकरण में 20 मई को सुनवाई होगी। इसके अलावा शत्रु संपत्ति से जुड़े एक मामले में गवाह ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 23 मई को सुनवाई होगी।


मेधावियों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य। ● अमृत विचार

## मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर नियमित विषयवार अध्ययन करके परीक्षा में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि छात्र-छात्राओं की हर विषय पर पकड़ होनी चाहिए। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शुक्रवार को मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली को प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर सिंह ने बुके देकर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा काशिफा, विशाल व असमी को सम्मानित किया। हाईस्कूल की प्राची, आयुष सिंह व दीक्षा पाठक को पदक एवं समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी।


इस अवसर पर सुभाष यादव, अमर सिंह राणा, सैयद राशिद मियां, विपिन कुमार झा, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश, काजल श्रीवास्तव, भगवान दास, नवनीत सिंह एवं सागर काम्बोज उपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज ककरौआ के प्रधानाचार्य हरिनाथ सिंह यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# योग से जुड़ने की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिशन शिक्षण संवाद की ग्रुप एडमिन शालिनी पांडेय ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक बच्चों के होमवर्क में योग को भी शामिल करें। बच्चों को योग से जुड़े कार्य जैसे- योग पोस्टर बनाना, ड्राइंग बनाना, प्रोजेक्ट वर्क या कविता याद करके लिखना आदि भी दें। ताकि कि वह योग से जुड़े रहें।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के योग गुरुओं ने गूगल मीट के माध्यम से ग्रीष्मकालीन अवकाश में योग से जुड़े रहने की रणनीति बनाई। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक अपने विद्यालयों के बच्चों को न सिर्फ निपुण बनाने के लिए अपितु उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए वह विद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्य कराते हैं। इससे उनके विद्यालय नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।



ऑनलाइन बैठक से जुड़े शिक्षक।

उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में मिशन शिक्षण संवाद विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण सृजन करने के लिए लंबे समय से प्रयासरत है। मिशन से जुड़े शिक्षक अपने विद्यालयों में न सिर्फ श्यामपट्ट बल्कि बाल मैत्रिक प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से भी बच्चों का अकादमिक विकास कर रहे हैं। विद्यालय के भौतिक वातावरण को भी बाल मैत्रिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। योग से संबंधित क्रियाएं भी कराते हैं। अब 20 मई से विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो जाएंगे। इसी को लेकर मिशन शिक्षण संवाद से जुड़ी टीम ने गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन बैठक की। इसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश में योग से किस प्रकार जुड़े रहने पर चर्चा की गई। कहा कि शिक्षक स्वयं भी घर पर योग करते रहें। छुट्टियों के बाद बच्चों को कौन-कौन सा योग कराने हैं इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

ऑनलाइन बैठक में प्रदेश से लगभग 70 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जनपद की ओर से शबनम आरा, भारती सिंह, शालिनी रावत, अमर यादव, दिलशाद वारसी तथा जसवंत कौर उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रदेश एडमिन शालिनी पांडेय ने किया।

## समय से सीएचसी नहीं पहुंचते चिकित्सक

**टांडा, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। कुछ चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल में समय से उपस्थिति नहीं हो रहे हैं। दंत चिकित्सक तो बिना सूचना के अक्सर ही अनुपस्थित रहती हैं।

शुक्रवार को भी सीएचसी से नदारद रहीं। उनके न आने से दांत संबंधी रोगी बिना उपचार कराए वापस लौट गए। नगरवासियों ने चिकित्सकों सहित समस्त स्टॉफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। कुछ चिकित्सक कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। समय से अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं जबकि अत्याधिक गर्मी के चलते सीएचसी में रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। दंत चिकित्सक सुरुचि जोशी अक्सर अस्पताल से गायब रहती हैं। शुक्रवार को भी वह नदारद थीं।

# कार्रवाई में शिथिलता पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे ने जिलाधिकारी कोर्ट में राजस्व के विभिन्न मामलों के निस्तारण की स्थिति जानने के लिए अभिलेख देखे। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा कार्यालय में सैंपलिंग और मिलावट की पुष्टि होने के बाद जुर्माना एवं मुकदमो के बारे में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा सुनील कुमार शर्मा से जानकारी ली। अगस्त 2023 से मार्च 2024 तक जनपद से खाद्य पदार्थों के मात्र 140 नमूने लेने पर नाराजगी जताई।

राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने शुक्रवार की दोपहर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों, पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलाधिकारी कोर्ट, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा, खनिज अनुभाग द्वारा संचालित मिनी कमांड सेंटर, एआईजी स्टाम्प कार्यालय, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी कार्यालय, अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय कंट्रोल रूम और शस्त्रागार का निरीक्षण किया। अभिलेखों का रखरखाव और मानक के अनुरूप संसाधनों की स्थिति को देखा।


जिलाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष।

● **अगस्त 2023 से मार्च 2024 तक खाद्य पदार्थों के मात्र 140 नमूने लिए**

अगस्त 2023 से मार्च 2024 तक जिले में 140 सैंपल लेने पर कहा कि सैंपलिंग की स्थिति से स्पष्ट है कि टीमें मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई को प्रभावी नहीं बना रही हैं। जिलाधिकारी को निर्देश दिया किया कि मिलावट के विरुद्ध इस कार्यालय के अधिकारियों की सक्रियता को बढ़ाया जाए। मिलावट की पुष्टि पर भारी अर्थदंड और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला स्तरीय मिनी कमांड सेंटर से खनिज के आवागमन की मॉनिटरिंग की व्यवस्था देखी। जिले में अवैध खनन व अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए की जा रही कवायद के बारे में जिलाधिकारी और खनन अधिकारी से जानकारी ली। नाजिर कार्यालय में सभी तहसीलों में रिक्त पदों के बारे में प्रभारी अधिकारी नजारत, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा से जानकारी ली। नायब तहसीलदारों की सेवा पुस्तिकाएं भी देखीं। कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक करके विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

**दिक्कत** बंदरों को भगाने के लिए फुंकनी और लंगूर के लगा रहे फोटो, बंदर कई ग्रामीणों को काटकर कर चुके घायल

# धमोरा में बंदरों के उत्पात से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, धमोरा

**अमृत विचार :** धमोरा सहित आसपास के गांवों में बंदरों का आंतक है। बंदरों के डर से लोग परेशान हैं। महिलाएं छत पर कपड़े सुखाने जाने से भी डर रही हैं। बंदर कपड़ों को फाड़कर नष्ट कर देते हैं।

धमोरा में बंदरों ने उत्पात मचा रखा है। ग्रामीण क्षेत्र में बंदर आए दिन किसी न किसी को परेशान करते रहते हैं। धमोरा चौकी में स्थित पीपल के पेड़ पर काफी संख्या में बंदर रहते हैं। बंदरों से चौकी आने वाले फरियादी भी परेशान हैं। चौकी में खाना बनाने वाला रसोइया भी इनके उत्पात से काफी परेशान है। आए दिन बंदर किचन में घुसकर खाना निकाल कर खा जाते हैं। क्षेत्र में कुछ लोगों को हमला करके बंदर घायल भी कर चुके हैं। क्षेत्र में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने बंदरों से निजात पाने के लिए नए-नए तरीके अपनाने शुरू कर दिए हैं। कोई फुकनी से बंदरों को डराता है तो कोई नकली बंदूक से धमकाता है। कुछ लोग बंदरों को भगाने के लिए गुलेल का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग लंगूर की फोटो लगाकर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं।


बंदरों को भगाने के लिए लोगों ने लगाया लंगूर का फोटो। ● अमृत विचार

"बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी नगर में नगर पालिका और ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत की होती है। शासन का आदेश है कि टेंडर करके ग्राम और नगर निकाय बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ेंगे।" **–राजीव कुमार, डीएफओ**


"बंदर कभी किसी के मकान की छत पर पानी के पाइप तोड़ देते हैं। कभी खड़ी बाइक और स्कूटी को गिरा देते हैं। कभी सड़क किनारे खड़ी कारों की छत पर कूदते रहते हैं। इससे काफी नुकसान होता है।" **– मोनी शर्मा**


"गांव कमोरा मे बंदरों ने बहुत उत्पात मचा रखा है। इससे गांव में दहशत का माहौल है। बच्चों में हमेशा डर बना रहता है। प्रशासन से कई बार बंदरों को पकड़वाने की मांग कर चुके हैं।" **– अहमद रजा**


"बंदरों की वजह से लोगों में दहशत का माहौल है। बंदर कई बार बच्चों और बड़ों पर हमला भी कर चुके हैं। बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाना चाहिए ताकि इस समस्या से निजात मिल सके।" **– इमरान बाबा**


"क्षेत्र में भी बंदरों ने काफी उत्पात मचा रखा है। ग्रामीण परेशान हैं। जब कपड़े सुखाने डालते हैं तो बंदर आ जाते है और कपड़े फाड़ देते हैं। रखवाली करनी पड़ती है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।" **– रेशमा बी, गृहणी**

## कृष्णा लाइफ केयर सेंटर में आग से मचा हड़कंप

**रामपुर, अमृत विचार :** राजद्वारा स्थित कृष्णा लाइफ केयर सेंटर में देर शाम ऊपर की मंजिल में आग लग गई। लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया।

सिविल लाइन के राह रजा निवासी डॉ. राजीव अग्रवाल का कोतवाली थाना क्षेत्र में राजद्वारा पर कृष्णा लाइफ केयर सेंटर के नाम से क्लीनिक है। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे क्लीनिक की दूसरी मंजिल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जानकारी मिलते ही स्टाफ मौके की ओर दौड़ पड़ा। फायर के सिलेंडरों से आग को आनन-फानन में बुझा दिया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची जब तक आग बुझ चुकी थी। इस दौरान काफी समय तक मौके अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि क्लीनिक की दूसरी मंजिल में कबाड़ में आग लग गई थी। कर्मचारियों के जाने से पहले ही आग को बुझा लिया गया था।

# एक और डायरिया वार्ड बनाया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में डायरिया के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल में रोजाना 100 से अधिक मरीज आ रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 25-25 बेड के तीन वार्ड आरक्षित किए गए हैं। जरुरत पड़ने पर कोरोना कॉल में बने 100 बेड के एल-वन अस्पताल का भी प्रयोग किया जाएगा।

जिला अस्पताल में इन दिनों डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। एक सप्ताह में 800 से अधिक मरीज आए हैं। रोजाना 25 रोगी भर्ती हुए हैं। शुरुआत में यहां बेड कम पड़ने पर दो मरीज एक बेड पर लिटाने पड़े रहे थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा ने बताया कि डायरिया के रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। हमारे पास पर्याप्त बेड की भी व्यवस्था है। इसे जरुरत के हिसाब से बढ़ा दिया जाएगा। इसके लिए प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में अलर्ट जारी कर दिया है। सभी वार्डों में मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर, पंखे की व्यवस्था की गई है। हीट वेव के मरीजों के लिए कोल्ड रूम भी बनाया गया है।

**15 रोगी हुए भर्ती, 20 डिस्चार्ज**

शुक्रवार को 12 से दोपहर दो बजे तक 35 रोगी डायरिया वार्ड में भर्ती हुए। जबकि 20 रोगियों की हालत सही होने पर घर भेज दिया गया। शेष 15 रोगी शहर के मोहल्ला पीला तालाब, जेल रोड, डिग्री कॉलेज आदि क्षेत्रों के है। वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स ने बताया कि आम दिनों के मुताबिक रोगियों की संख्या घट गई है। पहले रोजाना 70 –80 रोगी आते थे। मरीजों को भर्ती करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब अस्पताल प्रशासन ने बेड की संख्या बढ़ा दी है।

● **जिला अस्पताल में डायरिया के मरीजों के लिए 25-25 बेड के तीन वार्ड किए गए हैं आरक्षित**

● **रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 25 बेड का वार्ड बनाने का लिया निर्णय**

"गर्मी में बीमारियों से बचने के लिए जंक फूड, मसालेदार, तले-भुने भोजन का सेवन न करें। भूख में खाना आधा ही खाएं। बासी खाना कभी न खाएं। डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पानी अधिक पीयें। नींबू, पानी, छाछ, आम का शरबत और मौसमी फल ज्यादा लें। दोपहर 12 से शाम चार बजे के बीच बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर न निकलने दें। गर्मी में डायरिया होने का खतरा ज्यादा रहता है।" **–डा. दशरथ सिंह, जनरल फिजिशियन**

## एक नजर

### शराब पीकर युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** शराब पीकर मारपीट करना ग्रामीण को भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चकरपुर कदीम निवासी ओम सिंह ने गांव के ही जगत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया है कि जगत सिंह ने शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में मजदूर घायल

**धमोरा, अमृत विचार :** गांव चांदी की मड़ैया निवासी अजय कुमार शहर में काम करता है। देर रात वह काम से वापस आ रहा था। अचानक सड़क पर जानवर आने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें अजय कुमार घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### महिला को सास और देवर ने किया घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** घरेलू बंटवारे के विवाद में महिला को उसकी सास और देवर ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का सीएचसी में मेडिकल व उपचार कराया है। खजुरिया थाना क्षेत्र के भोलापुर गांव निवासी जसवीर कौर पत्नी सुरजीत सिंह ने बताया कि उसकी तहेरी सास सुखवंत कौर व देवर मलकीत सिंह घर व जमीन के बंटवारे में उसका हिस्सा देना नहीं चाह रहे हैं। जब उसने अपने हिस्से के जेवर व नकदी की मांग की तो दोनों आग-बबूला हो गए। उस पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### खेत पर खड़े पापुलर के 25 पेड़ काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** भोट थाना क्षेत्र के गांव कोयली निवासी मोतीराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 16 मई को उसके भाई के खेत से पापुलर के 25 पेड़ काट लिए गए हैं। पेड़ काटने की सूचना मिलने पर मोतीराम खेत पर पहुंचा। वहां दोनों भाइयों के खेत से पापुलर के 25 पेड़ काट लिए गए थे। इनकी कीमत लाखों रुपयों है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसों में महिला व युवक की मौत

## टांडा और मिलक थाना क्षेत्र में हुए हादसे, दोनों परिवारों में मचा कोहराम

संवाददाता, मिलक/टांडा


भारती की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला और युवक की मौत हो गई। इससे दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। टांडा में हादसे का शिकार हुई महिला के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जबकि मिलक निवासी युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव लखीमपुर विष्णु निवासी 19 वर्षीय चमन प्रकाश उर्फ सन्नी अपने पड़ोसी छोटेलाल के साथ गुरुवार को बाइक से वंसीपुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात घर लौटते समय पिपलिया रायजादा गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सन्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल छोटेलाल को जिला अस्पताल भेज दिया। सन्नी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सन्नी के पिता की मौत हो चुकी है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वह दो भाइयों में छोटा था। केमरी थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा हरपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


सन्नी (फाइल फोटो)

### दवा लेने जा रही महिला की बाइक से गिरकर गई जान

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा में दवा लेने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला ऊधम सिंह नगर के थाना काशीपुर के गांव कुंडसरा निवासी दिनेश का कहना है कि उसकी पत्नी भारती (28) देवर महेश के साथ दवा लेने जा रही थी। काशीपुर-दढ़ियाल मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने आए व्यक्ति को बचाने के चक्कर में महेश की बाइक फिसल गई। इसमें बाइक सवार भारती भी सड़क पर गिर गई और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। महिला का नौ वर्ष का बेटा देव और सात वर्ष की बेटी देविका है।


भारती (फाइल फोटो)

## पुलिस ने प्रेमी युवक का शांतिभंग में किया चालान

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती गुरुवार की सुबह अपने प्रेमी को साथ लेकर शादी कराने की गुहार लगाने थाने गई थी। पुलिस ने प्रेमी युवक को हवालात में बंद कर दिया था। शुक्रवार को प्रेमी युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है।

युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि वह और उसका प्रेमी बालिग हैं। दोनों एक ही गांव में रहते हैं और दोनों एक ही जाति के हैं। दोनों शादी करना चाहते हैं। लेकिन वह बालिग है और वह प्रेमी के साथ शादी करना चाहती है। वह पुलिस से अपना विवाह कराने की गुहार लगाती रही। पुलिस ने युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द करते हुए युवक को हवालात में बंद कर दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने प्रेमी युवक का शांति भंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि युवक पक्ष जबरन युवती पक्ष पर शादी करने का दबाव बना रहा है।

# मनरेगा में घपला करने पर प्रधान व सचिव पर रिपोर्ट

संवाददाता, भोट

● विकास कार्य कराए बिना ही कर दिया 3.63 लाख रुपये का भुगतान

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान एवं सचिव ने रोजगार सेवक तथा तकनीकी सहायक के साथ मिलकर मनरेगा के तहत विकास कार्य कराने को आई 3.63 लाख रुपये का विकास कार्य कराए बिना ही अवैध रूप से भुगतान कर दिया। ग्रामीण द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद जांच के दौरान मामला पकड़ में आने पर खंड विकास अधिकारी ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव किसरौल निवासी इन्तेजार हुसैन ने कुछ दिन पहले जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजी शिकायत में ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक पर मनरेगा के तहत चकबंद कार्य व संपर्क मार्ग का निर्माण किए बिना ही धनराशि का भुगतान करने की शिकायत की थी। ग्रामीण ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त श्रमरोजगार मनरेगा से जांच कराई। जांच में ग्राम पंचायत किसरौल में सोमपाल के खेत से रम्पुरा डामर रोड तक चकबंद कार्य, शकील के खेत से हाफिज असगर के खेत तक संपर्क मार्ग का निर्माण नहीं हुआ था। जबकि इस काम के मद के रूप में 3,63,757 रुपये का भुगतान करा दिया गया। इसमें ग्राम प्रधान सलमा, ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार तोमर, रोजगार सेवक अफरोज अली व तकनीकी सहायक अजीम दोषी पाए गए। इस पर खंड विकास अधिकारी लवकुश भार्गव ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## बदली जाएगी साप्ताहिक बाजार की जगह

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग के किनारे साप्ताहिक बाजार लगने के कारण जाम की समस्या बनी रहती रहती है। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार होने पर नगर पंचायत कर्मियों ने साप्ताहिक बाजार स्थल के मुख्य गेट पर ताला डाल दिया। साप्ताहिक बाजार अब नगर पंचायत कार्यालय के पीछे खाली पड़ी भूमि पर लगेगी।

सुल्तानपुर-पट्टी मुख्य मार्ग के किनारे शुक्रवार को सब्जी और बुधवार,रविवार को लहसुन और मिर्च का बाजार लगता है। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के कारण लोग मुख्य मार्ग के किनारे दुकानें लगा लेते हैं। खरीदारी करने वाले लोग मुख्य मार्ग के किनारे ही अपने वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा करके बाजार में निकल जाते हैं। ईओ मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि साप्ताहिक बाजार के दिन लोग गंदगी कर देते हैं। सारा दिन जाम की स्थिति भी बनी रहती है। शनिवार को दुकानदारों और उनके प्रतिनिधियों से बाजार दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर वार्ता होगी।

# विद्यालय के ताले तोड़कर 50 हजार का सामान चोरी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** स्वार के गांव नवाबनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय को गुरुवार की रात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर विद्यालय की दीवार फांदकर किसी समय अंदर घुस गए और कमरों के ताले तोड़कर एलसीडी, इंवर्टर, बैट्री, रसोईघर का ताला तोड़कर बर्तन, गैस सिलेंडर आदि सामान चुराकर ले गए।

शुक्रवार को प्रधान अध्यापक स्कूल आए तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। चोरी की सूचना प्रभारी प्रधान अध्यापक विकास कुमार ने पुलिस को दी। इसके बाद स्वार पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रभारी प्रधान अध्यापक ने घटना की तहरीर दे दी है। पुलिस जांच कर रही है। प्रभारी प्रधान अध्यापक ने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है।


प्राथमिक विद्यालय का टूटा कुंडा।

### तमंचा व चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने कोटा अलीनगर गांव कि कच्चे रास्ते से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र के असदनगर गांव निवासी ओमवीर तथा उत्तराखंड के रुद्रपुर थाने के मौहल्ला भूत बंगला निवासी जगदीश शामिल हैं। इन कोतवाल बलवान सिंह ने बताया कि ओमवीर से 12 बोर का तमंचा तथा जगदीश के पास से चाकू मिला है।

## खेत पर गई महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव में दबंग ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उसे पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले वह खेत में काम कर रही थी। तभी गांव का ही मरदान गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे बुरी नियत से दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आ गए। लोगों को आता देख वह पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी मरदान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर ओमकार सिंह ने बताया कि महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 मई को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में पूर्व मंत्री आजम खां सीतापुर और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम हरदोई जेल में सजा काट रहे हैं। शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में अब 29 मई को सुनवाई होगी। जबकि पासपोर्ट मामले में 12 जुलाई की तारीख लग गई है।



### बीस साल पुराने मामले का वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बीस साल पुराने मामले में अदालत में हाजिर नहीं हो रहे वारंटी को केमरी पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। 58 वर्षीय आरोपी का नाम टीकाराम है। वह थाना क्षेत्र के रहसैना गांव का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 2004 में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसका वाद फास्ट कोर्ट में विचाराधीन है। नियत तारीखों पर पेश न होने के कारण अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

## ग्राहक को लेकर दो दुकानदार भिड़े

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बमनपुरी में शुक्रवार की दोपहर दो दुकानदारों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

बमनपुरी में शरीफ और मदन लाल गन्ने का रस बेचते हैं। शुक्रवार की दोपहर दोनों दुकानदारों में ग्राहक बुलाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। यह देख मदन लाल के भाई ज्ञान चन्द और ब्रह्मानन्द भी लड़ाई में कूद पड़े। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव करा दिया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया। चिकित्सकों ने शरीफ, मदन लाल और ज्ञान चन्द को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# अजीतपुर बिजलीघर में लगेगा पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रायपुर, पंजाबनगर समेत कई क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। अजीतपुर बिजलीघर में एक और पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगेगा। इससे रायपुर, पंजाबनगर, एग्जीक्यूटिव एनक्लेव के उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति मिलेगी। अत्याधिक लोड होने के कारण आए दिन लाइनों में होने वाले फॉल्ट से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

अजीतपुर बिजलीघर 15 एमवीए का है। यहां अजीतपुर प्रथम, द्वितीय, इंडस्ट्रियल, ज्वालानगर प्रथम, द्वितीय और रायपुर प्रथम समेत छह फीडर हैं। इन फीडरों से 13,000 उपभोक्ता जुड़े हैं। दूसरा बिजलीघर पांच एमवीए का है। यहां रायपुर द्वितीय और पंजाबनगर फीडर हैं। इन दोनों फीडरों से लगभग 1500 उपभोक्ताओं को बिजली मिल रही है। लाइनों पर अत्याधिक लोड होने की वजह से उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों ने यहां पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की। उच्च अधिकारियों ने प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर मेरठ से आएगा। एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि अजीतपुर द्वितीय बिजलीघर में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगना है। ट्रांसफार्मर लगने से उपभोक्ताओं का निर्बाध रूप से सप्लाई मिलेगी।

> अजीतपुर बिजलीघर में 15 एमवीए और पांच एमवीए के दो ट्रांसफार्मर हैं। अजीतपुर द्वितीय बिजलीघर में पांच एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगना है। इसके लगने से क्षमता 25 एमवीए हो जाएगी। इस बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत मिलेगी। -इमरान खां, एक्सईएन प्रथम, नवाब गेट।

# प्रेम विवाह से इंकार पर युवती ने दी जान

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** प्रेम इस कदर परवान चढ़ गया कि युवती प्रेमी की जुदाई बर्दाश्त नहीं कर सकी। प्रेम में साथ जीने-मरने की कसम न निभा पाई तो जहर खाकर जान दे दी।

मामला क्षेत्र के मिलक बाकर अली गांव का है। यहां रहने वाली युवती का पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों ने साथ जीने व मरने की कसमें खाई। दोनों के प्रेम की बात परिजनों तक पहुंची तो युवती के माता-पिता ने खफा होकर उसका रिश्ता क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक से तय कर दिया। इससे खफा युवती ने जहर खा लिया और प्रेमी के घर पहुंच गई। घबराया प्रेमी युवती को लेकर बरेली के निजी अस्पताल में पहुंचा। मगर इलाज शुरू होने से पहले प्रेमिका ने प्रेमी की बांहों में दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि युवती को दूसरे युवक के साथ विवाह करना मंजूर नहीं था। वह प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी। युवक के परिजन विवाह के लिए तैयार थे लेकिन युवती के माता-पिता राजी नहीं हुए।

उन्होंने कुछ दिन पहले उसके मंगेतर को घर बुला लिया और युवती को समझाने का प्रयास किया। लेकिन मंगेतर की बातों का युवती पर कोई असर नहीं पड़ा। प्रेमी के साथ विवाह न होता देख युवती गुरुवार की रात जहर खाकर प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमिका को बदहाल अवस्था में देख प्रेमी व उसके परिजनों के हाथ-पांव फूल गए। गंभीर अवस्था में प्रेमी व उसके परिजनों ने युवती को मिलक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने युवती के माता-पिता की अनुपस्थिति में इलाज करने से इंकार कर दिया। घबराया प्रेमी प्रेमिका को बरेली के एक निजी निजी अस्पताल ले गया। मगर वहां डॉक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। प्रेमिका की मौत से प्रेमी के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची बरेली पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के मोर्चरी घर भेज दिया।

### माता-पिता ने इलाज कराने से किया इंकार

युवती के प्रेम-प्रसंग से क्षुब्ध माता-पिता ने युवती को उसके हाल पर छोड़ दिया। जब युवती ने जहर खाया तो माता-पिता ने इलाज कराने से मना कर दिया। गम्भीर अवस्था में प्रेमी और ग्रामीण युवती को इलाज ले लिए मिलक लेकर आए तो माता-पिता उसके साथ नहीं आए। प्रेमी और ग्रामीण जब युवती को निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने माता-पिता की अनुपस्थिति में इलाज करने से इंकार कर दिया। लोगों का कहना है कि यदि युवती के माता-पिता इलाज के लिए सक्रिय होते तो उसकी जान बच जाती। लेकिन युवती के माता पिता ने समाज की खातिर युवती की जान बचाना उचित नहीं समझा।

## ठगों ने युवक के खाते से 1.32 लाख रुपये उड़ाए

**रामपुर, अमृत विचार :** युवक के खाते से साइबर ठगों ने 1,32, 337 रुपये उड़ा लिए। जानकारी मिलने के बाद उसके होश उड़ गए। उसने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी राम सरन का कहना है कि उसका एसबीआई की मुख्य शाखा में खाता है। उसके पास 16 अप्रैल को फोन आया। फोन करने वाले युवक ने खुद को एसबीआई का क्रेडिट अधिकारी बताकर कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए उसकी जन्म तिथि और अन्य जानकारी ले ली। इस दौरान युवक ने फोन काट दिया। अगले दिन जब युवक ने बैंक में जाकर की तो पता चला कि उसके खाते से दो बार में 65118 और 67219 रुपये ट्रांसफर अमोजन पे इंडिया पर प्राप्त कर लिए हैं। इस पर रामसरन के होश उड़ गए। उसने तुरंत अपने क्रेडिट कार्ड को बंद करा दिया। उसने इस मामले में साइबर क्राइम ब्रांच को अवगत कराया।


अस्पताल में भर्ती किशोरी के पास बैठे परिजन। ● अमृत विचार

# बड़ी बहन की विदाई के सदमे में किशोरी की हालत बिगड़ी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** निकाह के बाद बड़ी बहन की विदाई से छोटी बहन की हालत इतनी बिगड़ गई कि उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना पड़ा। रात भर चले इलाज के बाद शुक्रवार को उसे घर भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के टांडा हुरमतनगर निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि गुरुवार दोपहर उनकी बड़ी बेटी शहनाज की निकाह के बाद विदाई हुई। विदाई के समय उनकी 16 वर्षीया छोटी बेटी आसिया अपनी बहन से लिपटकर खूब रोई। इसके बाद वह होश खो बैठी। आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने भी बताया कि किशोरी को अपनी बहन के ससुराल चले जाने का गहरा आघात लगा है। अब उसकी हालत में सुधार है। परिजन उसे समझाने में लगे रहे।

**विश्व हाइपरटेंशन दिवस** | पहले 30 से 40 की उम्र में होती थी परेशानी

# 20 प्रतिशत युवा उच्च रक्तचाप से पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● आधुनिक जीवनशैली की वजह से उच्च रक्तचाप की गिरफ्त में आ रहे युवा

**अमृत विचार :** आधुनिक जीवन शैली की वजह से उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) का रोग युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। 20 फीसद युवा इससे पीड़ित है। चिकित्सकों का कहना है कि इसका कारण प्रतिस्पर्धा है। चाहे वह पढ़ाई को लेकर हो या नौकरी को लेकर, युवा पीढ़ी हर समय तनाव में है।

इस बार विश्व हाइपरटेंशन दिवस की थीम मेजर योग ब्लड प्रेशर एक्यूरेटली, कंट्रोल इट, लिव लान्गर है। इसका अर्थ है कि अपना रक्तचाप मापिए और इसे कंट्रोल करके लंबी और भरपूर जिंदगी जिएं। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विशेष कुमार ने बताया कि पहले 30-40 उम्र वर्ग या उससे अधिक के युवा उच्च रक्तचाप की शिकायत लेकर आते थे। मगर अब 18 से 19 साल के युवाओं में भी उच्च रक्तचाप की समस्या देखी जा रही है। इस बीमारी से दिल, किड्नी, मस्तिष्क और आंखों के रेटिना जैसे अहम अंग प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग वर्षों से उच्च रक्तचाप के शिकार होते हैं। लेकिन उन्हें इसकी जानकारी नहीं होती है। डा. विशेष बताते हैं कि लोगों को जब जानकारी होती है तब तब शरीर के किसी अहम अंग को नुकसान पहुंच जाता है। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। जितना हो सके सुबह के समय टहलें।

### लंबे समय से खून जमा होने पर प्रभावित होते हैं अंग

जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष की संचालक डा. अजमी नाज ने बताया कि हाइपरटेंशन से बचाव की प्रति जागरूक करने के लिए हाइपरटेंशन दिवस मनाया जाता है। इस बीमारी की बड़ी वजह अंसुतलित जीवन शैली से मानसिक तनाव है। चिंता का बात यह है कि दुनिया भर में हृदय रोग और असमय मौत की प्रमुख वजहों में से हाइपरटेंशन की क्रॉनिक स्थिति होती है। इससे रक्त की धमनियों में खून का दबाव बढ़ जाता है।

### ऐसे करें बचाव

- नियमित व्यायाम करें, परिवार के लोगों से सहयोग लें।
- 30 की उम्र के बाद समय-समय पर रक्तचाप की जांच कराते रहें।
- शराब, तंबाकू का सेवन न करें। इससे समस्या काफी बढ़ सकती है।
- खाने में नमक की मात्रा कम करें, तली-भुनी चीजों का सेवन न करें।

## जिलाधिकारी ने खनन में 3.5 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, इस माह जमा हुए 1,25,68,230 रुपये

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने अवैध खनन के मामले में स्वार के पट्टाधारक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3,5,026,040 रुपये जुर्माना लगाया है। इसके अलावा अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इस माह 1,25,68,230 रुपये जमा कराए गए।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अवैध खनन पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। इसी के चलते स्वार के गाटा संख्या-565 रकबा 2.7600 हेक्टेयर भूमि में से 1.3800 हेक्टेयर भूमि पर छह माह स्वीकृत परमिट की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि जिला नैनीताल के ग्राम टांडा मल्लू रामनगर निवासी अनुज्ञप्तिधारक बलविंदर सिंह ने 45494 घनमीटर आरबीएम का अवैध खनन किया है। अवैध खनन की मात्रा 45494 घनमीटर की रायल्टी 110 रुपये की दर से 50,04,340 रुपये रायल्टी का पांच गुना खनिज मूल्य 2,50,21,700 रुपये सहित कुल धनराशि 3,00,26,040 करोड़ रुपये के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश उप खनिज परिहार नियमावली-2021 के नियम-58 के अनुसार जिलाधिकारी ने 5,00,000 रुपये अर्थदंड डाला। निर्देश दिए हैं अनुज्ञप्तिधारक 3,05,26,040 यथाशीघ्र जमा कराए। दूसरी ओर जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत तहसील स्वार और टांडा क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित स्टोन क्रॅशरों पर अर्थदंड आरोपित किया। मई में 52,66,430 रुपये की वसूली की।

# नगर पालिका प्रशासन 15 मकान स्वामियों को जल्द देगा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**कार्रवाई**

● शहर के अधिकतर क्षेत्रों में स्थापित है होर्डिंग्स, फ्लैक्स

**अमृत विचार :** शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बने मकानों की छतों पर लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स उतरवाने के लिए पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। होर्डिंग्स उतरवाने के लिए 15 मकान स्वामियों को पालिका की और से नोटिस दिए जाएंगे। जिसमें 15 दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी नहीं हटाने के बाद पालिका के कर विभागीय कार्रवाई होगी।

पिछले दिनों मुंबई में आंधी के कारण होर्डिंग्स, फ्लैक्स गिर गए थे। इनके गिरने से बड़ा हादसा हो गया था। इसके बाद भी शहरी क्षेत्र में बड़े-बड़े होर्डिंग्स, फ्लैक्स लगे हुए हैं। तेज आंधी आने के कारण कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। होर्डिंग्स, फ्लैक्स लगने का समाचार को अमृत विचार के 17 मई के अंक में पृष्ठ संख्या चार पर होर्डिंग-फ्लैक्स से हादसों का अंदेशा शीर्षक से प्रकाशित किया था। अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होते ही पालिका प्रशासन जागा। शुक्रवार को शहर के अधिकतर क्षेत्रों में लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स का सर्वे कराया गया। जिसमें पालिका के कर विभाग की टीम ने पाया कि डायमंड रोड, ज्वालानगर, पहाड़ी गेट, बाजार नसरुल्लाह खां, तोपखाना गेट, पनवड़िया समेत बड़े होर्डिंग्स स्थापित हैं। सर्वे करने के बाद पालिका की ओर से नोटिस बनवाए गए हैं। शनिवार को मकान स्वामियों को नोटिस दिए जाएंगे।


होर्डिंग-फ्लैक्स से हादसों का अंदेशा
2022-23 में छूटा था 3.26 लाख रुपये में ठेका

अमृत विचार के 17 मई के अंक में प्रकाशित खबर।

> 15 मकान स्वामियों को नोटिस शनिवार को दिए जाएंगे। इसमें मकानों की छतों से होर्डिंग हटाने के लिए15 दिन का समय दिया जाएगा। होर्डिंग और फ्लैक्स नहीं हटाए जाने के बाद पालिका प्रशासन कार्रवाई करेगा। होर्डिंग्स, फ्लैक्स लगाए जाने के लिए पहले विभाग से एनओसी लेनी पड़ती है। -संजीव कुमार, राजस्व निरीक्षक कर विभाग

## एक नजर

### आदित्य राज के 95.60 प्रतिशत अंक लाने पर खुशी



**रामपुर, अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी 12वीं के छात्र आदित्य राज ने 95 .60 प्रतिशत अंक परिवार का नाम रोशन किया गया है। उसका रिजल्ट देखकर परिजन बेहद खुश हैं। भौतिक विज्ञान में 97, रसायन विज्ञान में 96 और कम्प्यूटर विज्ञान में 98 प्रतिशत अंक मिले हैं। अच्छे नंबरों से पास होने पर परिवार में काफी खुशी का माहौल है। मोदी स्कूल के स्टॉफ ने भी उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पहले जेईई मेन्स परीक्षा में उनको 98 .85 प्रतिशत अंक मिल चुके हैं।

### चिकित्सक को दिखाने को लेकर रोगियों में नोकझोंक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शुक्रवार को चिकित्सक को दिखाने आए कतार में खड़े रोगी आपस में भिड़ गए। दोनों में काफी देर तक कहासुनी होती रही। थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल के प्रेम कुमार जोकि डा. राजीव पाल को दिखाने के लिए आया था। चिकित्सक को दिखाने आए शहर के मोहल्ला थाना कुंडा निवासी आफाक की नोकझोंक हो गई। यह देख मौके पर सिक्योरिटी गार्ड आ गए। जिन्होंने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया।

### कार की चपेट में बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** नवीन मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए ।उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन के ज्वालानगर निवासी राजेश बाइक से किसी काम से शुक्रवार शाम स्वार की ओर जा रहा था ।इसी बीच मंडी के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही।



किरा गांव में जेसीबी से नहर की खोदाई कराते उप जिलाधिकारी सुनील कुमार।

# एसडीएम ने अतिक्रमण हटवाया

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के किरा गांव में दीपपुर के मझरा से ढोलसर मतवाली को जाने वाली नहर की जमीन पर गांव के लोगों ने अतिक्रमण करके समतल कर दिया था। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने इसे हटवाया।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि गांव किरा की गाटा संख्या 252 की .500 हेक्टेयर भूमि नहर ग्राम ढोलसर मतवाली के जल निकास का एकमात्र साधन है। कुछ ग्रामीणों ने नहर की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था। इसके चलते नहर समतल हो गई थी। इससे गांव ढोलसर और मतवाली की जल निकास भी अवरुद्ध हो गई थी। वर्षा का पानी कुछ घरों में पानी घुसने की स्थिति हो सकती थी। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने नहर की खोदाई शुरू की। इससे ढोलसर और मतवाली के ग्रामीणों को राहत मिलेगी। नहर की खोदाई से वर्षा के मौसम में गांवों में पानी भरने की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## दोनों महिलाएं मिलक में नारी शक्ति की बन चुकी मिसाल, दिल्ली ही नहीं मिलक में भी महिलाएं चला रहीं टेंपो

# टेंपो चलाकर गृहस्थी की गाड़ी खींच रहीं सुनीता और शारदा

**रोहिताश मणि, मिलक**

**अमृत विचार :** मिलक की दो महिलाएं नारी शक्ति की मिसाल बन चुकी हैं। उनकी मेहनत और जज्बे को हर कोई सलाम करता है। मां के साथ पिता की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं। बच्चों की अच्छी शिक्षा व उनके पालन पोषण के लिए दिन-रात टेंपो चला रही हैं। उनके इस कठिन परिश्रम से क्षेत्र की महिलाएं भी प्रेरणा ले रही हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में मिलक जिले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुनीता और शारदा भी मिलक की शान से कम नहीं हैं। नगर के शाहूजी नगर निवासी बबलू बिलासपुर बस अड्डे पर होटल चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। विवाह के कुछ वर्ष बाद बबलू की आकस्मिक मौत हो गई। इससे पत्नी शारदा पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। तीन बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी चुनौती से कम नहीं थी। दो बच्चों को स्कूल भेजना था और एक बच्चे को साथ रखना था। शारदा ने मजदूरी की बजाए खुद का काम करने का निर्णय लिया। जैसे-तैसे कर कुछ रुपये एकत्र किए और लोन पर ई- रिक्शा खरीद कर सड़क पर दौड़ाना शुरू कर दिया। सड़क पर महिला को ई-रिक्शा चलाते देख लोगों ने चर्चाएं शुरू कर दीं। शारदा के इस जज्बे को कई बार विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानित किया। शारदा बताती हैं कि ई- रिक्शा से परिवार का गुजारा नहीं हो पाता था। इसलिए उन्होंने टेंपो लिया और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया। अब वह टेंपो को मिलक से बिलासपुर तक दौड़ाती हैं। इसकी कमाई से बच्चों का पालन-पोषण और टेंपो की किश्त जमा करती हैं। वह सात साल से टेंपो चला रही हैं।

क्षेत्र के दुलीचंदपुर गांव निवासी सुनीता की कहानी भी दर्द भरी है। वह भी पांच साल से टेंपो चला रही हैं। विवाह के कुछ समय के बाद सुनीता पति के साथ हरिद्वार चली गई। वहां पति बीमार हुए तो सुनीता ने पति के ई-रिक्शा का हैंडल थाम लिया। बीमार पति की हालत खराब होते देख वापस गांव लौटने का फैसला लिया और मिलक में ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया। पति की हालत में सुधार होने पर सुनीता ने उन्हें मजदूरी करने रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में भेज दिया। कुछ आर्थिक स्थिति मजबूत होने पर लोन पर टेंपो ले लिया। सुनीता का कहना है कि सड़क पर जाते समय लोग तरह-तरह के कमेंट करते हैं। कहती हैं कि मजदूरी करने वाली महिलाओं को उतना सम्मान नहीं मिलता जितना मिलना चाहिए।



सवारियों का इंतजार करती सुनीता।



आटो की चालक सीट पर बैठी शारदा।

### शारदा 3 और सुनीता करती है छह बच्चों का पालन पोषण

शारदा के दो पुत्र सत्यम ( 13 ) व हनी ( 8 ) वर्ष हैं। उसकी बेटी ज्योति 10 वर्ष की है। सुनीता के दो बेटे अशोक ( 10 ) व राजू ( 15 ) और चार पुत्री कविता ( 14 ), पिंकी ( 12 ), प्रीति ( नौ ) तथा सुमन सात वर्ष की है। शारदा बताती है कि पूरे दिन लड़ाई–झगड़े और संघर्ष के बाद वह 500 से 600 रुपये तक ही कमा पाती है। दोनों महिलाएं अपने बच्चों की ठीक से परवरिश कर रही हैं।

# कला वर्ग के 530 परीक्षार्थियों ने दी सीयूईटी

## तीसरे दिन 82 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी सीयूईटी, 612 के सापेक्ष 530 परीथार्थियों ने दी परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी में शुक्रवार को सीयूईटी की दोनों पालियों में परीक्षा हुई। दोनों पालियों में कला वर्ग के 612 के सापेक्ष 530 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 82 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा कक्ष में सुबह 8:30 बजे तलाशी के बाद परीक्षार्थी पहुंचे।

सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा ( सीयूईटी ) के कला वर्ग के एकाउंटेंसी, राजनीति शास्त्र, इतिहास और बिजनेस स्टडी की परीक्षा हुई। पेपर अच्छा होने पर परीक्षार्थी काफी खुश हुए। हालांकि, राजनीति के चुभते सवालों ने परीक्षार्थियों को कुछ देर के लिए उलझाया लेकिन, पेपर हल कर दिया। दयावती मोदी अकादमी, व्हाइटहाल पब्लिक स्कूल और सेंट पॉल्स पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। शुक्रवार को दयावती मोदी अकादमी में दो पालियों में परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 612 परीक्षार्थियों में से 530 ने परीक्षा दी, जबकि 82 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। सुबह 8:30 बजे परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच तलाशी लेते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में भेजा गया। सुबह 10 बजे परीक्षा शुरू हुई जो एक बजे तक चली। दूसरी पाली तीन से शाम छह बजे तक चली।

तीनों परीक्षा केंद्रों पर 15 मई से सीयूईटी हो रही है। शुक्रवार को केवल दयावती मोदी अकादमी में कला वर्ग के परीक्षार्थियों की परीक्षा हुई। शनिवार को भी एक परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में परीक्षा होगी।





परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



सीयूईटी में पेपर टफ नहीं था। कला वर्ग के प्रश्न पत्रों में राजनीति शास्त्र के पेपर ने कुछ उलझाया था। बाकी पेपर अच्छा हुआ है। – माधव सक्सेना



कला वर्ग के परीक्षार्थियों के लिए प्रश्नपत्र सरल आया है। राजनीति शास्त्र के कुछ सवालों ने परीक्षार्थियों को उलझा दिया था। लेकिन सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिए हैं। – वंश



सीयूईटी में पेपर बहुत अच्छे आए हैं। शुक्रवार को कला वर्ग के परीक्षार्थियों का पेपर अच्छा हुआ है। इससे सभी काफी खुश हैं। –देवांग अग्रवाल



कला वर्ग के परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न पत्र सरल आए हैं। तीन दिन हुई विज्ञान वर्ग के प्रश्न पत्र कुछ कठिन थे। शुक्रवार को पेपर अच्छा हुआ है। – हर्षित

सीईयूटी शाम छह बजे संपन्न हुई। इसके बाद तमाम कापियों को दिल्ली भेज दिया गया है। विज्ञान वर्ग के बाद कला वर्ग की परीक्षा हुई। शनिवार को भी एक परीक्षा केंद्र पर सीईयूटी होगी।

– मनोज पाठक
कोआर्डिनेटर, सीईयूटी



फिजीशियन को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हीमोग्लोबिन का परीक्षण कराया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को महिला सहभागिता कार्यक्रम के तहत मुख्य शाखा ने रामलीला पब्लिक स्कूल की 120 छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कराया।

प्रधानाचार्य कमल आर्या के सहयोग एवं पैथोलॉजी लैब से आए फिजीशियन को सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि परिषद द्वारा अलग-अलग विद्यालयों में प्रतिवर्ष यह परीक्षण कराया जाता है। इस परीक्षण की रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी भी छात्रा का हीमोग्लोबिन निर्धारित मानक से कम आता है तो उसे डाक्टर की सलाह के अनुसार खाद्य पदार्थ परिषद द्वारा दिया जाता है। इस मौके पर रवीन्द्र गुप्ता, माधव गुप्ता, प्रशान्त गुप्ता, अशोक कश्यप, पुष्पा गुप्ता, ललिता पुन्डीर, बबिता गुप्ता, श्वेता वर्मा, अनीता वैश्य एवं मंजू अग्रवाल मौजूद रहीं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# उपज बढ़ोतरी और फसल सुरक्षा पर फोकस करें काश्तकार : भूपेंद्र

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के गांव अजीमनगर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मिल के महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने किसानों से गन्ना उपज बढ़ोतरी और फसल सुरक्षा पर फोकस करने को कहा।

शुक्रवार को हुई कृषक गोष्ठी में महाप्रबंधक ने उपज बढ़ोतरी के लिए गन्ने की ट्रेंच विधि से बुआई, उचित समय पर निराई-गुड़ाई तथा खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करने की कृषकों से अपील की। गन्ने की फसल सुरक्षा के लिए कोराजन की ड्रेंचिंग तथा रेड रोड ( लाल कीट ) की रोकथाम के लिए ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करने पर बल दिया। किसानों से गन्ना सर्वे अपनी उपस्थिति में ही कराने की अपील की। ताकि आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। बताया कि मई के अंतिम सप्ताह में गन्ने पर मिट्टी चढ़ाएं। गन्ना की फसल को गिरने से बचाने के लिए जुलाई के अन्तिम सप्ताह में उसकी बंधाई अवश्य करें। इस दौरान प्रधान राजेंद्र सिंह, फिरासत अली, रिजवान अली, राहत जान, गुलफाम, यूनुस अली, यूसुफ अली, महमूद अली, एहसान अली, चौखे, विजय सिंह, इदरीस, खलील अहमद, अताउर्रहमान आदि मौजूद रहे।



किसानों को फसलों की जानकारी देते त्रिवेणी चीनी मिल के महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह।

- **त्रिवेणी चीनी मिल के तत्वावधान में हुआ किसान गोष्ठी का आयोजन**
- **समय पर खाद व उर्वरक का प्रयोग करने की किसानों से की अपील**

## नालों की सफाई के लिए पॉकलेन मशीन का ट्रायल

**रामपुर, अमृत विचार :** छोटे नालों की सफाई के लिए शुक्रवार को पॉकलेन मशीन का ट्रायल किया गया है। इस दौरान छोटे नालों की सफाई भी कराई गई। यह पॉकलेन मशीन 14 वां वित्त से 20 लाख रुपये से खरीदी गई है।

शहर में इन दिनों पालिका प्रशासन की ओर से नालों की सफाई कराई जा रही है। जिससे कि बरसात में नाले ओवरफ्लो नहीं हो पाए। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डा. अविनाश कुमार ने बताया कि नालों की सफाई के लिए पालिका की ओर से 200 ठेका सफाई कर्मी, दो जेसीबी, एक पॉकलेन मशीन, नालों से निकली स्लिट के लिए चार ट्राली लगाई गई हैं। छोटे नालों की सफाई करने के लिए 14वां वित्त आयोग से 20 लाख रुपये की लागत से पॉकलेन मशीन खरीदी गई है। शुक्रवार को डायमंड रोड स्थित पॉकलेन मशीन का ट्रायल कराया गया।

# पुलिस चौकी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** नगर में स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर पुलिस चौकी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग के कारण आग लग गई। इससे राहगीरों में भगदड़ मच गई। काफी देर की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

नगर में ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं। गर्मी बढ़ने से बिजली की मांग भी बढ़ गई है। गुरुवार की देर शाम स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर पुलिस चौकी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इससे लोगों में भगदड़ मच गई। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार भी मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उधर से गुजर रहे लाइनमैन इंद्र सिंह ने बिजलीघर से आपूर्ति बंद कराने के बाद लोगों की मदद से चौकी में लगे हैंडपंप से बाल्टियों में पानी भरकर ट्रांसफार्मर पर डालकर आग पर काबू पाया।

**घटना**

- **बमुश्किल आग पर काबू पाया राहगीरों में मची भगदड़**



पुलिस चौकी के बाहर जलता ट्रांसफार्मर।

**समस्या** शहरी आबादी झेल रही जाम का दंश, राहगीर परेशान

# बाजार अब्दुल्लाह गंज के डिवाइडर से रोजाना लग रहा जाम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख बाजार अब्दुल्लाह गंज में डिवाइडर होने से आए दिन जाम लग रहा है। इससे लोगों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम की समस्या का समाधान कराने के लिए कई बार लोग प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिल चुके हैं।

बाजार अब्दुल्लाह गंज से लेकर कोतवाली बाजार तक सपा सरकार में लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए डिवाइडर बनाया गया था। लेकिन डिवाइडर बनने के बाद जाम की समस्या और बढ़ गई है। दोनों ओर पांच फिट सड़क बची है। डिवाइडर बनने से सड़क और तंग हो गई है। इसकी वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर दुकानदारों ने भी सड़क पर कई फिट अतिक्रमण कर रखा है। इस मार्ग पर कभी-कभी बाइक तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है। सपा सरकार में करोड़ों रुपयों की लागत से बना डिवाइडर शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बना है।





बाजार अब्दुल्लाह गंज में बना डिवाइडर।

हाईवे पर डिवाइडर लगाने के लिए सड़क की चौड़ाई कम से कम 40 से 45 मीटर होना जरूरी है। शहरी क्षेत्र में डिवाइडर लगाने के लिए सड़क की चौड़ाई कम से कम 14 मीटर होनी चाहिए।

– केवी सिंह, एक्सईएन, निर्माण खंड लोनिवि।

### शार्टकट के चक्कर में चोटिल हो रहे लोग

बाजार अब्दुल्ला गंज में जल्दी निकलने के चक्कर में लोग शार्ट कट की प्रक्रिया अपनाते हैं। रांग साइड पर चलने से ई–रिक्शा, दुपहिया च चार पहिया वाहन की भिंड़त होती है और लोग चोटिल हो जाते हैं।



डिवाइडर हटने से लोगों को आने–जाने में हो रही दिक्कत से काफी हद तक निजात मिलेगी। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। –नादिर कुरैशी



जितने पैसे से डिवाइडर से बनवाए गए थे। इतने पैसे से यदि फैक्ट्री लग जाती तो रोजगार के लिए लोगों को विदेश नहीं जाना पड़ता। –रितिक सक्सेना



शहर की सड़कें पहले ही काफी तंग हैं। डिवाइडर से आए दिन जाम लगता है। इनको हटवाना चाहिए। – रवि कुमार



डिवाइडर हटने से जाम की दिक्कत काफी कम हो जाएगी। लोग आए दिन जाम में फंसे रहते हैं। लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। –अदनान खां

## माता के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मां बगलामुखी की जयंती पर पीताम्बरा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम हुए। रात में हुई भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किए तथा जयकारे लगाए।

पुरानी रामलीला रोड स्थित श्री माता पीतांबारा देवी मंदिर में मां बगलामुखी माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई। दिन में हवन-पूजन आदि धार्मिक कार्यक्रमों के बाद रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया। रुद्रपुर से आए गायक रितेश मनोचा समेत कई कलाकारों ने सुंदर व आकर्षक भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मधुर संगीत के साथ भजनों की प्रस्तुति पर भक्त झूमने व नाचने को मजबूर हो गए। व्यापारी नेता सुनील गुप्ता, भाजपा नेत्री नेहा यादव, रचना भारद्वाज, कंचन लता, तन्वी, पिंकी जैन, उपकार गोयल, सपन अग्रवाल, दीपक यादव आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर



मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

### ईवीएम की सुरक्षा में न हो लापरवाही: डीएम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को मंडी समिति में स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए इंटरनेट व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### पड़ोसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार शांति नगर निवासी महेंद्र सिंह की पत्नी सीता प्रजापति ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि दो मई को वह अपने घर में मजदूरों से पट्टी व रंगाई करा रही थी। जब उसके मजदूरों ने मकान के दक्षिण वाले रास्ते पर लगे दरवाजे पर रंगाई का काम शुरू किया तो पड़ोसी संतोष, उसकी पत्नी दीप्ति व दो अज्ञात युवक आए और घर में घुसकर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने महिला को बचाया। आरोप है कि थाने में रिपोर्ट लिखवाने पहुंची तो सुनवाई नहीं हुई। एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला पुलिस को मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### मुंशी से मारपीट की

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव अहलादपुर करार में ईंट भट्टे पर तैनात मुंशी को 10 से 12 लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। जिला बदायूं के थाना उघेती के गांव पलिया के रहने वाले सत्यपाल पुत्र राम भरोसे ने दी तहरीर में बताया कि वह विकलांग है और सिंह ईंट उद्योग अहलादपुर करारं मुंशी गिरी करता है। 16 मई को जिला रामपुर के मोहल्ला फर्रासान के रंजीत, राजाराम, गांव जैतोली के दिलशाद, इकरार, अहलादपुर करार के कुलदीप आदि ने मारपीट की।

### निराश लौटे आवेदक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन के लिए 16 और 17 मई के मिले अपॉइंटमेंट रद कर दिये गए थे। लेकिन सूचना न मिलने से दूर दराज से आवेदन करने वाले शुक्रवार को डीटीआई कॉलेज पहुंच गए। जिन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

## कटघर के गुलाबबाड़ी में 5445 वर्गमीटर है एरिया, यूपी सिडको है कार्यदायी संस्था, जल्द हो सकेगी जांच

# 22.55 करोड़ से मुरादाबाद में बन रही मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जल्द ही मुरादाबाद में मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थों व दवाओं की गुणवत्ता की जांच हो सकेगी। इससे कम समय में रिपोर्ट मिलने से विभाग का काम आसान होगा। वहीं निजी स्तर पर भी लोग खाद्य पदार्थों की जांच कराकर उसके गुणवत्ता की परख करा सकेंगे। 22.55 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कार्य चल रहा है।

गुलाबबाड़ी में मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला का निर्माण कार्य 22.55 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रणाधीन इस खाद्य प्रयोगशाला का निर्माण 5445 वर्गमीटर एरिया में कार्यदायी संस्था यूपी सिडको करा रही है। सितंबर-अक्टूबर तक इसका निर्माण पूरा होने की उम्मीद है।



गुलाबबाड़ी में बन रही खाद्य प्रयोगशाला। ● अमृत विचार



प्रयोगशाला के अंदर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

- **पूर्णरूप से वातानुकूलित होगी प्रयोगशाला, खाद्य पदार्थ और औषधि सहित चार प्रकार की हो सकेगी जांच**

इसके बाद खाद्य पदार्थों के नमूने की जांच स्थानीय स्तर पर होने से विभाग के काम में तेजी आएगी। जिससे मिलावट के कारोबारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो सकेगी। जिससे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में आसानी होगी।

> मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला का निर्माण यूपी सिडको करा रही है। इसके पूरा होने के बाद खाद्य पदार्थों व दवाओं के नमूनों की जांच जल्द हो सकेगी। कम समय में रिपोर्ट मिलने से जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जल्द और प्रभावशाली कार्रवाई हो सकेगी। अभी स्थानीय स्तर से जांच में लिए गए नमूनों को परीक्षण के लिए वाराणसी की प्रयोगशाला में भेजा जाता था।
> **-अशोक कुमार सिंह,** मंडलीय सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन

### वाराणसी, लखनऊ की नहीं देखनी होगी राह

इस मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला के बनकर तैयार होने के बाद खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच के लिए वाराणसी, लखनऊ, आगरा की राह नहीं देखनी होगी। क्योंकि अभी तक नमूनों की जांच के लिए बाहर भेजा जाता था। जहां से रिपोर्ट मिलने में तीन से चार महीने तो कभी छह महीने तक इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में रिपोर्ट में देरी से मिलावट करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में भी विलंब होता था।

### टेस्टिंग लैब में लगेंगे अत्याधुनिक उपकरण

यूपी सिडको के प्रोजेक्ट मैनेजर अवधेश वर्मा का कहना है कि इस अत्याधुनिक चार मंजिला मंडलीय खाद्य प्रयोगशाला में चार प्रकार के लैब बनेंगे। जिसमें फूड व ड्रग लैब भी शामिल हैं। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों मंडलीय सहायक आयुक्त खाद्य, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, औषधि व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के बैठने के लिए कक्ष बनेंगे। टेस्टिंग लैब भी सभी अत्याधुनिक उपकरण लगेंगे। जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व उसके मानकों की जांच हो सकेगी।

### निर्यात फर्म से तीन क्विंटल कॉपर व निकिल चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत निर्यात फर्म में घुसे नकाबपोश चोरों ने लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मैनाठेर क्षेत्र के उमरी रोड फरीदपुर हमीर स्थित निर्यात फर्म के प्रोडक्शन मैनेजर मोहम्मद जुनैद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13 मई की रात लगभग डेढ़ बजे फर्म में तीन अज्ञात चोर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हो गए।

तीनों चोर फर्म में रखा निकिल और तीन क्विंटल कॉपर चोरी करके ले गए। चोरी की यह घटना फर्म में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मैनेजर का कहना है कि घटना के समय फर्म में नेपोलियन सिक्योरिटी कंपनी का एक सुरक्षा गार्ड व एक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी ड्यूटी पर थे। मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांठ रोड पर चली नगर निगम की जेसीबी, अतिक्रमण ध्वस्त

## कई जगह अधिकारियों से उलझे व्यापारी, काम में दखल न देने की चेतावनी, फुटपाथ घेरने वाले सामान लेकर भागे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांठ रोड पर अतिक्रमण पर जेसीबी शुक्रवार को भी गरजी। पीलीकोठी से लेकर विवेकानंद हास्पिटल तक अभियान चलाकर नगर निगम के अधिकारियों व प्रवर्तन दल के सदस्यों ने अवैध निर्माण ध्वस्त किया। सड़क की पटरियों पर दुकान लगाने वालों को भगाया। जिसने विरोध किया उसका सामान जब्त कर लिया।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा आदि के नेतृत्व में टीम दोपहर में पीलीकोठी से होकर कांठ रोड पर पहुंची। चिह्नित अतिक्रमण को हटवाना शुरू किया। जेसीबी से दुकान के आगे बनाए गए छज्जा और नाली पर बने चबूतरे और लोहे के जाल को टीम ने जेसीबी से तोड़वाया। कई जगह व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध कर मनमानी का आरोप लगाया। इस पर अधिकारियों ने कहा कि पहले से नोटिस देकर स्वयं से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया तो क्यों नहीं हटाया। सरकारी काम में रुकावट बनने पर कार्रवाई करेंगे। इसके बाद व्यापारी पीछे हट गए। टीम ने अवैध तरीके से संचालित खोखे, टीनशेड आदि को तोड़ डाला। चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी।

टीम ने पीएसी चौराहा, हरथला, सिद्ध हास्पिटल होते हुए विवेकानंद हास्पिटल तक सड़क की पटरियों व सार्वजनिक नाले पर किए अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। इस दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, कर निर्धारण अधिकारी, प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही, संपत्ति विभाग के धीरेंद्र सहित क्षेत्रीय सफाई व खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक सहित प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।



कांठ रोड पर अतिक्रमण हटाती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार




कांठ रोड पर फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त करते निगम कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **पीलीकोठी से विवेकानंद हास्पिटल तक अवैध निर्माण ध्वस्त किया**
- **दोबारा अतिक्रमण करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी**

### 87 एलईडी लाइटों की हुई मरम्मत

पथ प्रकाश अनुभाग में आई शिकायतों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने वार्ड 6, 17, 18, 32, 34, 38, 41, 45, 46, 48, 66 में खराब एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई गई। टीम ने लाइन फाल्ट को भी ठीक कराया।

### पेयजल पाइपलाइन की लीकेज ठीक कराई

नगर निगम के जलकल अनुभाग के अभियंताओं की निगरानी में वार्ड 20, 22, 24, 1, 17, 61, 70 आदि में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड 25 व 46 में गंदे पानी आने की शिकायत को भी टीम ने दूर कराया। वार्ड 7, 16, 19, 20, 26, 31, 47 और 48 में सीवर की सक्शन मशीन से सफाई कराई। सीवर लाइन को भी साफ कराया गया।

### नालों की कराई सफाई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर पंडित नगला बाईपास के पास विशेष सफाई अभियान चला। नाले की जल निकासी में अवरोध न हो इसके लिए जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से नाले की तलीझाड़ सफाई कराई गई। नाले से निकले सिल्ट को तत्काल उठवाने का निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने दिया। इसके अलावा वार्ड 49 के मछली बाजार में नाली सफाई व संचारी रोगों के रोकथाम के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

# फाल्ट से पीतल नगरी, गुलाबबाड़ी की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग से तारों में आग लगना और फाल्ट आम बात हो गई है। इन पर काबू पाने में बिजली विभाग विफल होता नजर आ रहा है। गुरुवार की रात को पीतल नगरी और करूला व गुलाबबाड़ी क्षेत्र के एक हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती झेलना पड़ी। रात में हुए फाल्ट के बाद के बाद किसी कर्मचारी ने फोन नहीं उठाया जिससे सुबह तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

शुक्रवार को गुलाबबाड़ी विद्युत उपकेंद्र पर मोहल्ले में रहने वाले लोग सुबह आठ बजे पहुंचे। जहां लाइनमैन को रात एक बजे तारों में लगी आग के बारे में जानकारी दी। तब जाकर सुबह 9 बजे आठ घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। गुलाबबाड़ी के रहने वाले रमेश सैनी ने बताया कि रात भर तीन सौ से अधिक परिवार के लोगों को बिजली के बिना ही रहना पड़ा। वहीं पीतल नगरी में रात साढ़े ग्यारह बजे बलदेवपुरी मोहल्ले के बाहर तारों के जाल में आग लग गई। बिजली कर्मचारियों को जानकारी देने पर जले तारों को दो घंटे बाद सही किया गया। जिसके बीस मिनट बाद दो बजे तारों में दोबारा आग लग गई। जिससे सुबह आठ बजे 6 घंटे तक 250 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं करूला रहमत नगर में रात 12 बजे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। इस ट्रांसफार्मर से 600 उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। करूला निवासी रईसुद्दीन ने बताया कि रात भर मोहल्ले के लोग एसडीओ जेई व लाइनमैन को फोन करते रहे। फोन नहीं उठाया गया। सुबह बिजली उपकेंद्र पर जाकर फाल्ट की जानकारी दी तब जाकर बिजली कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर का फाल्ट सही किया।



विद्युत केबल लेकर जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **रात भर उपभोक्ताओं को नहीं मिली राहत**

### कल होगी पांच मोहल्लों में तीन घंटे बिजली कटौती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के दौलत बाग विद्युत केंद्र से जुड़े कई मोहल्लों में रविवार को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत डिप्टी गंज, झब्बू का नाला, नागफनी, दौलत बाग और दसवां घाट मोहल्ले में उपकरण बदले जाएंगे। जिसके लिए सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बिजली कटौती रहेगी। तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इससे उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में पानी की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए शटडाउन प्लान पहले से निर्धारित किया गया।



अगवानपुर में ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हड़कंप

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** अचानक ट्रांसफार्मर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप में लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की लपटें देखकर लोगों ने विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन किया। काफी देर बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बाद में काफी मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर की आग पर तब काबू पाया गया।

### महिला के साथ मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपनी सास व ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की। थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार निवासी दिपन्ति सिंह उर्फ खुशबू ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी सास समिष्ठा गुप्ता, ससुर सुशील गुप्ता, नंद पूजा गुप्ता व उसका पति विमल गुप्ता आए दिन उसके साथ मारपीट कर करते हैं। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की थी। जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोटें आई थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**उपलब्धि** — टॉप टेन में मंडल का रामपुर, सम्भल और बिजनौर जिला भी शामिल, गेहूं खरीद में आई तेजी

# गेहूं खरीद प्रतिशत में मुरादाबाद प्रदेश में टॉप पर, हमीरपुर को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद में अब तेजी आई है। मुरादाबाद जिला प्रदेश में खरीद प्रतिशत में प्रदेश में टॉप पर है। हमीरपुर जिला इस सूची में दूसरे स्थान पर है। टॉप टेन की लिस्ट में मुरादाबाद मंडल का रामपुर, सम्भल और बिजनौर जिला भी शामिल है। मुरादाबाद जिले में 76,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 4047 किसानों से 32764.66 एमटी की खरीद हुई है, जो 43.11 प्रतिशत है।

शासन ने इस बार गेहूं खरीद में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए एक मार्च से ही खरीद शुरू कर दी थी। इसके लिए जिलों व मंडलों को लक्ष्य निर्धारित किया गया। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए शासन ने नोडल अधिकारियों को क्षेत्रवार नामित किया। जिन्होंने अपने अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक और केंद्रों का निरीक्षण किया। पिछले दिनों मुरादाबाद संभाग के नोडल अधिकारी कामता प्रसाद सिंह ने मुरादाबाद, बिजनौर आदि जिलों में केंद्रों का निरीक्षण कर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर खरीद बढ़ाने और गेहूं का अवैध भंडारण व परिवहन रोकने के लिए निर्देश दिया था। जिसके क्रम में जिला खाद्य अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर कई जगहों से ट्रकों व ट्रालियों में लदा गेहूं पकड़ा। सरकारी केंद्रों पर खरीद के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया। जिसके चलते अब खरीद प्रतिशत में मुरादाबाद प्रदेश में पहले और मात्रात्मक आधार पर 5वें स्थान पर है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि मुरादाबाद जिले व मंडल में गेहूं खरीद बढ़ाने पर हर दिन जोर दिया जा रहा है। केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही किसानों से भी संपर्क कर रहे हैं। गेहूं का अवैध भंडारण व संचरण रोकना प्राथमिकता है।



गेहूं लदा डीसीएम पकड़े जाने पर जानकारी लेते जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह।

### काशीपुर जा रहा गेहूं लदा डीसीएम पकड़ा, सरकारी केंद्र पर कराई खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद के साथ उसका अवैध भंडारण व रोकने में जुटे अधिकारियों को शुक्रवार को भी सफलता मिली। रामपुर रोड पर मूंढापांडे टोल के पास गेहूं लदे डीसीएम को रोका जो उत्तराखंड के काशीपुर ले जाया जा रहा था। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने किसान से बात कर उसे सरकारी केंद्र पर तौल कराया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी रामपुर रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक डीसीएम मूंढापांडे टोल के पास दिखाई दिया। उसे रोका तो पूछताछ में चालक ने बताया कि 250 क्विंटल गेहूं लदा है जिसे उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहा है। किसान के बारे में उन्होंने चालक से जानकारी ली। उसे मौके पर बुलाया और बातचीत कर समझाया। कहा कि सरकारी केंद्र पर खरीद से किसान को उचित मूल्य मिलेगा। सरकार के द्वारा 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य निर्धारित है। भुगतान भी एक दो दिन में हो जाएगा। इसके बाद किसान के राजी होने पर पास के सरकारी केंद्र पर गेहूं की तौल कराया। इस दौरान विपणन निरीक्षक राघवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### गेहूं खरीद में प्रथम दस जनपद (खरीद मीट्रिक टन में)

| जिला | आवंटित लक्ष्य | कुल खरीद | किसानों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 76,000 | 32,764.66 | 4047 | 43.11 |
| हमीरपुर | 62,000 | 26,378.66 | 4394 | 42.54 |
| मऊ | 35,000 | 13733.13 | 2861 | 39.24 |
| महोबा | 38,000 | 14091.05 | 3002 | 37.08 |
| जालौन | 99,000 | 31,497.25 | 6017 | 31.82 |
| सम्भल | 96,000 | 27,429.73 | 3486 | 28.57 |
| मिर्जापुर | 72,000 | 20,328.22 | 4074 | 28.23 |
| झांसी | 99,000 | 25,006.79 | 4854 | 25.26 |
| रामपुर | 1,57,000 | 37,845.61 | 3737 | 24.11 |
| बिजनौर | 38,000 | 9,131.71 | 2069 | 24.03 |

### प्रथम पांच मंडलों की स्थिति (खरीद मीट्रिक टन में)

| मंडल का नाम | आवंटित लक्ष्य | कुल खरीद | किसानों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| चित्रकूट | 2,04,000 | 56,090.81 | 11211 | 27.50 |
| मुरादाबाद | 4,05,000 | 1,10,719.28 | 14166 | 27.34 |
| झांसी | 2,94,000 | 69,219.80 | 13169 | 23.54 |
| आजमगढ़ | 2,01,000 | 42,672.79 | 8733 | 21.23 |
| मिर्जापुर | 1,76,000 | 37,286.66 | 7136 | 21.19 |

## एक नजर



अरेना एनीमेशन के 26 साल पूरे होने पर केक काटते डायरेक्टर संजय धवन व अन्य।

### अरेना एनीमेशन ने 26 साल पूरे होने पर काटा केक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अरेना एनीमेशन ने शुक्रवार को 26 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में कैंपस में विद्यार्थियों के बीच में केक सेरेमनी का आयोजन किया। सेंटर डायरेक्टर संजय धवन ने बच्चों को 26 साल में जो चुनौतियां और जो उपलब्धियां रही उनके बारे में विस्तार से बताया। यदि हम अपने कोर्स में 6 से 8 घंटे की रेगुलर प्रैक्टिस करते हैं। तब हम विश्व में कहीं भी नौकरी के लिए जा सकते हैं। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह के साथ केक सेरेमनी में भाग लिया। इस दौरान सेंटर हेड भावना धवन ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार, मोहन पाल, पिंकी मल्होत्रा, शिवानी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# स्टंटबाज युवक की बाइक से चार साल के मासूम की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मासूम की मौत से परिवार में मचा कोहराम, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टंटबाज बाइक सवार की टक्कर से चार साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है।

थाना मझोला के भोला सिंह की मिलक निवासी मोहम्मद मुंशीद स्कूल बच्चों के ड्रेस सिलने का काम करते हैं। उनके परिवार में पत्नी शबनम जहां, तीन बेटे उवैश, शावेज और मोहम्मद रजा उर्फ अल्तमस और दो बेटियां अक्शा व अलीशा हैं। मुंशीद के भाई रिजवान ने बताया कि बताया कि गुरुवार रात लगभग नौ बजे उनकी भतीजी अक्शा सबसे छोटे भाई मोहम्मद रजा उर्फ अल्तमस (4) को लेकर मेडिकल स्टोर से मां के लिए दवा लेने जा रही थी। घर के पास ही भोला सिंह की मिलक की नई मढैया निवासी युवक स्टंटबाजी करते हुए वहां पहुंच गया। उसने बहन से साथ चल रहे मोहम्मद रजा को बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। इतना ही नहीं रजा बाइक में फंस गया कर कुछ दूर घिसटता चला गया। बाद में बाइक उसके ऊपर गिर गई। हादसे में मोहम्मद रजा गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक सवार युवक मौके से भाग निकला। परिजन आनन-फानन में घायल मोहम्मद रजा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे हायर मेडिकल सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में कांठ रोड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को गमगीन माहौल में उसे सुपुर्दे खाक किया गया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सोनकपुर स्टेडियम में उपलब्ध हैं एथलेटिक्स की सुविधाएं, कोच ललिता दे रहीं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

# खेल में कॅरिअर बनाने के लिए मैदान में पसीना बहा रहे एथलीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में एथलेटिक्स के खिलाड़ी कॅरिअर बनाने के लिए मैदान में पसीना बहा रहे हैं। यहां विभिन्न खेलों के एथलीट अभ्यास करने पहुंच रहे हैं। कोच ललिता इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही हैं।

सोनकपुर स्टेडियम में लांग जम्प, शॉर्ट जम्प, रनिंग समेत अन्य खेलों के प्रशिक्षु पहुंच रहे हैं। यहां पर एथलेटिक्स के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। अगर आप भी एथलेटिक्स में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हैं तो जल्द से जल्द यहां पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं।

**इन खिलाड़ियों ने कमाया नाम:** एथलीट अभिषेक पाल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई पदक अपने नाम किए हैं। अब वह सेना में कार्यरत हैं। यश तोमर और अंश ने भी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। लांग जम्प में सोनिया ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर महानगर का नाम रोशन किया है। मुरादाबाद एक्सप्रेस नाम से मशहूर जैनुल आबेदीन ने भी देशभर में नाम कमाया है।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### ऐसे करें आवेदन

एथलेटिक्स में आवेदन की प्रक्रिया बहुत आसान है। यहां आपको सीधे कार्यालय में पहुंचना है। अपना आधार कार्ड लेकर आना होगा। इसके बाद पसंदीदा खेल में आवेदन कर सकते हैं। कोच के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि 18 साल से कम आयु के बच्चों के लिए प्रति साल 210 रुपये फीस रखी गई है। जिस दिन आप आवेदन करेंगे, उसी दिन से अभ्यास शुरू कर सकते हैं।



मैंने हमेशा से दौड़ में अपना कॅरिअर बनाना चाहा है। अभी तक में कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका हूं। मेरा लक्ष्य देश की ओर से खेलना है।
– **यश तोमर,** (एथलीट)



खेलों में कॅरिअर बनाने लिए अब बहुत रास्ते हैं। आपको सिर्फ घर से बाहर निकलना पड़ेगा। खेल आपके हर सपने को पूरा करेगा। बस पूरी लगन से खेलना होगा।
– **अंजू,** (एथलीट)



अब लड़कों के साथ लड़कियां भी कंधे से कंधा मिलाकर खेलों में अपना नाम रोशन कर रही हैं। खेलों में अपना 100 प्रतिशत देने से आपको कामयाबी जरूर मिलेगी।
– **कशक,** (एथलीट)



पहले मुरादाबाद में खेलों के लिए इतने मौके नहीं थे। मगर, अब सोनकपुर स्टेडियम समेत विभिन्न स्कूलों में एकेडमी खुल गई हैं। जिससे अब सबके लिए मौके ही मौके हैं।
– **मानषी चौधरी,** (एथलीट)

### महिला ने जेठ पर लगाया अश्लीलता का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र की महिला ने पति, जेठ व जेठानी पर दहेज की खातिर प्रताड़ित करने और जेठ पर अश्लीलता करने का आरोप लगाया है। एसएसपी कार्यालय से नागफनी पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

थाना नागफनी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 29 जून 2018 को कांशीरामनगर निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता के अनुसार साल 2022 में वह बिजनौर जिले के चांदपुर कस्बे में रहती थी। जेठ पीड़िता के पति के साथ संयुक्त रूप से पारिवारिक दुकान को बेचने के लिए प्रयासरत थे। पीड़िता का आरोप है कि उसी दौरान जेठ ने उसके साथ अश्लीलता और छेड़छाड़ की। महिला ने बताया कि 15 मई को वह अपनी बुआ के घर थी, उसी समय आरोपी जेठ ने एक बार फिर उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जेठ और जेठानी ने मारपीट कर गला घोटने की कोशिश की। पति ने भी मारपीट की। उसने मायके में सूचना दी तो माता-पिता आरोपियों से मुलाकात करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। इस मामले में एसएसपी कार्यालय से नागफनी पुलिस को जांच कर कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# स्कूली व टूरिस्ट बसों समेत 23 वाहन सीज

## बिना फिटनेस और परमिट के चल रहीं स्कूल बसें, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़े

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- संभागीय परिवहन विभाग की ओर से पाकबड़ा में हाईवे पर चलाया गया चेकिंग अभियान

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों ने नियम तोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में एक टूरिस्ट व तीन स्कूल बसों सहित 23 वाहन सीज किए हैं। जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपर बिना परमिट के रेत के खनन पर चल रहे थे। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि स्कूली बस बिना परमिट व फिटनेस के बच्चों को ले जा रही थीं। वहीं पकड़ी गई टूरिस्ट बस बिना परमिट के सवारियां ढोते हुए मिली।

बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे स्कूली वाहन और निजी बसों को लेकर संभागीय परिवहन विभाग अब हरकत में आ गया है। दिल्ली रोड स्थित पाकबड़ा में एआरटीओ प्रवर्तन निर्मल आनंद ने शुक्रवार को हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें ग्लोबल पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को छोड़कर वापस जा रही थी। बस रोककर चालक से बस के कागज मांगे तो बस चालक के पास परमिट नहीं था। वहीं कांठ क्षेत्र में दो स्कूली बसों को रोका गया। वे बसें भी बिना परमिट के चलाई जा रही थीं। दिल्ली रोड पर दिल्ली से बरेली सवारी लेकर जा रही टूरिस्ट बस के चालक को रोका और सवारियों को ढोने का परमिट दिखाने को कहा। लेकिन, परमिट न होने की स्थिति में एआरटीओ ने बस में बैठी सवारियों को रोडवेज की बस में बैठाया। एआरटीओ ने तीनों स्कूली वाहनों समेत चारों बसों को सीज कर संबंधित थाने में खड़ा करा दिया।

इसके अलावा पाकबड़ा क्षेत्र में 8 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को बिना परमिट के रेत, ईंट ढोते पकड़ लिया। जिसे मौके पर ही सीज कर संबंधित थाना पाकबड़ा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं गुरुवार को की गई चेकिंग में बिना परमिट व बिना फिटनेस रेत ढो रहे 4 डंपरों को पकड़ लिया गया था। चालकों से परमिट मांगने पर किसी के पास भी मौके पर परमिट नहीं मिला। वहीं अलग-अलग भट्ठों पर ईंटें ढो रहे 7 ट्रैक्टर ट्रॉली को बिना परमिट के सीज कर दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि सभी वाहन नियमों की अनदेखी कर चल रहे थे। जिसमें सभी वाहनों को सीज कर संबंधित थानों की सुपुर्दगी में दिया गया है।






दिल्ली रोड पर चेकिंग के दौरान बिना परमिट के दौड़ रही स्कूल और टूरिस्ट बस पर कार्रवाई करते एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल।

### बिना पंजीकरण अस्पताल संचालन पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामपुर रोड पर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ रामपुर रोड स्थित सनराईस अस्पताल में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान अस्पताल में आस मोहम्मद शैक्षिक योग्यता डी-फार्मा मेडिकल स्टोर संचालित करते पाया गया। तनु शैक्षिक योग्यता एएनएम नर्सिंग का कार्य करती पाई गई। इंटर का छात्र इमरान नर्सिंग का कार्य और इंटर की छात्र संजना रिसेप्शन का कार्य करती पाई गई। इसके अलावा अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर संचालित पाया गया। जबकि ओटी कल्चर संबंधित कोई अभिलेख नहीं मिले। अस्पताल में बीयूएमएस शकील अहमद लैब संचालित करते पाए गए। अस्पताल में दो प्राईवेट बेड, जनरल वार्ड में 15 बेड, इमरजेंसी वार्ड में दो बेड मिले। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट आदि से संबंधित कोई भी एनओसी नहीं मिली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं हुआ था। जिसके बाद उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा कटघर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दहेज के लिए निर्यातक ने पत्नी को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला थाने में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र में एक निर्यातक ने दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी को सरेराह तीन तलाक दे दिया। पीड़ित महिला ने इस मामले में पति समेत ससुराल के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नागफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ले में रहने वाली पीड़ित महिला ने महिला थाने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी मुगलपुरा थाना क्षेत्र के लालबाग निवासी निर्यातक के साथ नौ अक्टूबर 2013 को हुई थी। दंपती का एक बेटा है। पीड़िता का कहना है कि शादी में मिले दहेज से पति, ससुर, सास, जेठ, जेठानी, ननद नाखुश थे। शादी के बाद से ही पीड़िता को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था। लग्जरी कार और एसी के लिए महिला को तरह-तरह पीड़िता किया गया। पीड़िता को ससुराल में पति चला कि पति शादी से पहले ही एक दूसरी लड़की से प्रेम करता था, लेकिन दहेज के लिए परिवार के लोगों ने उसकी शादी पीड़िता से करा दी थी। पीड़िता के सामने ही निर्यातक अपनी प्रेमिका से फोन पर बात करता था। इतना नहीं महिला को चाय में नशीली गोलियां दी जाती थी। इसके बाद पति अपनी प्रेमिका को घर में बुला लेता था। महिला के विरोध करने पर उसके मारपीट की गई। इसके बाद निर्यातक अपनी प्रेमिका को घर में ले आया और पत्नी के साथ ही उसे भी रखा। पीड़िता का आरोप है कि ससुर और जेठ पीड़िता पर गलत नजर रखते थे और उसका वीडियो बनाकर लोगों को दिखाते थे। 11 दिसंबर 2023 को पीड़िता अपने मायके चली गई थी। पीड़िता के बच्चे को भी आरोपियों ने अपने घर में छिपाए रखा है। 31 अक्तूबर 2023 को महिला अपनी मां के साथ डॉक्टर से दवा लेकर लौट रही थी। रास्ते में पति मिल गया। आरोप है कि यहां पति ने महिला को तीन तलाक देकर संबंध खत्म कर दिए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। एक नवंबर 2023 की सुबह 10 बजे पति महिला के मायके पहुंचा और माफी मांगने लगा और अपने घर ले जाने लगा। पीड़िता ने आरोपी के साथ जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आरोपी महिला और उसके मायके वालों को जान से मरवाने की धमकी देकर भाग गया।

# महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो साल पहले पड़ोसी युवक ने महिला से किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार:** महिला से दुष्कर्म करने वाले पड़ोसी युवक को कोर्ट ने 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। शुक्रवार को एडीजे-दस योगेन्द्र चौहान ने फैसला सुनाते हुए दोषी पर 14 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है, जिसमें पीड़िता को जुर्माने की आधी धनराशि देने के आदेश भी दिए हैं।

जनपद की कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव में दो साल पहले दुष्कर्म की घटना हुई थी। जिसमें पीड़िता ने 27 जून 2022 को मामले में तहरीर देकर बताया कि उसका पति काशीपुर में फर्म में नौकरी करता है। घटना वाले दिन पति काशीपुर गया था। इस दौरान सुबह पड़ोसी राजू उसके घर में घुस गया और उसे पकड़कर जबरदस्ती की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर राजू के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया। इस मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट में हुई। एडीजीसी दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि केस की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अपने बयानों में दुष्कर्म की पुष्टि की। मुकदमे में पीड़िता समेत छह लोगों ने आरोपी के खिलाफ बयान दर्ज कराए। कोर्ट ने पीड़िता के बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर राजू को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा और 14 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने में से आधी राशि पीड़िता को देने के भी आदेश दिया है।

### इग्नू में 30 जून तक करा सकेंगे ऑनलाइन प्रवेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इग्नू के अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज में जुलाई सत्र में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इग्नू के पाठ्यक्रमों के बारे में इग्नू अध्ययन केंद्र हिन्दू कालेज की ओर से जागरूक किया जा रहा है। ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून है।

कोआर्डिनेटर प्रो. आनंद के सिंह ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट www. ignou. ac.in पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हिन्दू कालेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र पर बीए, बीएससी, बीकॉम के साथ साथ बीबीए, एमबीए, बी.लिब. और एम.लिब., एमएसडब्लू, पत्रकारिता में यूजी और पीजी कोर्स, एमसीए तथा डीएनएचई जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित हैं। एससी कैटेगरी के अभ्यर्थियों को शुल्क में छूट भी प्रदान की जाएगी।



रेलवे स्टेडियम में क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

### भव्या हॉस्पिटल को 8 विकेट से हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम में चल रही सीपीएल क्रिकेट लीग में शुक्रवार को एक मैच खेला गया। इसमें अभिनंदन टीम ने भव्या हॉस्पिटल को 8 विकेट से हरा दिया। टीम के लिए शोएब ने 54 गेंदों पर 91 रनों की शानदार पारी खेली। इसमें उन्होंने 10 चौके और 3 छक्के लगाए।

भव्या टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। टीम के लिए रिषभ सोनी 47, अभय चौहान 39 रनों की पारी खेली। अभिनंदन के लिए अक्षु बाजवा, मोहम्मद खीजर और नितिन सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिनंदन टीम ने 16.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 175 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए शोएब सिद्दिकी 91, सूर्या 46 रनों की पारी खेली। शोएब को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा प्राप्त निर्देशों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद डॉ. अजय कुमार-द्वितीय के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया । सम्प्रेक्षण गृह किशोर में निरुद्ध किशोरों को उनके अधिकारों से जागरूक करने के उद्देश्य से एक विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर का भी आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वाधान में किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, में कुल 113 किशोर निरुद्ध हैं। जबकि किशोरों के रुकने की क्षमता 100 की है। सम्प्रेक्षण गृह किशोर में जनपद के कुल 27 किशोर निरुद्ध हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किरन बाला द्वारा उपस्थित किशोरों को निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में बताया गया। किशोरों को पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम के संबंध में बताया गया। किशोरों की विधिक समस्याओं को सुना गया व उनका निराकरण करने हेतु अधीक्षक को उचित सुझाव दिए गए। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तौगी, सहायक अध्यापक जसवीर सिंह एवं बलराम सिंह, सहायक अध्यापिका दीक्षालता सिंह, सपना तथा प्राधिकरणकर्मी ईशु शर्मा उपस्थित रहे।



राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर के निरीक्षण के दौरान जानकारी देते प्रभारी अधीक्षक।

# मां पीताम्बरा देवी का जन्मोत्सव मनाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को मां पीताम्बरा बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर नीम की प्याऊ पटपट सराय में हुआ।

सुबह सबसे पहले मां पीताम्बरा बगलामुखी महायज्ञ श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी, आचार्य कामेश्वर मिश्र, पंडित तेजनारायण मिश्र द्वारा कराया गया। इसके बाद भजनों द्वारा मां का गुणगान मनोज दीवाना, मोहिनी अरोड़ा द्वारा किया गया। कीर्तन संचालन पारस गुप्ता द्वारा किया गया। फिर महाप्रस्थान भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, सुधीर श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, मल्लू अम्बरीश सक्सेना, गोपाल गर्ग, विपिन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अखिलेश सक्सेना, विपिन गुप्ता, विकास ममगाईं, अभिषेक शर्मा, दिनेश अग्रवाल, सुमन सक्सेना, नीलम अग्रवाल, मधु सक्सेना, अर्चना अग्रवाल, अंजु सक्सेना, शीला श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, अनुराधा तोमर आदि मौजूद रहे।



शिव मंदिर पटपट सराय में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**क्रिकेट लीग** एमपीएस में चल रही क्रिकेट लीग में हुए सेमीफाइनल मैच, एमपीएस और द आर्यंस ने अपने-अपने मैच जीते

# एमपीएस स्कूल और द आर्यंस के बीच होगा फाइनल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में चल रही क्रिकेट लीग में शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले मैच में एमपीएस ने सेंट मीरा को हराया, जबकि दूसरे मैच में द आर्यंन ने महाराजा अग्रसेन कालेज को हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।

पहला सेमीफाइनल मैच एमपीएस स्कूल और सेंट मीरा के बीच खेला गया। इसमें सेंट मीरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमपीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। टीम के लिए वंश 35, विशाल 21 और उत्कृष ने 19 रनों का योगदान दिया। वहीं सेंट मीरा के लिए गेंदबाजी में अनमोल ने दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट मीरा टीम बुरी तरह विफल हुई और 7.4 ओवर में 32 रनों पर आलआउट हो गई और मैच 101 रनों से हार गई। एमपीएस के लिए सात्विक ने 1.4 ओवर में 5 विकेट लिए। वहीं संस्कार सैनी के हिस्से में दो विकेट आए। सात्विक को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच द आर्यंस और महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इसमें महाराजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। द आर्यंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 54 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए।

टीम के लिए दिपांशु 44, अभिनव सिंह 29 रन की पारी खेली। महाराजा टीम के लिए देव ने दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराजा टीम 13 ओवर में 63 रन बनाकर आलआउट हो गई और मैच 92 रनों से हार गई। आर्यंस के लिए दिपांशु 3 और शिवम गुप्ता ने 2 विकेट लिए। दिपांशु को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।



एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही क्रिकेट लीग की विजेता टीम साथ में मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### रजपुरा में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने बिना कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव शुक्रवार सुबह जंगल में शीशम पेड़ के सहारे फंदे पर लटका देखा। लोगों ने शव को लटका देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत की वजह साफ नहीं है। बताया गया कि युवक ने पारिवारिक कलह में फंदे से लटककर आत्महत्या की है।

### मूसापुर में मारपीट कर जेवर छीनने का आरोप

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर ईसापुर निवासी सतपाल की पत्नी राधा शुक्रवार सुबह पांच बजे गोबर डालकर घर आ रही थी। मोहल्ला के ही एक व्यक्ति, उसकी पत्नी व भाई ने राधा को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि महिला व सगे भाई राधा के साथ लात घूसों से मारा पीटा। शोर को सुनकर सतपाल अपने परिजनों सहित मौके पर पहुंचा तो महिला व सगे भाई राधा के कानों से सोने के कुंडल व गले से चैन खींचकर भाग गए।

### घर में घुसकर किशोरी को पीटा, पुलिस से शिकायत

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी सचिन कुमार ने थाने में तहरीर दी। बताया कि गुरुवार शाम परिजन खेत पर काम करने गए हुए थे। उसकी 14 वर्षीय बहन दीक्षा घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव का ही एक किशोर उसके के घर में घुस आया और अकेला देखकर दीक्षा के साथ लात घूसों से मारपीट करने लगा। किशोर के दो साथी आसपास में स्थित छतों पर खड़े होकर आने जाने वालों पर निगाह रख रहे थे और एक किशोर फोन पर मारपीट करने वाले अपने साथी को बात बता रहा था।

### अभियान चला साफ करें नाले, होगी टेंडर प्रक्रिया

संभल अमृत विचार : नगर पालिका परिषद क्षेत्र में 40 नाले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नाले साफ करा दिए हैं जबकि शेष नालों पर सफाई अभियान चल रहा है। ईओ आनंद कुमार कटारिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण जो नाले मशीनों से साफ नहीं किए जा सकते उनकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकी। नालों की सफाई कराई जाएगी।

# नगर पालिका ने शुरू कराई वाटर कूलरों की मरम्मत

**अमृत विचार**
**खबर का असर**

- कई क्षेत्रों में कराई गई वाटर कूलरों की मरम्मत, लोगों को मिलने लगा ठंडा पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल


खराब वाटर कूलर ठीक करता नगर पालिका परिषद का कर्मचारी।

**अमृत विचार :** गर्मी में वाटर कूलर खराब होने के मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया तो नगर पालिका प्रशासन ने संज्ञान लिया। पालिका ने संभल शहर में वाटर कूलरों की मरम्मत शुरू कराई है, जो अंतिम चरण में है। वाटर कूलर सही होने से लोगों को प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी मिलने लगा है। वे सहूलियत महसूस कर रहे हैं।

शहर में कई स्थानों पर प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगे हैं, लेकिन काफी समय से ये खराब पड़े थे। अमृत विचार ने 24 अप्रैल के अंक में पेज 8 पर खराब पड़े हैं वाटर कूलर, गर्मी में कैसे बुझे प्यास...शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो नगर पालिका प्रशासन चेत गया। इसके बाद नगर पालिका ने वाटर कूलरों की मरम्मत शुरू कराई। जल निगम के जेई ललतेश कुमार ने बताया कि करीब 70 वाटर कूलर मरम्मत के बाद सही हो गए हैं।

## दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेल करने का आरोपी पकड़ा

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म करते समय वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालान कर दिया।

मोहल्ला चौधरी सराय निवासी वसीम ने आते जाते समय दूसरे मोहल्ला की युवती को छह वर्ष पहले प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया था। उसने दुष्कर्म करते समय फोन से वीडियो बना लिया था। तभी से वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। युवती ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने शिकायत की तो आरोपी के परिजन युवती के साथ निकाह करने के लिए राजी हो गए। युवक 12 मई को अपने परिजनों सहित युवती के घर पहुंचा और गाली गलौज कर शादी करने से मना कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने वसीम को गिरफ्तार कर लिया।

### भीषण गर्मी में चौराहों पर पसरा सन्नाटा, लोगों ने लिया शीतल पेय पदार्थों का सहारा

# तपिश से झुलस रहा शरीर, पारा 42 डिग्री सेल्सियस

कार्यालय संवाददाता, संभल


चौधरी सराय चौराहा पर कपड़े से चेहरा ढककर जाती महिला।


तहसील कार्यालय पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इस माह सूर्यदेव के तेवर तल्ख हो गए हैं। आसमान से आग बरस रही है। घरों से बाहर निकलते ही गर्म हवा के साथ तपिश से लोगों का शरीर झुलस रहा है। शुक्रवार को गर्मी से लोग बेहाल हो गए। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए प्रयास किए, लेकिन दिक्कतें बढ़ी रहीं। दोपहर में पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। इस बीच सरकारी कार्यालयों, चौराहों, मार्गों और बाजारों में सन्नाटा छाया नजर आया।

मई में गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। हालात ये हैं कि सुबह से ही चिलचिलाती धूप से लोगों का पसीना टपकना शुरू हो जाता है। शुक्रवार को भी भीषण गर्मी में लोग दिक्कतों से जूझते नजर आए। कामकाज के लिए निकले लोगों ने तेज धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा रखा तो आंखों के बचाव को चश्मे का इस्तेमाल किया। कई बाइक सवारों ने हाथों में ग्लव्स पहने। जैसे ही गर्मी बढ़ी तो दुश्वारियों में भी इजाफा होने लगा।

दोपहर करीब एक बजे चौधरी सराय चौराहा पर सन्नाटा पसरा नजर आया। संभल-बहजोई मार्ग पर भी रौनक कम दिखी। नई तहसील कार्यालय पर लोगों की संख्या कम दिखी।

मुख्य बाजार में लोगों ने खरीदारी से परहेज किया तो दुकानदार खाली बैठे नजर आए। गली मोहल्लों में लोग नहीं दिखाई दिए। लोगों ने घरों में रहकर पंखे और कूलर की हवा में समय व्यतीत किया। दोपहर दो बजे से पारा बढ़कर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी के बीच स्कूली बच्चों ने घरों का रुख किया। जो लोग जरूरी कार्यों से बाहर रहे, उन्होंने शीतल पेय पदार्थों का सहारा लिया। लेकिन, कुछ समय बाद गला सूखने लगा। शाम साढ़े पांच बजे तक तेज धूप रही।

# एएनएम के आवास में 4.60 लाख की चोरी

### रजपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घटना, टीकाकरण करने गई थी एएनएम

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा


चोरी के बाद आलमारी दिखातीं एएनएम लक्ष्मी देवी। ● अमृत विचार


एएनएम के आवास में चोरी के बाद सीसीटीवी फुटेज देखती पुलिस।

- सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले गए चोर, पुलिस जांच में जुटी
- एएनएम के देवर ने घटना के बारे में दी जानकारी

अमृत विचार : रजपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आवासीय परिसर में चोरों ने दिनदहाड़े एएनएम के आवास को निशाना बनाया। आवास का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत 4.60 लाख रुपये का माल ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली। चोरी से सीएचसी स्टाफ में भी खौफ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा के आवासीय परिसर स्थित आवास में एएनएम लक्ष्मी देवी पत्नी ओमकार सिंह रहती है। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे वह गांव पतेई नासिर में टीकाकरण करने के लिए गई थीं। उन्हें देवर राजेश कुमार छोड़ने के लिए गया था। इस बीच चोरों ने लक्ष्मी के तीसरी मंजिल पर आवास को निशाना बना लिया। करीब 11.30 बजे राजेश कुमार लौट आया, जैसे ही आवास पर पहुंचा तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा देखकर होश उड़ गए। अंदर पहुंचा तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था।

आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और नकदी गायब थी। राजेश ने एएनएम लक्ष्मी देवी को सूचना दी तो वह भी पहुंच गई। आवास में चोरी की जानकारी होने पर सीएचसी स्टाफ जुटने लगा। सूचना के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह भी पहुंच गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली।

एएनएम की सूचना पर गाजियाबाद से पति ओमकार सिंह भी पहुंचे। एएनएम के अनुसार, चोर चार लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर और 60 हजार रुपये की नकदी चुराकर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि चोरी के मामले की जांच की जा रही है।

### रेस्टोरेंट के ताले तोड़कर हजारों का माल चुराया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा के पास गुरुवार रात चोरों ने रेस्टोरेंट के ताले तोड़ कर हजारों का माल चुरा लिया। घटना से दुकानदारों में रोष है। उन्होंने शीघ्र खुलासे की मांग की है। गांव देवरखेड़ा स्थित मोहल्ला अशोकनगर निवासी आशु गुप्ता का गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर हंगरी नाम से रेस्टोरेंट है। गुरुवार रात साढ़े 10 बजे आशु रेस्टोरेंट बंद कर घर चला गया। शुक्रवार सुबह सात बजे वह रेस्टोरेंट पर पहुंचा तो शटर में लगा ताला गायब था। शटर उठा कर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। गल्ला खुला था। पीड़ित ने बताया कि गल्ले में रखे पांच हजार रुपये समेत दो गैस सिलेंडर, एक इन्वर्टर व एक बैटरा व अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

## प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने वालों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

- एसपी के निर्देश पर गुन्नौर रजपुरा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से सपा और भाजपा के प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने वाले लोगों के खिलाफ गुन्नौर व रजपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर हुई है।

लोकसभा चुनाव को लेकर नतीजे आने में अभी वक्त है, लेकिन बदायूं लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर शर्तें लगने का सिलसिला चल रहा है। पहले गुन्नौर तहसील क्षेत्र में थाना रजपुरा अंतर्गत गांव पतेई नासिर निवासी विजेंद्र सिंह और नीरेश कुमार के बीच शर्त लगी थी। दोनों ने ई स्टाम्प तैयार कराकर गवाहों के हस्ताक्षर भी कराए थे। अनुबंध पत्र में कहा गया था कि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य की जीत होती है तो नीरेश कुमार विजेंद्र सिंह को 2.30 लाख रुपये देंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्यवीर विजयी होते हैं तो विजेंद्र सिंह नीरेश को 2.30 लाख रुपये देगा। इसके बाद गांव पतेई कायस्थ निवासी संजय लम्बरदार और गांव डूडाबाग निवासी ओमप्रकाश ने शर्त लगाई। ई-स्टाम्प पर लिखित अनुबंध में कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। ओमप्रकाश द्वारा संजय को डेढ़ लाख रुपये दिए जाएंगे, जबकि सपा उम्मीदवार विजयी होते हैं तो संजय ओमप्रकाश को डेढ़ लाख रुपये देंगे।

प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर लिखित अनुबंध के मामले सामने आने पर क्षेत्र में चर्चा तेज हुई थी। इसके बाद एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मामले का संज्ञान लिया। एसपी ने गुन्नौर और रजपुरा थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर रजपुरा पुलिस ने वीरपाल की पर सपा और भाजपा प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर शर्त लगाने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुन्नौर पुलिस ने भी शर्त लगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचा दवा का स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- डॉट्स सेंटरों पर नहीं थी दवा मरीजों का टूट गया था कोर्स
- अब क्षय मरीजों को मिली राहत

अमृत विचार : जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी रोधी दवा की कमी के कारण मरीजों का कोर्स टूट गया था, लेकिन अब दवा की दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को दवा के चार हजार पत्ते की आपूर्ति की है, जो करीब 12 हजार मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग ने दवा के चार लाख पत्ते खरीदे हैं, जो जल्द ही उपलब्ध हो जाएगी।

जिला अस्पताल समेत कई स्वास्थ्य केंद्रों के डॉट्स सेंटरों में टीबी की दवा की कमी थी। मरीज स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचे थे, लेकिन दवा उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा था। रुपये की तंगी के चलते बाजार से भी मरीज दवा नहीं खरीद सके। हालांकि कुछ मरीजों ने मेडिकल स्टोरों से भी दवा खरीद कर कोर्स जारी रखा।

इस बीच संभल के अलावा गुन्नौर सीएचसी के डॉट्स सेंटर से दवा नहीं होने के कारण मरीजों को मायूसी हुई। अमृत विचार समाचार पत्र ने 13 मई के अंक में पेज 8 पर सीएचसी पर तीन माह से टीबी की दवा न होने से रोगी परेशान, शीर्षक से खबर प्रकाशित की।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने टीबी दवा की व्यवस्था कराई और जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों को स्टॉक भेजना शुरू किया। जिला अस्पताल, गुन्नौर सीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को टीबी की दवा की आपूर्ति की गई। सीएचसी गुन्नौर के डॉट्स सेंटर के सीनियर सुपरवाइजर ललित कुमार ने बताया कि दवा की सप्लाई मिलनी शुरू हो गई है। जल्द ही दवा की कमी नहीं रहेगी। बहरहाल, अब मरीजों को टीबी की दवा मिलने पर राहत की उम्मीद है। मरीजों को मेडिकल स्टोरों से महंगी दवा नहीं खरीदनी पड़ेगी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि टीबी दवा के चार हजार पत्ते जिला अस्पताल संभल, चंदौसी, नरौली, बहजोई, जुनावई, रजपुरा, गुन्नौर आदि स्वास्थ्य केंद्रों को भेजे गए हैं। यह दवा करीब 12 हजार मरीजों के लिए पूरी होगी। स्थानीय स्तर पर चार लाख दवा के पत्ते खरीदे गए हैं। यह दवा जल्द ही प्राप्त होगी।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार चार महिलाएं घायल

**बहजोई, अमृत विचार:** ई रिक्शा में सवार होकर घर लौट रहीं महिलाओं की ई-रिक्शा में कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा में सवार चार महिलाएं घायल हो गईं। दो महिलाओं को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहजोई के गांव अहमदनगर पसतौरा निवासी तुलसी पुत्री वीरेंद्र, नीरज पत्नी हरज्ञान, सुधा पत्नी विजय पाल व मीरा पत्नी कुमरपाल बहजोई बस स्टैंड से ई रिक्शा में सवार होकर अपने घर वापस लौट रही थीं। कि गांव बेहटा जयसिंह के निकट संभल की ओर से आ रही कार ने उनकी ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार चारों महिलाएं घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने तुलसी और सुधा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# 26 घंटे तक नहीं मिली बिजली आपूर्ति, भड़के लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी


सिरसी बिजली घर पर प्रदर्शन कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग करते लोग। ● अमृत विचार

- सिरसी में बिजली संकट होने पर किया विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार :** सिरसी में दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले उपभोक्ताओं ने बिजली समस्या को लेकर बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना था कि 26 घंटे से बिजली नहीं आई है। जिस कारण भीषण गर्मी में दिक्कतों से जूझे। विभाग से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

शुक्रवार को उपभोक्ता बिजलीघर पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि संभल मुरादाबाद मार्ग पर पुलिया के पास रखे ट्रांसफार्मर से मुहल्ला चौधरियान के करीब सौ उपभोक्ता जुड़े हैं। 26 घंटे से बिजली नही आई है। गुरुवार को रात इनवर्टर भी जवाब दे गए भीषण गर्मी में बड़ी परेशानी हुई। सड़क पर जागकर रात गुजारनी पड़ी। कहा कि अकसर बिजली आंख मिचौनी करती है। कभी फेस उड़ जाता है तो कभी लो वोल्टेज की समस्या रहती है। लोगों ने समस्या कहा समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान आशु, रामौतार, अर्जुन, शारिक, शिवा, राहुल, यूसुफ, राजपाल, तब्बन, आशीष, सोनू, कुमार, उस्मान, मुस्तफा, मुहम्मद आलम, सोनू गिरी, महेंद्र सैनी आदि रहे। वहीं जेई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दिन में ठेकेदार द्वारा काम कराया जा रहा है। पेड़ की मोटी टहनी काटने पर वह लाइन के केबल पर गिर गया था। जिससे फेस और न्यूटल के तार आपस में मिल गए थे। इस वजह से बार-बार फेस उड़ रहा था। जिसे सही करा दिया गया है।

# खाद्यान्न मामले की जांच में डीलर का स्टॉक मिला पूरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**जांच**

- पूर्ति निरीक्षक ने सिपाही, ट्रैक्टर ट्राली मालिक और चालक के दर्ज किए बयान

**अमृत विचार :** सिरसी में पुलिस द्वारा कालाबाजारी के शक में पकड़े गए खाद्यान्न मामले की जांच को लेकर पूर्ति निरीक्षक ने शिकायत के आधार पर राशन डीलर का स्टाक चेक किया तो पूरा मिला। हालांकि एक व्यक्ति सामने आया जिसने खाद्यान्न को उसका बताते हुए बयान भी दर्ज कराए। पूर्ति निरीक्षक ने जांच आख्या डीएसओ को भेज दी।

सिरसी में बुधवार को रात सिपाही ने खाद्यान्न से लदी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी थी। जिसमें प्लास्टिक के 60 कट्टों में चावल और 28 कट्टों में बाजरा था। चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गया था। पूर्ति निरीक्षक योगेश शुक्ला ने खाद्यान्न को हजरतनगर गढ़ी की डीलर ताहिरा बी की सुपुर्दगी में दिया था। पूर्ति निरीक्षक ने जांच आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को संबंधित सिपाही के बयान दर्ज किए। गांव सैफ खां सराय में राशन डीलर अब्दुल मुत्तलिब का स्टॉक भी चेक किया तो पूरा मिला। तभी एक व्यक्ति सामने आया जिसने खुद को ट्रैक्टर ट्राली मालिक बताया और कहा कि वह खाद्यान्न खरीदकर बेचने का काम करता है। इस व्यक्ति और ट्रैक्टर ट्राली चालक के बयान भी दर्ज किए गए। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि खाद्यान्न के प्लास्टिक के कट्टों पर कोई मार्का नहीं है और यह हाथ से सिले हैं। इसलिए प्रथम दृष्टया कालाबाजारी का मामला प्रतीत नहीं हो रहा। जांच रिपोर्ट डीएसओ को भेजी जा रही है।

**निरीक्षण** गांव सिहावली में गोशाला और आश्रम पद्धति विद्यालय में देखीं व्यवस्थाएं

# गोशालाओं में पानी की रहे व्यवस्था : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन


गोशाला में गायों की गिनती कराकर उनकी स्थिति देखते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार


संभल के मोहल्ला ठेर में छुट्टा गोवंशीय पशु को पकड़कर वाहन में चढ़ाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सीडीओ ने विकासखंड पंवासा के गांव सिहावली में संचालित गोशाला और आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया। गोशाला में गायों के लिए पानी और हरे चारे की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता परखी।

सीडीओ भरत कुमार मिश्रा शुक्रवार को बीडीओ रिजवान हुसैन, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका के साथ गांव सिहावली स्थित अस्थायी गोशाला पहुंचे। गोशाला में पंजीकृत गायों की संख्या की जानकारी दी तो तीन गायें कम मिलीं। ग्राम प्रधान ने बताया कि तीन गायें पालने के लिए ग्रामीणों को दी गई हैं। सीडीओ ने प्रधान से कहा कि गोशाला में पानी की समुचित व्यवस्था रहे। प्रतिदिन हरा चारा खिलाया जाए। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। प्रधानाचार्य सुभाष कुमार को विद्यालय में सफाई रखने के निर्देश दिए।

### छह गोवंश पकड़कर अस्थायी गोशाला भेजे

**संभल, अमृत विचार :** पालिका की टीम ने शुक्रवार को वार्ड 18 से छह गोवंश को पकड़कर हयातनगर की अस्थायी गोशाला में संरक्षित कराया। वार्ड 18 के मोहल्ला ठेर में कई दिनों से गोवंश पशु घूम रहे थे। जिन्हें लेकर लोगों में खौफ था। सभासद चंचल गुप्ता ने छुट्टा गोवंश को पकड़ने की मांग उठाई। इसके बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने गोवंश पकड़कर वाहन में लादा। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद आसिफ ने बताया कि छह गोवंश को पकड़कर गोशाला भेजा गया। गुरुवार को दुर्गा कालोनी से एक पशु पकड़ा था। यह पशु पालतू था जो उसे पशुपालक को सौंपते हुए हिदायत दी गई।

# प्रेमी के घर पहुंचकर युवती साथ रहने की जिद पर अड़ी

संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में प्रेमी की शादी के एक साल बाद प्रेमिका उसके घर जा पहुंची और उसके साथ रहने की जिद पर अड़ गई। पति की प्रेमिका के ससुराल में आने की सूचना पर मायके में पत्नी के होश उड़ गए। वह परिजनों को लेकर मायके से ससुराल आ गई।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का दूसरे गांव निवासी युवती से पिछले पांच वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक की एक वर्ष पहले शादी हो गई। शादी के बाद भी युवक व युवती के बीच दूरियां कम नहीं हुईं। शुक्रवार को युवक की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। इसी दौरान युवक की प्रेमिका उसके घर आ गई और उसके साथ रहने की जिद करने लगी। जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ युवक के घर जमा हो गई। सूचना मिलने पर युवक की पत्नी भी मायके से अपने परिजनों को लेकर ससुराल आ गई। सभी ने मिलकर युवती को समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती युवक के साथ रहने की जिद पर ही अड़ी रही।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीशचंद को शिकायती पत्र सौंपा। इसमें बताया कि 25 दिन पहले 17 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव का ही युवक अपने परिजनों सहित उसके घर में घुस आया और बहला-फुसलाकर किशोरी को अपने साथ ले गया। व्यक्ति ने बताया कि पुलिस ने पहले जांचकर करने की बात कही। बाद में शिकायती पत्र लेने से मना कर दिया। शुक्रवार को व्यक्ति एएसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायती पत्र सौंपा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुषः॥

व्यक्ति जैसे लोगों के साथ उठता-बैठता है, जैसे लोगों की संगति करता है, उसी के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है।

## संपादकीय

# आर्थिक प्रगति की रफ्तार

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी 2024 के आंकड़े की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है। 2025 में आर्थिक प्रगति की रफ्तार 2.8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। भारत की अर्थव्यवस्था के वर्ष 2024 में 6.9 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। कई प्रमुख फैक्टर भारत के मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को चिन्हित करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई लगातार एक चिंता बनी रही है। परंतु हाल की वित्तीय और मौद्रिक नीतियों ने महंगाई को काबू में रखने की कोशिशें साफ तौर पर दिखी हैं। हालांकि अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अब भी महंगाई से जूझ रही हैं। अनेक देशों को उधार लेने की ऊंची क़ीमतों, राजनैतिक अस्थिरता और विनिमय दर के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी भूराजनैतिक तनावों व टकरावों के गहन रूप धारण करने की आशंका से अनेक अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट भविष्य में आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। इसलिए फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बेहतर हो रहे आर्थिक हालात के साथ-साथ ऊंची ब्याज दरों, कर्ज सततता संबंधी चुनौतियों और चरम मौसम घटनाओं से प्रति सचेत किया गया है।

गौरतलब है कि गत वर्ष भारत ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया। दुनिया में एक प्रमुख देश के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अपने व्यापक मानव संसाधन, विशेष रूप से अपनी युवा जनसंख्या के इस्तेमाल की भारत की क्षमता की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। शिक्षा, कौशल विकास और नई नौकरियों के जरिए भारत के इस जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने से आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके लिए, बढ़ते कार्य बल के मुताबिक प्रभावी संसाधन प्रबंधन और अवसर के प्रावधान की भी आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। ऐसे तमाम प्रकरण हैं जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17 वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाक परस्त और चीन समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय किसी राष्ट्र-राज्य की सरकार की अपने नागरिकों, अर्थव्यवस्था और अन्य संस्थानों की सुरक्षा करने की क्षमता से है। इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैन्य हमलों के खिलाफ स्पष्ट सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आज तो राष्ट्रीय सुरक्षा में कई गैर-सैन्य मिशन भी शामिल हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के इन गैर-सैन्य मिशनों की बात की जाए तो इसके अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मातृभूमि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु सरकारें कूटनीति के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति आदि रणनीतियों पर अमल करती हैं।

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है। भारतीय राज्य के पास एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अभाव है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का व्यापक आकलन करती हो और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतियां बनाती हो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करनी थी, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूडियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं?

बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोड़ने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है। आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी की जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जाबांज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे।


इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। यदि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला नेटवर्क न बने मीडिया

मामला सिर्फ अंग्रेजी पत्रकारिता से नाम कमाना ही नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा से भी जुड़ा है। हिंदी भाषा के एक बड़े अखबार के संपादक अंग्रेजी भाषा की अपनी ही एक सिस्टर पब्लिकेशन में सामयिक विषयों और अधिकांश तौर से पॉलिटिक्स पर अंग्रेजी में कमेन्ट्रीज लिखने का लोभसंवरण नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी भाषा में शानदार नैरेटिव लिखते हैं। इन्हें लगता है कुछ ऊंची बात ऊंचे लोगों तक पहुंचानी है और इन पर पकड़ बनानी है तो अंग्रेजी भाषा में लिखना ही पड़ेगा। क्या अंग्रेजी सचमुच ही हिंदी पर भारी पड़ती है? जी बिल्कुल। सच यही है, बेशक भारत सरकार का राजभाषा विभाग हर साल देश में सरकारी तौर से हिंदीकरण पर या हिंदी को लोकप्रिय बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च करता है।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

आम आदमी को इससे क्या फर्क पड़ता है! देश के बड़े लोगों या नीति निर्धारकों और 'डेस्टिनी मेकर्स' के दिमाग पर अंग्रेजी भाषा का मीडिया छाया रहता है। वे इसमें से वक्तव्यों और जानकारी को 'सेक्रेड स्क्रिपचर्स' की तरह कोट अथवा उद्धृत करते हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर बड़े बिजनेस हाउस, लगभग हरेक स्तर के बड़े और मध्यम मीडिया-अंग्रेजी, हिंदी और वर्नाक्युलर के दफ्तर और ब्यूरो हैं। कुछ बड़े अखबार और पत्रिकाएं दिल्ली से प्रकाशित होती हैं। दो बड़े अखबारों ने पिछले दसेक साल से गुरुग्राम से दिल्ली संस्करण को प्रिंट करना शुरू किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कूटनीति तय होती है। दिल्ली में सभी देशों के दूतावास और हाई कमीशन हैं। दिल्ली हर प्रकार से ग्लोबली लिंक्ड है और राष्ट्रीय स्तर की सभी पॉलिटिकल पार्टियों के यहां दफ्तर भी हैं। भारत सरकार के मंत्रालय यहीं हैं और भारत सरकार भी। पॉलिटिकल, सिक्यूरिटी एंड डिफेंस, स्ट्रेटेजिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजीकल, इकॉनोमिकल, सोशल, एंथ्रोपोलॉजिकल, लिंग्विस्टिक्स और न जाने क्या-क्या किस्म की इंफार्मेशन गैदरिंग और इंटेलिजेंस यहां से जुटाई जाती हैं। एंबेसियों का कुछ काम इंटेलिजेंस गैदरिंग भी है। यहां तक कि मौसम और ट्रैफिक संबंधी डाटा, फ्यूल और एनर्जी संबंधी डाटा भी चुराया जाता है। ऐसे में अगर आप भाषाई जर्नलिज्म करते रहे तो यहां आपको कौन पूछता है? इसलिए अंग्रेजी में लिखिए और ध्यानाकर्षण करें। अंग्रेजी मीडिया के लिए जो लोग लिखते हैं और खास तौर से फॉरेन मीडिया के लिए वे बहुत पैसा जर्नलिज्म से ही कमाते हैं। मीडिया में विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसीज के 'मोल्स' भी बहुत हैं। बड़े अखबारों के बड़े पत्रकार भारत सरकार और बिजनेस हाउसेस के बड़े एग्जीक्यूटिव्स और उद्योगपतियों से करीबी होते हैं। इन्हें अंदर की बातें मालूम रहती हैं और फिर पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड वाट्सएप तो है ही। विदेश में वाट्सएप इंटरनेट के जरिए आप फ्री में बात भी कर सकते हैं, बशर्ते 'ईव्स ड्रापिंग' न हो।

भारतीय मीडिया में हुई एनालिसिस अर्थात् इंटेलेक्चुअल चीर-फाड़ को विदेश के 'इंटेलिजेंस गैदरर्स' फिर से एनालायज करते हैं और अपनी सरकारों को सूचना देते हैं। 'केबल' और 'वायर' का ज़माना अब गया। अब जासूसी संदेश एन्क्रिप्टेड और कॉम्प्रेस किए जाते हैं और सेटेलाइट के द्वारा प्राइवेट फ्रीक्वेंसीज पर चंद सेकंड्स में ही ट्रांसमिट कर दिए जाते हैं। इस मामले में भारत भी पीछे नहीं है। अन्य देशों में हम भी यही काम करते हैं। एक दशक से कुछ अधिक समय हुआ जब पांच महत्वपूर्ण देशों में हमारे साइंस अटेची दूतावासों में तैनात थे। इनका काम बहुत ही निम्न स्तर का होने के कारण इन पदों को समाप्त कर दिया गया। अनेक देश भारत में पूंजी का बड़ा निवेश कर चुके हैं। इन्हें अपने लोगों और इनके परवारों, आर्थित हित और एसेट्स की सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। मसला एक नहीं, बहुआयामी है। सूचना और मूवमेंट ही आज का सबसे ताकतवर हथियार है न कि आपके पास कितना असलहा है।

यह ताज्जुब की बात है कि देश के बड़े अखबारों में से किसी ने भी अभी तक ऐसा कोई लेख प्रकाशित नहीं किया जिससे हमें यह मालूम हो कि भारत में सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में विदेशी अखबार अथवा मीडिया कैसी कवरेज दे रहा है और वे क्या सोचते हैं? हमारा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ही इस मामले में मुझे जागरूक लगता है।

# सोशल मीडिया से चुनाव पर पड़ता प्रभाव



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है।

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है। समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में कारपोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है कि तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी, जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठकर निर्धारित करते हैं और इन सबके पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है, क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए हैं। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेते है।

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है, जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है कि क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी व अन्य को जाएगा, क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के वीडियो न केवल लोगों में प्रसिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूं कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लाई जा रही है, जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दबकर खत्म हो जा रही थी। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। अभी तक किए गए प्रचार-प्रसार को आप देखें तो राजनेताओं ने न केवल सभी हद पार कर दी, बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है कि कुर्सी के लिए वो कितने गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है।

आम जनता की जमीनी समस्याएं जस की तस कराह रही है, जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेक बातें हैं जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आपको सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेंगे। यानी लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है, जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परंपरागत समाचार प्रदाता अब अपनी साख खोने लगे हैं। जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गई है। विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वाले चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किए जा रहे आंकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालांकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है। दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है, पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि चल रहे लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है। यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जाएगा।

## सोशल फोरम

# आर्थिक स्वार्थों की लड़ाई

लड़ाई तो आर्थिक स्वार्थों की है, लेकिन उसे "सभ्यताओं के संघर्ष" नाम देकर धार्मिक आधार पर चलाने में सफलता इसलिए मिलती है कि अनेक ऐतिहासिक कारणों से इस्लामी संसार बर्बरता से निकल नहीं सका है। जिस तरह कभी ईसाइयों के आततायीपन से दुनिया दहल रही थी, उसी तरह उसके बाद इस्लाम के अनुयायियों के आततायीपन से दुनिया त्रस्त है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यूरोप के देशों ने शरणार्थी बन गए जिस मुसलमानों को अपने यहां आने और रहने दिया, वे अब इस्लामी कट्टरपन और आतंकवाद से परेशान हैं। अब भी ज्यादातर यूरोपीय देश अपनी शरणार्थी नीति में बदलाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन फ्रांस या स्वीडन में आतंकी कार्रवाइयों जैसी कुछ और घटनाएं होने पर यह नीति जारी रह सकेगी, इसमें संदेह है। रूस ने इस समस्या को एक तरह सुलझाया था, चीन दूसरी तरह सुलझा रहा है। सबसे उदार भरतीय समाज, उसमें भी हिंदू समुदाय में भी इस्लामी आतंकवाद और कट्टरपन की प्रतिक्रिया में नफरत के बीज बोए जा सके हैं। यह बात हमारे देखते-देखते घटित हुई है कि 1985 से पहले जो भारतीय हिंदू सहज उदार था, वह सहसा उत्तेजित और फिर उग्र होने लगा।

खालिस्तानी आतंकवाद और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा राजनीतिज्ञों ने आयोजित की जिसमें हिंदुओं का चेहरा कुछ विकृत हुआ। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद आंदोलन ने विभाजन की स्मृतियों को कुरेदकर सांप्रदायिकता के कोढ़ को उकसाय। इस प्रक्रिया में अधिकांश सेकुलर और स्वस्थ मन मुसलमान धीरे-धीरे अपने समुदाय के कट्टरपंथियों के हवाले कर दिए गए। आज जब हमारा देश एक तरफ गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है और दूसरी तरफ अपार संभावनाओं से भरपूर है, तब समाज में जो आंतरिक संगठन चाहिए, वह सत्तालोलुप पूंजीवादी राजनीतिज्ञों के भरोसे कायम नहीं हो सकता। वह प्रगतिशील राजनीति, जनवादी संस्कृतिकर्मी और उदार धर्मानुयायियों के सहयोग से होगा। नागरिकों की जिम्मेदारी है कि समाज को जाति-धर्म से ऊपर संगठित करें। मनुष्य की एकता जनता के हित की शर्त है।

**-फेसबुक वॉल से**

# परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच चयन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

लोकसभा चुनाव मतदान के चरण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मतदाता में अपेक्षित उत्साह नहीं है और न कोई लहर है। इसकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं वह नैराश्य है जिसके कारण 'हम भारत के लोग' अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कहीं होते नहीं देख रहे हैं। चल रहे चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने कुछ सहयोगियों के साथ है और दूसरी ओर आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। बसपा अलग से अपने लिए नहीं, भाजपा की मददगार बी टीम के रूप में मैदान में है। मतदाता को परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चयन करने की मजबूरी है। कांग्रेस में कहने को कोई अध्यक्ष रहा हो, कोई पीएम रहा हो, वर्चस्व नेहरू-गांधी परिवार का ही सदा रहा और इस समय भी है। समाजवादी पार्टी की धुरी स्व.मुलायमसिंह यादव परिवार है, संप्रति जिसके मुखिया उनके बेटे अखिलेश यादव हैं। इसमें उनके परिवार की ही तूती बोलती है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को उत्तराधिकारी बनाए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव उनकी राजनीतिक विरासत संभाल चुके हैं। ममता और मायावती अविवाहिता हैं तो अपने भतीजों पर ही भरोसा कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल काल में यह स्पष्ट हो गया कि उनकी उत्तराधिकारिणी भी उनकी पत्नी ही हैं।

भाजपा कैडर/कार्यकर्ता आधारित पार्टी थी, सामूहिक नेतृत्व था और आंतरिक लोकतंत्र भी, किंतु नरेंद्र मोदी का कालखंड आने पर धीरे-धीरे व्यक्तिवाद बढ़ता गया, जो अब चरम पर है। केवल मोदी ही सारे निर्णय लेते हैं जिनके छाया सहायक उनके ही गृह राज्य के अमित शाह हैं। बस बाकी सब आभूषणात्मक हैं। समय-समय पर जब जिसे चाहा, मोदी ने किनारे कर दिया। यह फेहरिस्त लंबी है, फिर भी आडवाणी, जोशी, शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रविशंकर प्रसाद, स्व.सुशील मोदी, सुमित्रा महाजन, डॉ.रमन सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, वरुण गांधी आदि कुछ नाम उल्लेखनीय हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ में राजनाथ सिंह को दूसरे नंबर से तीसरे पर और नितिन गडकरी को तीसरे से पांचवें पर लाकर कद कम किया गया। योगी आदित्यनाथ को भी क्षीण प्रभाव करने के लिए मऊ (यूपी) निवासी गुजरात कैडर के एक आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश की राजनीति में लाए गए थे, किंतु योगी के प्रखर व्यक्तित्व के सामने अभी ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। वैसे उन पर केन्द्रीय पहरे हैं और वे संसदीय बोर्ड से बाहर किए गए हैं। व्यक्तिवाद इतना बढ़ गया है कि प्रदेश और देश के चुनावों में कहा जाता है कि सब जगह मोदी को खड़ा समझो और तो और लोकसभा चुनाव घोषणा/संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' से जोड़ा गया है।

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

# मानवीय क्षेत्रों में तेंदुए के संदेश

बढ़ती जनसंख्या और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अतिरिक्त और भी कई कारण हैं जिनके कारण पूरे देश में ही मानवीय क्षेत्रों में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वे मनुष्यों और मवेशियों पर हमले भी कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं ने तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ कर रख दिया है जिसके कारण उनके भटककर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के क्षेत्रों में उन्हें बहुत कम शिकार मिल पा रहा है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

खेद की बात है कि हम इस स्थिति का विश्लेषण कभी नहीं करते कि पूरी तरह जंगल में रहने वाला यह वन्यजीव आखिर मानवीय क्षेत्रों में आ क्यों रहा है? वास्तविकता यह है कि यदि जंगलों में आवश्यकता पूरी होती रहेगी तो कोई भी वन्य जीव मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद ही नहीं करेगा। सच्चाई तो यह है कि मानव के बढ़ते हस्तक्षेप ने जंगल की उन सारी व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया है जिनसे वन्य जीवों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्हें न तो वहां पर्याप्त आहार मिल पा रहा है और न ही सुरक्षित आवास। जंगल के जलस्रोत भी सूखते जा रहे हैं और वर्ष में कई महीने वहां पानी मिलने में भी कठिनाई होती है। भूखे-प्यासे वन्यजीव जब अपनी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानवीय क्षेत्रों का रुख करते हैं तो उन्हें मानव का कोपभाजन बनना पड़ता है। कम से कम हम वन्य जीवों के ऊपर दोषारोपण से पहले जंगलों को उनके के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तो रहने दें ऐसा होगा तो वे स्वयं ही मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद नहीं करेंगे। तेंदुए दिन के समय खेतों के आसपास की झाड़ियों, बागों या फिर गन्ने के खेतों में आराम करते हैं और रात को शिकार की तलाश में निकलते हैं। यदि कोई तेंदुआ भूले भटके मानवीय क्षेत्रों में आ भी जाए तो हम उनके प्रति आक्रामक न हो और न ही उनके आसपास शोर ही मचाएं, बल्कि उन्हें रेस्क्यू करने में वन अधिकारियों की सहायता करें। तेंदुए भी जैवविविधता के अभिन्न हिस्सा हैं उनका संरक्षण आवश्यक है।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **05** वें चरण में 20 मई को होगा मतदान | **05** मंत्रियों का होना है चुनावी इम्तिहान | **14** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट | **13** सीटों पर भाजपा का है अभी कब्जा | **06** सीटों पर भाजपा को 2014 व 19 में मिली थी एक लाख से कम की जीत | **14** सभी सीटों पर भाजपा व बसपा लड़ रही है चुनाव | **10** सीटों पर समाजवादी पार्टी दे रही है चुनौती | **04** सीटों पर गठबंधन के तहत हैं कांग्रेस प्रत्याशी |

# विरासत की देहरी पर रिश्तों की दुहाई और चुनावी जज्बात

## स्मृति की राह नहीं आसान, प्रियंका ने बनाई नाक की लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

साल 2019 में भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने के बाद ट्वीट किया था, 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता' अब 2024 में स्मृति के सामने राहुल तो नहीं हैं, लेकिन एक पत्थर तबियत से... उछालने की चुनौती कम नहीं हुई है। कांग्रेस ने इस बार स्मृति की चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चार दशक तक गांधी परिवार के प्रतिनिधि की भूमिका निभाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा उन्हें 'चपरासी' बता रही है। लेकिन जिस तरह उनकी लोगों से जान-पहचान है और कांग्रेस नेता उनकी जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं, उसे देखकर कुछ लोग किशोरी लाल को छुपा रुस्तम भी बता रहे हैं।


स्मृति ईरानी।


किशोरी लाल शर्मा।

हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और कांग्रेस द्वारा किशोरी लाल पर दांव लगाए जाने के बाद हर किसी की धारणा थी कि अमेठी का चुनाव इस बार एकतरफा जीत वाला हो गया है। लंबे समय तक राहुल गांधी की प्रत्याशिता को लेकर अनिर्णय की स्थिति में झूलने वाली कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा को यहां वॉकओवर दे दिया है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की तिथि करीब आ रही है, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए स्मृति ईरानी के सामने सोची-समझी रणनीति के तहत जाल बुना है। किशोरी लाल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सामने कमजोर प्रत्याशी साबित न हो, इसलिए उनके प्रचार की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाल रखी है। स्मृति भी इस बात को बखूबी समझते हुए उतनी ही गंभीरता और ताकत से मुकाबला कर रही है, जैसे सामने राहुल गांधी ही चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि सामने जनता की अदालत में अमेठी में इस बार चुनावी लड़ाई राहुल गांधी के 15 साल और स्मृति ईरानी के पांच सालों के काम के बीच हो रही है, जिसमें स्मृति का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 2014 में मोदी लहर के बाद भी एक लाख वोटों से हार मिलने के बावजूद वह अमेठी छोड़कर नहीं गईं।

लगातार सक्रिय रहीं और लोगों के बीच काम करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया। इससे लोगों में भरोसा बना कि वह अब अमेठी छोड़कर जाने वाली नहीं हैं और सिर्फ अपना सियासी मकसद साधने के लिए यहां नहीं आयी हैं, जैसा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उन्हें लेकर आरोप लगाती हैं। इसी का लाभ उन्हें 2019 में अप्रत्याशित जीत के रूप में मिला। उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार मतों से पराजित कर दिया। हालांकि अमेठी में मतदाताओं का एक वर्ग पिछली बार की तरह राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी का मुकाबला नहीं होने से थोड़ा मायूस जरूर नजर आता है। लेकिन वोट के सवाल पर अधिकतर लोग मोदी और योगी का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार के काम गिनाते हैं या फिर सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ बोलते हैं। विकास के सवाल पर राय बंटी हुई है। यह कहने के बावजूद कि यहां की सड़कें अब पहले से अच्छी हो गयी हैं, तमाम लोग राजीव गांधी और राहुल गांधी के समय में हुए कामों की दुहाई देते हैं, तो यह बताने वाले भी कम नहीं हैं कि स्मृति ईरानी ने सांसद रहते केंद्र सरकार की योजनाओं पर काम किया है। लोगों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, फ्री इलाज और शौचालय जैसी सुविधाएं मिली हैं। इसके जवाब में प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में लोगों को समझाती हैं कि जागरुक बनें, समझें कि कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया। वह अपने पिता को याद करती हैं और अमेठी से जज्बाती रिश्ता जोड़ती हुए बताती हैं कि जब छोटे थे तब वे आते थे। आप कितना प्यार देते थे। फिलहाल कांग्रेस के चुनाव प्रचार से ऐसा लगता है कि गांधी परिवार ने इस सीट को नाक की लड़ाई मान लिया है। जिस तरह प्रियंका, खड़गे, राहुल यहां प्रचार कर रहे हैं, उससे लगता है कि स्मृति ईरानी के लिए लड़ाई उतनी आसान नहीं है, जितनी समझी जा रही थी। वैसे इस बार चुनावी मैदान में बसपा की ओर से नन्हें सिंह भी मैदान में हैं, लेकिन बसपा के कॉडर वोट का बड़ा हिस्सा भी कांग्रेस-भाजपा के बीच ही बंटता दिख रहा है।

## कांग्रेस को खेलना पड़ा पीएम के चुनाव का दांव

रायबरेली लोकसभा सीट से इस बार अमेठी छोड़कर आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा बसपा के ठाकुर प्रसाद से है। ऐसे में रायबरेली का रण जीतने के लिए, राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तो डेरा डाले ही हैं, अब सोनिया गांधी भी पहुंच गई हैं। प्रियंका यहां भी अपने परिवार के साथ लोगों को पुराना रिश्ता याद दिला रही हैं। राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम का हर दिन प्रचार में आना-जाना लगा है, इसी के बीच शुक्रवार को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मंच पर नजर आए।

उधर भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए पूरा जोर लगा रखा है। गृह मंत्री अमित शाह दो बार आ चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भाजपा को जिताने का मोर्चा संभाले हैं। भाजपा का मनोबल बागी सपा विधायक मनोज पांडेय का रुख मोड़ने में सफलता मिलने से बढ़ गया है। पहले वह भाजपा के प्रचार से दूरी बनाए थे, पर अब कह रहे हैं कि जो राम का नहीं, वह किसी के काम का नहीं। पांच दिन पहले अमित शाह, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मनोज पांडेय को समझाने उनके आवास पर गए थे। लेकिन


राहुल गांधी।


दिनेश प्रताप सिंह।

रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह अभी खुलकर भाजपा के प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं। रायबरेली से पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को ही हराया था। लेकिन उनकी जीत का अंतर एक लाख से कुछ ज्यादा ही रह गया था। लोगों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की स्थानीय लोगों के बीच आसानी से उपलब्धता और योगी सरकार में मंत्री पद उन्हें बढ़त दिलाती दिखती है, लेकिन अधिकतर लोग अमेठी की तरह गांधी परिवार से रिश्ता तोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। हालांकि विरासत के सवाल पर भाजपा नेता यह कहकर पलटवार करते हैं कि कांग्रेस के पास रायबरेली में कोई विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान कुछ भी तो नहीं है। इस बार का चुनाव 'सोनिया का बेटा' बनाम 'रायबरेली का बेटा' है। इस माहौल में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यह कहकर लीड लेने की कोशिश कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे में आप सांसद नहीं पीएम का चुनाव कर रहे हैं। माना जा रहा है कि राहुल को पीएम कैंडिडेट बताकर कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए रणनीतिक दांव चला है।

लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि मतदाताओं का एक वर्ग अभी भी यह सवाल उठा रहा है कि राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीतने पर कहीं रायबरेली की सीट तो नहीं छोड़ देंगे। कांग्रेस नेता भी इस बारे में खुलकर गारंटी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए राहत की बात यही है कि रायबरेली उसका गढ़ है। पार्टी इस सीट पर 20 लोकसभा चुनावों में 17 बार जीती है। रायबरेली में जातीय आधार देखें तो 34% दलित मतदाताओं के बाद 16% ब्राह्मण, 10% ठाकुर और 7% यादव मतदाता है। कुर्मी मतदाता करीब 5% और मुस्लिम मतदाता 6% हैं।

### राजनाथ के सामने जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती

लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक रविदास मेहरोत्रा और बसपा प्रत्याशी सरवर अली ताल ठोंक रहे हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा नेता और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991-2009 के बीच लखनऊ सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भाजपा ने राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जिताने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि लखनऊ पश्चिम और मध्य विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रहे रविदास मेहरोत्रा लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को सपा की तरफ से सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा ने चुनौती दी थी। कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णनम मैदान में थे। राजनाथ सिंह को 6,33,026 वोट मिले थे। सपा की पूनम सिन्हा 2,85,724 वोटों के साथ दूसरे स्थान और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में उतरीं कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट हासिल हुए थे। बसपा के निखिल दूबे को 64,449 वोट और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे।

### साध्वी के सामने उत्तम की चुनौती में बसपा का पेच

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी रण में उतरी हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं, तो बसपा ने भी यहां कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा और भाजपा दोनों की मुश्किल बढ़ा रखी है। हालांकि सपा प्रत्याशी को स्थानीय होने का लाभ मिल रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि सपा और बसपा के प्रत्याशी पिछड़ी जाति के एक ही वर्ग से होने के कारण मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। बसपा को दलित कॉडर के साथ मुस्लिम मतों का समर्थन मिलने से त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर उभर सकती है, जिसे भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम तीन बार विधायक और मुलायम सरकार में मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र की जहानाबाद सीट पर भाजपा को रोकना और ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य मतों में सेंध लगाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा को 2014 के चुनाव में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार और 2019 में 45 हजार से ज्यादा वोटों से लीड मिली थी।

### इन्होंने की है हैट्रिक की तैयारी



### भानु प्रताप की जीत के सिक्सर में सपा ने इस बार की है कड़ी घेरेबंदी

- भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। इस सीट पर भानुप्रताप का वर्चस्व साफ नजर आता है। 1996 में वह पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद 1998, 2004, 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से नारायण दास अहिरवार प्रत्याशी हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। लेकिन 2022 में सपा में शामिल हो गए थे। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला अहिरवार से माना जा रहा है। साल 2019 के चुनाव में भानु प्रताप सिंह ने बसपा के अजय सिंह को 1.58 हजार वोटों से हराया था। इस चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। इससे पहले 2014 के चुनाव में उन्होंने बसपा के बृजलाल खबरी को 2.87 लाख वोटों से हरा दिया था। इस बार सपा की रणनीति है कि अहिरवार के जरिए बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाकर इस सीट पर भानुप्रताप के सामने कांटे का मुकाबला बनाया जा सके। लेकिन सपा की यह घेरेबंदी बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कमजोर बनाते नजर आ रहे हैं, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा वोट बैंक है।

### दो बार से हार रहे चौधरी रोक पाएंगे कौशल किशोर को

लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कौशल किशोर इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरे हैं। लेकिन इस बार उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं। मोहनलालगंज सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने 1991 के बाद दोबारा कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की थी। 2014 के चुनाव में भी कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच मुकाबला हुआ था। इस चुनाव में आरके चौधरी बसपा के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें 1.45 लाख मतों से हार मिली थी। सपा से उतरीं सुशीला सरोज करीब ढाई लाख वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गई थीं। इससे पहले 2009 में यहां से सपा की सुशीला सरोज सांसद चुनी गई थीं। 2019 के चुनाव में कौशल किशोर ने बसपा के सीएल वर्मा को करीब 90 हजार मतों से हरा दिया था। यह चुनाव आरके चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ा था, लेकिन वह 60 हजार से कुछ अधिक मत ही हासिल कर पाए थे। इस लोकसभा क्षेत्र में बसपा का प्रदर्शन देखते हुए उसकी चुनौती को कमजोर नहीं आंका जा सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिकोणीय संघर्ष भी हो सकता है, जिसमें फायदा भाजपा का ही होना है।

### झांसी में भाजपा का गढ़ तोड़ने में लगे हैं कांग्रेस के पूर्व सांसद आदित्य

- झांसी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा है। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अपने पूर्व सासंद प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। बसपा से इस सीट पर राकेश कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। बसपा का झांसी में अभी तक खाता नहीं खुला है। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनुराग शर्मा ने सपा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह यादव को 3.65 लाख मतों से हराया था। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा को 86 हजार वोट मिले थे। यहां ब्राह्मण और यादव वोट निर्णायक माने जाते हैं। इसके बाद करीब 25 प्रतिशत दलित मतदाता हार-जीत तय करते हैं।

### हमीरपुर में भाजपा की तीसरी जीत रोक पाएगी जातीय समीकरणों की घेरेबंदी

- हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मैदान में हैं। पुष्पेंद्र पिछले 10 साल से सांसद हैं। यहां सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत उन्हें चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतारा है। यहां 23 फीसदी दलित मतदाता गिना जाता है। राजपूत, ब्राह्मण और निषाद मतदाता जीत-हार तय करने में अगुवा रहते हैं। 2019 के चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को 5.75 लाख मत मिले थे। बसपा के दिलीप कुमार सिंह ने 3.26 और कांग्रेस के प्रीतम सिंह लोधी ने 1.14 लाख मत पाए थे। 2022 के विधान सबा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें भाजपा ने जीती थीं।

### बाराबंकी में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के बने आसार

- बाराबंकी लोकसभा सीट आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा का पिछले 10 साल से कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद ने चुनाव से पहले कथित अश्लील सीडी वायरल होने पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में उपेंद्र सिंह रावत को 5,35,917 और सपा के राम सागर रावत को 4,25,777 मत मिले थे। कांग्रेस के तनुज पुनिया 1.60 लाख मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार सपा का साथ मिलने से तनुज पुनिया भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

### गोंडा में राम लहर के आगे सपा की युवा प्रत्याशी श्रेया वर्मा कर रहीं संघर्ष

- गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के अपने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां युवा चेहरे के रूप में दिग्गज नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां अपनी जीत का आधार कुर्मी वोटों के साथ 21 प्रतिशत मुस्लिम वोटों को बना रखा है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में राम लहर का प्रभाव और बाहरी होने का ठप्पा उन्हें मुश्किल में डाल रहा है। 2019 के समर में गोंडा में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह का मुकाबला सपा के विनोद कुमार और कांग्रेस की कृष्णा पटेल से हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह को 5,08,190 और सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 3,41,830 वोट मिले थे।

### फैजाबाद में राम मंदिर और संविधान के बीच छिड़ी है बहस

फैजाबाद लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से जीत रहे भाजपा सांसद लल्लू सिंह इस बार अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के बाद जीत की हैट्रिक के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा के दिग्गज अवधेश प्रसाद से है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक रह चुके हैं। बसपा इस सीट पर भाजपा से ही आए सच्चिदानंद पांडे पर दांव लगाकर ब्राह्मण कार्ड से भाजपा की मुश्किल बढ़ा रही है। ऐसे में जातीय समीकरणों के लिहाज से चुनाव दिलचस्प हो गया है और पिछले दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा अपने प्रचार अभियान में राम मंदिर का मुद्दा बार-बार उठा रही है। ऐसे में फैजाबाद लोकसभा सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है, वहां से बड़ी जीत हासिल करके देश भर में संदेश देना चाहती है। इसी कारण यहां प्रतिष्ठा की लड़ाई हो रही है।

दूसरी ओर विपक्ष भाजपा की कोशिश को राम से संविधान की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। सांसद लल्लू सिंह उन भाजपा नेताओं में हैं, जिन्होंने कहा था कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत है। इसी बात पर सपा उन्हें निशाने पर ले रही है। सांसद लल्लू सिंह लोगों से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के अभिषेक के साथ 500 साल पुराना सपना पूरा किया है और अब वही भगवान कृष्ण को भी मथुरा में लाएंगे। जिन लोगों ने 'राम भक्तों' पर गोलियां चलाईं उन्हें सबक सिखाना है। वह अयोध्या में रेलवे स्टेशन, सड़कों और मेडिकल कॉलेज के साथ ही बुनियादी ढांचे में आए सुधार के आधार पर भी वोट मांग रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का दावा है कि भाजपा के गढ़ अयोध्या में उसका घमंड टूटने जा रहा है। इंडिया गठबंधन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सपनों का देश बनाएगा। अब एक व्यक्ति के मन की बात नहीं, करोड़ों जनता जनार्दन के मन की बात चलेगी।




### बांदा में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को छूट रहा पसीना

- बांदा लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा है, तो बसपा ने मयंक द्विवेदी पर दांव लगाकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां ब्राह्मण वोट जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशी पटेल समुदाय से होने के कारण पटेल वोट बंटता नजर आ रहा है। सपा को यादव और मुस्लिम मत मिलने का भरोसा है। बसपा यहां ब्राह्मण मतों मंन सेंध लगाती नजर आ रही है। जातीय वोटों के गणित में भाजपा यहां उलझती नजर आ रही है। भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को मनाने में जुटी है। 2019 के चुनाव में भाजपा के आरके सिंह पटेल को 4,77,926 और सपा के श्यामा चरण गुप्ता को 4,18,988 मत मिले थे। कांग्रेस के बाल कुमार पटेल करीब 76 हजार वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे।

### कौशांबी में सपा का युवा चेहरा क्या दिखा पाएगा कमाल

- कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से मैदान में उतारा है। सपा से यहां पुष्पेंद्र सरोज मैदान में हैं। बसपा ने शुभ नारायण गौतम पर दांव लगाया है। यहां पिछली बार भाजपा सिर्फ चार फीसदी वोटों के अंतर से जीती थी। भाजपा के विनोद सोनकर को 3,83,009 के मुकाबले सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 मत मिले थे। राजा भैया के जनसत्ता दल के प्रत्याशी ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोट पाए थे। राजा भैया ने इस बार किसी दल को समर्थन नहीं दिया है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी से उनकी नाराजगी छिपी नहीं है। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं और लंदन से पढ़कर लौटे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दे उटाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं।

### कैसरगंज में सपा के निशाने पर भाजपा का परिवारवाद

- कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने कुश्ती संघ के विवाद के चलते मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। बृजभूषण शरण सिंह दो बार से चुनाव जीत रहे थे। इससे पहले साल 1996 से साल 2009 तक पांच बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रहे थे। सपा ने इस बार यहां रामभगत मिश्रा और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है। गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ यहां बृजभूषण शरण और उनके बेटे करण सिंह एक गांव से दूसरे गांव में प्रचार कर रहे हैं। बृजभूषण वोट तो बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके भाषणों में अक्सर टिकट न मिलने का दर्द झलक जाता है। करण भूषण राजनीति में नया और युवा चेहरा हैं। ऐसे में सपा परिवारवाद के खिलाफ बोलने वाली भाजपा को निशाना बना रही है। इंडिया गठबंधन के नेता पूछ रहे हैं कि पिता के बदले बेटे को टिकट देना परिवारवाद नहीं है तो क्या है? यहां बसपा प्रत्याशी की ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी सपा को मजबूत कर सकती है।

**अपनी ढपली अपना राग**




मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करता हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन लोगों को उपहार बांटेंगे जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं। – **नरेन्द्र मोदी**



इंडी गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। लालू अपने पुत्र को तो ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया अपने पुत्र को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। – **अमित शाह**



सिलेंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं। मुझे वो वक्त भी याद है, जब मीठी चीनी के लिए कड़वा झूठ बोला गया। ये कड़वा झूठ बोलने वालों ने क्या आपको 13 रुपये किलो चीनी दी है क्या? – **अखिलेश यादव**



अगर संविधान बदल दिया तो पब्लिक सेक्टर, नौकरियां और आरक्षण खत्म हो जाएगा। आपके सारे हक छीन लिए जाएंगे। हिंदुस्तान में 22-25 अमीर लोगों के पास हक बचेंगे। – **राहुल गांधी**

# केंद्रीय मंत्रियों के साथ नेहरू-गांधी परिवार की भी होगी अग्नि परीक्षा

**जीत के लिए भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज लगा रहे जोर**

**कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हैं वरिष्ठ नेता**

**लोकसभा चुनाव का 5वां चरण**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 5वें चरण के लिए होने जा रहे लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह व कौशल किशोर के साथ ही नेहरू-गांधी परिवार की अग्निपरीक्षा होनी है। प्रतिष्ठा से जुड़ीं इन सीटों को जीतने के लिए सत्ता व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं।

1991 से भाजपा के कब्जे में चल रही लखनऊ लोकसभा सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।



मुकाबले में इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। जीत के लिए राजनाथ सिंह लगातार चुनावी सभा के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने में लगे हुए हैं, ताकि ज्यादा मतों से जीत हासिल हो सके, जबकि सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा अपनी जुझारू छवि के सहारे अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। वहीं, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर तीसरी बार जीत के लिए चुनावी संघर्ष कर रहे हैं। सपा ने सजातीय प्रत्याशी आरके चौधरी को चुनाव मैदान में उतार कर चुनावी लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। मोदी लहर के दौरान 2014 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। 2014 के पहले इस सीट पर सपा का कब्जा था।

### अमेठी-रायबरेली में चुनावी संघर्ष तेज



इस चरण में मतदान की तारीख करीब आते ही अमेठी व रायबरेली सीटों पर चुनावी जंग तेज हो गई है। अमेठी सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दोबारा जीत के लिए संघर्ष कर रही हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने राहुल गांधी को शिकस्त दी थी। कांग्रेस ने इस बार अपने परिवार के किसी सदस्य के बजाय करीबी माने-जाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट को वापस लेने के लिए पूरा नेहरू-गांधी परिवार क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव संयुक्त जनसभा कर चुके हैं।

### पुत्र को जिताने के लिए सोनिया ने डाला डेरा



रायबरेली सीट पर भी मुकाबला रोमांचक है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने के लिए सोनिया गांधी ने भी क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। नेहरू-गांधी परिवार ने दोनों सीटों को प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा अमेठी सीट को दोबारा जीतने व रायबरेली सीट कांग्रेस से छीनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। रायबरेली में राहुल गांधी से मुकाबला करने के लिए भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां चुनावी सभाएं कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना चुके हैं। इस चरण की अन्य सीटों जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा में भी भाजपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है।

**इलेक्शन बायस्कोप**



अमेठी में इंडी गठबंधन की संयुक्त जनसभा में शामिल होने से पहले नंद महर धाम में बाबा नंद के दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव। –अमृत विचार

## लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में हो रहा काम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ** : व्यापारियों के लिए लखनऊ सबसे उत्तम क्षेत्र बनकर उभर रहा है। लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में काम चल रहा है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर, नया टर्मिनल, रिंग रोड और एक्सप्रेस वे जैसी योजनाएं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी हैं। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की परियोजना आ रही है। वहीं, दूसरी ओर अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी की ओर से राजाजीपुरम ग्रीन फील्ड स्कूल के पास बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। आलमबाग में प्रगतिशील व्यापार मंडल की सभा में व्यापारियों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। भाजपा नेता ने 20 मई को राजनाथ सिंह को पांच लाख वोट से जिताने का आह्वान किया।



नीरज सिंह

## गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करें निर्वाचन अधिकारी : रिणवा

लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन व वायरलेस सेट ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। इसके लिए



- **मतदान के दिन मोबाइल फोन प्रतिबंधित**

मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,63,78,889 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,00,95,311 व निजी स्थानों से 62,83,578 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,42,059, पोस्टर के 45,78,928, बैनर के 28,03,149 व अन्य 15,71,175 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,88,673, पोस्टर के 29,13,512 बैनर के 15,83,815 व अन्य 8,97,578 मामलों में कार्रवाई की गई।

## 105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई**

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 139 एफआईआर दर्ज कराई गई है। सात एनसीआर समेत कुल 146 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के जरिए बीती 1 मार्च से 16 मई तक कुल 42261.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3373.19 लाख रुपये नकद धनराशि, 5322.77 लाख रुपये कीमत की शराब, 23460.74 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5048.42 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2762.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन हुई कार्रवाई में 16.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 35.04 लाख रुपये कीमत की 13137.36 लीटर शराब, 33.73 लाख रुपये कीमत की 99194.47 ग्राम ड्रग, 15.79 लाख रुपये कीमत के 6893 मुफ्त उपहार व 4.04 लाख रुपये कीमत की 6206 अन्य सामग्री जब्त की गई। इस कार्रवाई के तहत गाजीपुर की जाखानिया (एससी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20.88 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 83550 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है।

# देश की राजनीति का केंद्र बिंदु... मैं रायबरेली हूं


**आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने विकास की रखी नींव**

**समय के साथ पटरी से उतर गया यहां का विकास**

दिलीप सिंह, रायबरेली

मैं रायबरेली हूं.. लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या और कानपुर के मध्य में स्थित हूं। राना बेनी माधव बक्श की वीरता, 7 जनवरी 1921 को किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर हुई अंधाधुंध फायरिंग, जिसमें हजारों किसानों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में देश के लिए प्राण न्योछावर किये थे। मैं इसका गवाह हूं। मुंशीगंज में सई नदी का तट खून से लाल हो गया था, मेरी स्मृति में यह भी है। मैं वही रायबरेली हूं, जहां पर विश्व में आयरन लेडी बनीं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने फिरोज गांधी से शुरू हुए राजनीतिक सफर को आगे बढ़ाया। देश की राजधानी भले ही दिल्ली हो, लेकिन सदैव राजनीति का केंद्र बिंदू मैं ही रही हूं।

फिरोज गांधी के बाद जब इंदिरा गांधी ने जिले की बागडोर संभाली तो मुझे लगा कि अब कुछ बेहतर होगा। उन्होंने रायबरेली के लिए सब कुछ किया। मैं अगर यह कहूं की वह दौर मेरा स्वर्णिम था तो अतिश्योक्ति नहीं है। मैं रायबरेली हूं, हमेशा सत्य के साथ खड़ी रही हूं। 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी के अहंकार को मैंने ही तोड़ा, तब राज नारायण जी को मेरा साथ मिला। इसके बाद इंदिरा को फिर से जीत दिलाकर यह साबित कर दिया कि मैं हमेशा सत्य के साथ हूं। उनके जाने के बाद कुछ समय के लिए गांधी परिवार से नाता टूटा, लेकिन परिवार से जुड़े सदस्य अरुण नेहरू हों या फिर



गांधी परिवार की करीबी रहीं शीला कौल.. जिनको सदन में भेजा। यहां पर यदि मुझे आघात लगा तो वह मुद्दा है मेरे विकास का। इंदिरा गांधी के समय की स्थापित फैक्ट्रियों का धीरे-धीरे पतन होने लगा, लेकिन इसके बावजूद मैं सदैव राजनीति के केंद्र में बनी रही। दो बार स्थानीय प्रत्याशी पर विश्वास जताया। 1996 और 1998 में भाजपा से अशोक सिंह सदन में गए जरूर, लेकिन विकास की रफ्तार धीमी होती चली गई। मुझे लगा कि शायद मैं अब खास से आम होने वाली हूं, लेकिन गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी ने बीड़ा उठाया। 2004 में भारी मतों से जीत दिलायी। इसके बाद से लगातार वह चाहे 2006 उपचुनाव हो या फिर 2009, 2014 और 2019 का चुनाव हो, उनका विश्वास कभी कमजोर होने नहीं दिया।

इस दौरान रायबरेली में सेंध लगाने की भरसक कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस की ओर से एम्स, निफ्ट का तोहफा मिला, लेकिन इसकी सुस्त रफ्तार से हमारा विश्वास भी कमजोर हुआ। आज भी मुझे आयरन लेडी इंदिरा गांधी की कमी सालती है। उनके द्वारा स्थापित फैक्ट्रियों को संजीवनी देने का कार्य किया जाता तो शायद आज मैं इतनी कमजोर न होती।

फिलहाल एक बार फिर से मैं देश की राजनीति के केंद्र में हूं। गांधी परिवार की चौथी पीढ़ी राहुल गांधी ने इस बार बागडोर संभाली है। वहीं जीत के लिए स्थानीय प्रत्याशी के तौर पर दिनेश प्रताप सिंह भाजपा से दम भर रहे हैं। कुछ भी हो रायबरेली का राजनीतिक रसूख आज भी कायम है।

### पहले मां अब बेटे के खिलाफ दिनेश

भाजपा प्रत्याशी लगातार दूसरी बार मैदान में है। इससे पहले वह 10 साल तक कांग्रेस के सिपाही के रूप में जाने जाते रहे। कांग्रेस में रहते वह एमएलसी, उनके भाई अवधेश प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष और एक अन्य भाई राकेश प्रताप सिंह हरचंदपुर से कांग्रेस के विधायक बने। मगर, सत्ता के बदलाव में दिनेश ने पाला बदलने में समझदारी समझी। 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ मैदान में उतरे और कड़ी टक्कर दी। इसके बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफ मैदान में हैं।

### तीसरी बार कमल खिलाने के लिए झोंकी ताकत

1996 और 1998 में कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा। स्थानीय नेता अशोक सिंह ने बतौर भाजपा प्रत्याशी दोनों चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को चारों खाने चित कर दिया। 1999 में अरुण नेहरू ने पाला बदला तो उनके खिलाफ कांग्रेस ने कैप्टन सतीश शर्मा को मैदान में उतारा। इस चुनाव का परिणाम कांग्रेस के लिए सुखद रहा। उसके बाद सोनिया गांधी ने यहां कमान संभाली और लगातार जीतने का क्रम जारी रहा।

### अब तक हुए चुनाव पर एक नजर

| वर्ष | सांसद |
|---|---|
| 1952 | फिरोज गांधी (कांग्रेस) |
| 1958 | फिरोज गांधी (कांग्रेस) |
| 1962 | ब्रजलाल (कांग्रेस) |
| 1967 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1971 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1977 | राजनारायण (बीकेडी) |
| 1980 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1981 | अरुण नेहरू( कांग्रेस) उपचुनाव |
| 1984 | अरुण नेहरू (कांग्रेस) |
| 1989 | शीला कौल (कांग्रेस) |
| 1991 | शीला कौल (कांग्रेस) |
| 1996 | अशोक सिंह (भाजपा) |
| 1998 | अशोक सिंह (भाजपा) |
| 1999 | कैप्टन सतीश शर्मा( कांग्रेस) |
| 2004 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2006 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) उपचुनाव |
| 2009 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2014 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2019 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |

### बड़े-बड़े दिग्गज भी हुए ढेर

- रायबरेली हमेशा सुर्खियों में रही। यहां पर बड़े-बड़े दिग्गज आकर ढेर हो गए। 1952 और 1957 का चुनाव फिरोज गांधी के नाम रहा। फिर 1967 और 1971 में इंदिरा गांधी ने विजय पताका फहराई, लेकिन, 1977 में समाजवादी राज नारायण ने इंदिरा गांधी को 55,202 वोटों से शिकस्त दे दी। हालांकि, तीन वर्ष बाद ही इंदिरा गांधी फिर मैदान में उतरीं और उनके सामने मध्य प्रदेश से राजमाता विजय राजे सिंधिया आईं। लोकदल से महिपाल शास्त्री ने भी ताल ठोंकी, लेकिन इंदिरा गांधी ने करीब पौने दो लाख मतों से बड़ी जीत दर्ज की। चूंकि इंदिरा गांधी आंध्र प्रदेश के मेडक से भी चुनाव जीती थीं। ऐसे में उन्होंने रायबरेली सीट छोड़ दी और यहां उपचुनाव हुआ। जिसमें अरुण नेहरू कांग्रेस प्रत्याशी बनकर आए। जबकि उनके खिलाफ ताल ठोंकने जनेश्वर मिश्र उतरे, लेकिन अरुण नेहरू ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की। 1984 में सविता अंबेडकर अरुण नेहरू के खिलाफ उतरीं। वे भी हार कर लौट गईं।

# राजा भैया खामोश.. समर्थकों ने की साइकिल की सवारी

**जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने इस बार नहीं उतारा है कोई प्रत्याशी**

**अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में राजा भैया और सपा की नजदीकी की जताई थी उम्मीद**

रवि प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़

लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक पारा उतना ही बढ़ता जा रहा है। बात राजा भैया से जुड़ी हो तो राजनीतिक तपिश लाजमी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। मंगलवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक में मंच से कहा कि आप लोग जिसे चाहे वोट कर सकते हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कुण्डा क्षेत्र का एक वीडियो वायरल



अखिलेश यादव



राजा भइया



पुष्पेंद्र सरोज

हुआ। जिसमें राजा भैया समर्थक कौशांबी सीट से सपा प्रत्याशी के साथ प्रचार कर रहे हैं। राजा भैया और अखिलेश यादव जिंदाबाद का नारा लगाते हुए जनसम्पर्क करते रहे।

अखिलेश और राजा भैया की नजदीकी की बात अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। हालांकि समर्थकों ने भले ही साइकिल की सवारी कर ली है, राजा भैया मौन साधे हुए हैं। अब देखना यह है कि राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा। यह वक्त ही तय करेगा। कुण्डा से विधायक राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपनी दावेदारी ठोंकी।



कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। राजा भैया यहां से 7वीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने। इस बार के लोकसभा चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। इस कारण से राजा भैया समर्थक वोटिंग को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। ऐसे में राजा भैया ने मंगलवार को बेंती कोठी पर हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि सोच समझकर प्रत्याशी का चुनाव करें। कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं की मैं जिम्मेदारी लूं कि वह आपके लिए उपलब्ध रहेगा। नोटा का बटन न दबाने और मतदान जरूर करने की अपील की। पार्टी के पदाधिकारियों व आम लोगों की राय भी ली। सभी की बात सुनने के बाद अंत में राजा भैया ने कहा कि सपा और भाजपा से चुनाव लड़ रहे दोनों लोकसभा प्रत्याशी मुझसे मिलने आए थे। मैंने उनसे स्पष्ट रूप से कह दिया था कि पहले अपने पूरे परिवार (जनसत्ता दल लोकतांत्रिक कार्यकर्ताओं) से विचार विमर्श करेंगे, उसके बाद ही कोई निर्णय लेंगे।

### राज्यसभा के चुनाव से नया समीकरण

बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशांबी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र, दो बार से विनोद सोनकर

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

> जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए वोट देने के लिए उन्हें स्वयं निर्णय लेने के लिए कहा है। वोट देने के लिए किसी पार्टी का नाम नहीं लिया गया है। हां.. एक बात जरूर है नोटा बटन न दबाने की अपील की गई है।
>
> –**विनोद सरोज**, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

## चुनावी चक्कर

- **क्षेत्रीय प्रत्याशी को छोड़ भाजपा के लिए सक्रिय हैं अदिति सिंह :**

लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में सरगर्मी तेज है। चार चरणों के चुनाव के बावजूद दल-बदलुओं की भी कमी नहीं। सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे के मजबूत नेताओं को अपना बनाने की जुगत में जुटा है। ऐसे में प्रचार में जुटे नेता तनिक सशंकित भी हैं कि पता नहीं कब, कौन साथ छोड़ दे। इस बीच, कुछ तस्वीरें उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दरअसल, रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाली सदर विधानसभा सीट से भाजपा की विधायक अदिति सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के अलावा अन्य सीटों पर प्रचार कर रही हैं। अदिति सिंह के सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर साझा की गई पोस्ट को देख कर सामने आया है कि वह अंबेडकरनगर में भाजपा प्रत्याशी ऋतेश पांडेय, लखनऊ में रक्षा मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के प्रचार में पहुंचीं। इससे पहले वह गृह मंत्री अमित शाह की रायबरेली की भी जनसभा में शामिल हुईं थीं। हालांकि, इस रैली में दिनेश प्रताप सिंह भी बतौर प्रत्याशी मौजूद थे। माना जा रहा है कि अदिति सिंह इस चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में प्रचार नहीं कर रहीं। रायबरेली सीट पर 20 मई को मतदान भी होना है। ऐसा नहीं है कि अदिति, प्रचार को लेकर सक्रिय नहीं हैं, बस उनकी सक्रियता रायबरेली प्रत्याशी के लिए नजर नहीं आ रही। उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर देखा जा सकता है कि वह रायबरेली में भी अलग-अलग लोगों से मुलाकात कर उनके सुख और दु:ख में साथ दिख रहीं हैं, लेकिन दिनेश प्रताप सिंह के प्रचार में वह सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं। कई मौकों पर यह भी देखा गया है कि सरकारी कार्यक्रमों के मंच से अदिति अगर संबोधित भी करती हैं तो वह दिनेश प्रताप सिंह का नाम भी नहीं लेतीं। बहराल, एक न्यूज चैनल से उन्होंने कहा था- मैं भाजपा के साथ हूं और भाजपा का जो प्रत्याशी है वो मेरा प्रत्याशी है। उन्होंने अपने पिता के साथ डाली हुई अपने फोटो पर कहा था कि हर चुनाव में वो अपने पिता और उनकी सिखायीं बातों को याद करती हैं।

# भजन गायिका पत्नी को तीसरी मंजिल से फेंककर मार डाला

## कानपुर के हंसपुरम में गुरुवार की देर रात हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


सपना उर्फ नीलम।

- ससुर की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ दर्ज की हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नौबस्ता थानाक्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम में गुरुवार देर रात पति ने भजन गायिका पत्नी को जमकर मारापीटा और तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी पति अपनी बेटी को लेकर फरार हो गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।

हरबंश मोहाल के रहने वाले शिवकुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी 35 वर्षीय सपना उर्फ नीलम की शादी नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी राहुल तिवारी से वर्ष 2010 में की थी। राहुल तिवारी मूलरूप से घाटमपुर का रहने वाला है। सपना से उसे एक बेटा 10 वर्षीय समर तिवारी और 6 वर्षीय बेटी शौर्या तिवारी है। सपना भजन गायिका थी। वह कई शहरों में धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर भजन गाती थी। यूटयूब में भी उसके काफी फालोवर हैं। दामाद राहुल तिवारी नशे का लती है और कुछ नहीं करता है। सपना की कमाई भी वह शराब में उड़ा देता था। रुपये देने से मना करने पर आए दिन उसे मारता पीटता था। गुरुवार रात करीब 12 बजे दामाद और बेटी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद राहुल सपना को लेकर तीसरी मंजिल पर पहुंच गया और पीटने के बाद वहां से उसे धक्का दे दिया। सपना का मोबाइल मायके में ही छूट गया था।

जिस पर रात 12 बजे के आसपास देवर अंकित तिवारी का फोन आया और उसने घटना की जानकारी दी। देवर ने बताया कि वह भाभी सपना को हैलट ले जा रहा है। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी उसकी मां मीना और छोटी बहन निक्की को दी गई तो कोहराम मच गया। मां मीना अचेत हो गई।

# अतीक का करीबी शराब माफिया गुरमीत भेजा गया जेल

**प्रयागराज, अमृत विचार:** अतीक के करीबी शराब माफिया गुरमीत सिंह उर्फ दीपक सरकार को पुलिस ने शुक्रवार को स्वरूपरानी अस्पताल से से सीधे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दीपक सरकार बीमार होने पर न्यायिक अभिरक्षा में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया था। अतीक के करीबी शराब माफिया गुरमीत उर्फ़ दीपक सरकार की शुक्रवार को डॉक्टरों द्वारा दी गयी रिपोर्ट के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने दीपक सरकार को कड़ी सुरक्षा में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया। जांच में दीपक सरकार का सम्बंध माफिया अतीक के आईएस 227 गैंग से जुड़ा पाया गया हैं। 13 मई को छापेमारी में गुरमीत को उसके घर से धूमनगंज पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए पकड़ा था।दीपक सरदार तोपखाना कैंट का निवासी है। उसके दो साथी अनीस व शरदराज सोनकर भी दीपक के साथ मौके पर गिरफ्तार किये गए थे।

# गुंडा एक्ट का दुरुपयोग : राज्य पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- कोर्ट ने याची के खिलाफ नोटिस को रद किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिरोजाबाद जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा याचियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3 के तहत जारी नोटिस को रद्द करते हुए गुंडा एक्ट के दुरुपयोग के कारण राज्य पर 30 हजार का जुर्माना लगाया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने राकेश वर्मा और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही प्रमुख सचिव (गृह), लखनऊ को आदेश दिया कि वे याचियों को 2 महीने के भीतर 30 हजार रुपए का भुगतान करें।

दरअसल याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचियों के खिलाफ केवल दो ही मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक चचेरे भाई द्वारा संपत्ति विवाद को लेकर प्रतिशोधात्मक कार्यवाही के रूप में दर्ज करवाया गया है और एक अन्य मामला व्यावसायिक लेनदेन से संबंधित है। दोनों मामलों का सार्वजनिक शांति, कानून और व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है। इसके अलावा याची के अधिवक्ता ने एक मामले का हवाला देते हुए कहा कि केवल एक या दो मामलों में आरोपी होने से अभियुक्त को आदतन अपराधी मानकर उसके खिलाफ उक्त अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने याची के खिलाफ आक्षेपित नोटिस को रद करते हुए मामले को निस्तारित किया।

## सार-संक्षेप

### सफाई वाहन स्वच्छता संदेश के साथ पढ़ाएंगे यातायात नियमों का पाठ, सभी नगर आयुक्तों को भेजा पत्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** नगर निगम के सफाई वाहन अब सिर्फ स्वच्छता ही नहीं यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाएंगे। लोगों को जागरूक करेंगे। बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि नगर निगमों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के वाहनों में लगे स्पीकर के माध्यम से ऑडियो क्लिप चलाई जाए जिससे लोग जागरूक हों। चूंकि नगर निगम के स्वच्छता वाहन सुबह क्षेत्रीय स्तर पर घूमते हैं। इनमें स्पीकर लगे होते हैं। इनमें चल रहे स्वच्छता के निर्देशों को गौर से सुनते हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन अपनी महती भूमिका अदा कर सकते हैं और इनसे सफाई के निर्देशों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा की ऑडियो क्लिप चलने से अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। लोग इन्हें सुनें और यातायात नियमों के पालन के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। वाहन चलाते वक्त सजग हों।

### 82.90 प्रतिशत घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन

**लखनऊ, अमृत विचार :** साल 2017 की तुलना में वर्तमान में उप्र. के 36 जिलों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है और 34 विकास खण्ड संकटग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। साल 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को शामिल करते हुए आच्छादित करते शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के काम को पूरा किया गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की शुक्रवार को लोकभवन में समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आयी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक नल कनेक्शन पहुंच जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाकी बचे घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये। इसके साथ मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये।

### अखिलेश-राहुल का पोस्टर लगा लिखा करन-अर्जुन




**रायबरेली :** रायबरेली संसदीय सीट के लिए आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा हुई। इसे लेकर दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच में उत्साह रहा। समाजवादी पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने तो यहां तक कि शहर के अलग-अलग जगह पर करण-अर्जुन नाम के पोस्टर भी लगा दिए हैं। समाजवादी रंग में रंगे पोस्टर में जिले के सपा नेता ने लिखा है कि "पीडीए के करण अर्जुन" अखिलेश यादव-राहुल गांधी।

### बसपा सांसद अतुल राय को जमानत से इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को जमानत देने से इंकार कर दिया है। इसके पूर्व 29 जनवरी 2024 को उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की एफआईआर लिखाई थी। हालांकि, दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है।

# शिया बोर्ड ने शहीद-ए-सालिस मजार के मुतवल्ली को पद से हटाया

**आगरा में है मजार**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने आगरा स्थित नूरुल्लाह शूस्त्री उर्फ़ शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली मौलाना आगा रूही और उनके बेटों को उनके पद से हटा दिया है।

बोर्ड ने मौलाना और उनके बेटों पर मजार पर आने वाले जायरीन के ठहरने वाले कमरों का किराया बढ़ाने और दान पात्र व बैंक एकाउंट में जमा रकम में घपले का आरोप लगाया है।बोर्ड का कहना है कि मौलाना और उनके बेटों (मुर्तजा नासिर और अब्बास नासिर) ने मजार की आमदनी को तो हासिल किया लेकिन वहां काम करने वालों को वेतन देना भी बंद कर दिया। बोर्ड ने इस सम्बन्ध में मौलाना से कई बार सम्पर्क किया लेकिन उन्होंने अपनी राजनीतिक पहचान और रसूक के बाल पर किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया। बोर्ड ने हालात से निबटने के लिए शहीद-ए-सालिस की मजार की देखरेख के लिए वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया और वहां की देखरेख के लिए अपना प्रशिक्षित स्टाफ भी भेजा लेकिन मौलाना ने बोर्ड की टीम को चार्ज भी नहीं लेने दिया।

# शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को दिया जन्म

**इटावा लॉयन सफारी**

कार्यालय संवाददाता, इटावा



- रूपा ने तीन सितंबर को भी दो शावकों को जन्म दिया था
- एक की हो गई थी मौत, दूसरे को नेटिव केयर यूनिट में रखा गया

**अमृत विचार:** इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने बीती रात चार मृत शावकों को जन्म दिया। प्रीमेच्योर डिलीवरी होने के कारण सभी शावक मृत पैदा हुए, जिससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सफारी प्रशासन का कहना है की रूपा के प्रसव की तारीख 5 - 6 जून अनुमानित थी, जिसे लेकर सफारी प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारियां कर रखी थीं लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने बीती रात एक-एक करके चार मृत शावकों को जन्म दिया। इससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया। सफारी प्रशासन ने बताया कि रूपा की मीटिंग शेर कान्हा से फरवरी के महीने में कराई गई थी। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक उसे 5, 6 जून को शावकों को जन्म देना था लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया।

सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी रूपा को गर्भवती होने के बाद विशेष इंतजामों के बीच रखा गया था। उसकी पूरी देखरेख की जा रही थी। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह को भी बुलाया गया था जो रूपा की देखरेख में लगे हुए थे। इससे पहले पहली बार में रूपा ने 3 सितंबर को दो शावकों को जन्म दिया था इनमें से एक शावक की मौत हो गई थी दूसरे शावक को नेटिव केयर यूनिट में रखा गया है। रूपा के चार शावकों की मौत का कारण जानने के लिए शावकों के शरीर को आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

# उच्च अधिकारियों के खिलाफ जांच में ढिलाई से विश्वसनीयता होती है कमजोर : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि कानूनी कार्यवाही के क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की प्राप्ति सर्वोपरि है। सब रजिस्ट्रार के खिलाफ लगाए गए आरोप महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों वाले अधिकारियों से अपेक्षित विश्वास और सत्यनिष्ठा पर आघात करते हैं। यह राज्य सरकार पर निर्भर है कि वह इन आरोपों की परिश्रमपूर्वक जांच करे और किसी भी गलत काम को संबोधित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। कोर्ट ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे उसकी स्थिति या अधिकार कुछ भी हो, जांच से ऊपर नहीं है या जवाबदेही से मुक्त नहीं है। मुख्य रूप से कोर्ट ने कहा कि जिन सरकारी अधिकारियों को कानून बनाए रखने और जनता के हितों की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उनसे ईमानदारी और परिश्रम की उम्मीद की जाती है। सार्वजनिक विश्वास के संरक्षक के रूप में राज्य सरकार को जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। कदाचार के आरोपों से निपटने में कोई भी ढिलाई या उदासीनता पूरी प्रशासनिक मशीनरी की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास को कम करती है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने प्रमुख सचिव, स्टाम्प और पंजीकरण, उत्तर प्रदेश सरकार को सब रजिस्ट्रार के खिलाफ शुरू की गई जांच जारी रखने और उसे तार्किक अंत तक लाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि इस आदेश से छह महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मौजूदा याचिका में जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर (स्टाम्प), जौनपुर द्वारा पारित 3 फरवरी, 2023 के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि कलेक्टर (स्टाम्प) के पास आदेश वापस लेने या उसकी समीक्षा करने की शक्ति नहीं है। अतः न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने आक्षेपित आदेश को रद्द करते हुए श्रीमती शिवानी चौरसिया और अन्य की याचिका को अनुमति दे दी।

# 4 जून को बनेगी गठबंधन सरकार : राहुल

संवाददाता, रायबरेली


रायबरेली में एक मंच पर मौजूद सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव व प्रियंका गांधी।

**अमृत विचार:** रायबरेली संसदीय सीट को लेकर कांग्रेस और भाजपा में कशमकश का दौर चल रहा है। शुक्रवार को रायबरेली का सियासी तापमान सामान्य तापमान से अधिक रहा। शहर के आईटीआई मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभा में सोनिया गांधी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रियंका के साथ प्रत्याशी राहुल गांधी ने सम्बोधित किया।

रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर सियासी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके नेता बेरोजगारी, महंगाई को लेकर कभी चर्चा नहीं करते हैं। संविधान को लेकर कहते हैं कि हमारी सरकार आने पर बदल देंगे, लेकिन कांग्रेस कभी बदलने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी से जो कहो वह बुलवा सकता हूं। हम कहते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं, गरीबों के खाते में खटाखट पैसे आएंगे वहीं अब नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि हम बैंक अकाउंट में टकाटक-टकाटक-टकाटक-टकाटक पैसा डालेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले ही हार मान मान चुके है। 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होंगे इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी और वह सरकार आपकी सरकार होगी किसानों की मजदूरों की छोटे व्यापारियों की युवाओं की सरकार होगी।

राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा में आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राहुल गांधी जी को न केवल जिताना है बल्कि देश की रिकॉर्ड जीतो में यह रायबरेली शामिल होने जा रहा है। रायबरेली की राय ने तय कर दी है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता है जो हर जगह पर अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। बीजेपी नौ दो ग्यारह हो गई है। भारतीय जनता पार्टी चार चरणों में चारों खाने चित हो गई है। यह बीजेपी का रथ लेकर भाजपा के लोग घूम रहे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में वह फंस गए हैं। बीजेपी वाले वही लोग हैं जो किसानों के ऊपर चार काले कानून लागू कर रहे थे। यह लोग न केवल उनकी जमीन कब्जा करना चाहते थे खेत बल्कि उनकी पैदावार की भी लूट करना चाहते थे यह किसानों को आय दुगनी की बात कहने वाले लोग किसानों को आय दोगुनी का वादा करने वाले उनकी हर बार बात झूठी निकली। हर परीक्षा का पेपर लीक हुआ केवल हमारे नौजवानों की नौकरी छीनी है। प्रियंका गांधी ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा रायबरेली से गांधी परिवार के पुराने रिश्ते हैं। रायबरेली उनका घर है। वहीं कार्यक्रम में आई सोनिया गांधी ने भी कहा कि मैं अपना बेटा अब तुम्हे सौंप रही हूं। इस मौके पर भूपेश बघेल, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-73

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| 4 | ■ | ■ | 5 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 8 |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -72 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | ■ | ■ | 2 शे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 कु | शे | श | य |
| ■ | 4 उ | ■ | रे | ■ | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | द | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | ■ | ■ | कुं |
| ■ | फे | ■ | ■ | ■ | ■ | च |
| 7 वा | र | ना | ■ | 8 नै | ति | क |

## सुडोकू -152

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | 3 | |
| | 2 | 4 | | | | | | |
| | | | 2 | 6 | 7 | | | |
| 5 | | | 3 | 7 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| 3 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | | 8 | 5 | 1 | | | |
| | 3 | | | | | 7 | 2 | |
| | 6 | 5 | | | | 9 | | |

### सुडोकू -151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 11.22 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 मई 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज आय के मुकाबले व्यय अधिक होगा। दूसरों पर से ध्यान हटाकर अपने ऊपर अधिक ध्यान दें। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार आयेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको नुकसान हो सकता है। आपके भीतर दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी।

**वृष:** आज आपको शांतिपूर्ण तरीके से परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। गुस्से और क्रोध में आकर त्वरित निर्णय लेने से बचें। अधिकारी वर्ग से आपको कुछ सावधान रहना चाहिए।

**मिथुन:** आज आपके स्वभाव में कुछ चंचलता और व्यग्रता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को टालने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज नई नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की परेशानियों से निजात मिल सकती है। व्यवसाय में विस्तार कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह:** आज किसी गुप्त चिंता के कारण मन उद्वेलित हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से आप क्षुब्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से बचें।

**कन्या:** आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आपकी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला:** आज मन में अनावश्यक विचारों को उत्पन्न न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा तालमेल बिठाकर रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा हो सकती है। विदेश में नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ी परेशानी होगी।

**वृश्चिक:** आज अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के होने से आप संतुष्टि का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नये प्रयोग कर सकते हैं। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। युवा जातकों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**धनु:** आज दोस्तों से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है, जो आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दूसरों के बारे में हमेशा अच्छा सोचें।

**मकर:** आज किसी देवस्थल में प्रार्थना के लिए जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। सकारात्मक गतिविधियों में आपका समय व्यतीत होगा। राजनीतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पाएंगे।

**कुंभ:** आज अपने विचारों को लेकर हठधर्मिता का त्याग करें। वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण हो सकता है। तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से बचें। इंटरनेट पर प्रलोभनों से आपको बचना चाहिए। आशानुरूप कार्य न होने से आपका मनोबल गिर सकता है।

**मीन:** आज आपके कई बिगड़े हुए काम बनेंगे। आय बढ़ने से आपका चित्त प्रसन्न होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप पुराने अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। आपके आधिकारिक स्वभाव में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.44
धड़कन — रात : 07.01

**SONY PIX**
लाइफ — सुबह : 10.18
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.12

**SONY MAX**
निकम्मा — सुबह : 09.48
सिर्फ एक बंदा काफी है — रात : 09.30

**ZEE CINEMA**
करण अर्जुन — सुबह : 11.00
कोयला — शाम : 05.05

**colors CINEPLEX**
नमक हलाल — सुबह : 11.00
भागम भाग — दोपहर : 02.48

### आज की सुपरहिट फिल्म



बी 4 यू पर रात : 07.01 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति- जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

**आज का मुकाबला**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## आरसीबी-सीएसके की टक्कर में बारिश की आशंका

बेंगलुरु, एजेंसी



लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका है। बता दें कि आरसीबी को 18 रन से या दिए गए लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते पाना होगा। तभी प्लेआफ में जगह बना पाएगी।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है।

आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।

## विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया जाएंगी दीपिका

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट टॉप्स में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। एमओसी ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।



## संन्यास की घोषणा से पहले विराट को सब बताया : छेत्री

बेंगलुरु, एजेंसी



भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया।

भारत के लिये सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से कहा कि मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है, मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है।

## खेल डायरी

### शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन



**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारतीय दल के लिए यह आसान दिन नहीं था। अरविंद चितांबरम सबसे पसंदीदा खिलाड़ी थे। अरविंद ने अजरबैजान के मुरादली महम्मद को हराकर अग्रणी समूह में एकमात्र भारतीय बने।

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

### पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**कोबे।** ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53 .97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15 :12 .37 था। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल और पुरुषों की 1,500 मीटर टी11 का स्वर्ण पदक जीता था।

### पैरा एथलीट कैल्कागिन ने पुरुषों की 100 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोबे।** इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्कागिन ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के शहर कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्कागिन ने 15 .39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15 .80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।


### फिक्सिंग में कप्तान और दो अन्य खिलाड़ी गिरफ्तार



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गए मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किए गए जो सफल नहीं हो सके।

# निकोलस ने लखनऊ को पहुंचाया 200 पार

## पूरन ने खेली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी, रोहित के अर्धशतक के बाद ढह गई आधी टीम



निकोलस पूरन
75 रन
29 गेंद

मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन (75) और कप्तान के एल राहुल (55) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 67वें मैच में मुंबई इंडियंस को दिया 215 रनों का लक्ष्य दिया है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम को रोहित शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने सधी शुरुआत दिलाई। चौथे ओवर में बारिश के चलते खेल कुछ देर के लिए रोका भी गया। दोबारा खेल शुरू होने के बाद मुंबई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन जोड़े। नौवें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस (23) के रूप में लखनऊ को पहली सफलता मिली। वहीं, सूर्यकुमार खाता भी नहीं खो सके। खबर लिखे जाने तक 15 ओवर में मुंबई पांच विकेट के नुकसान पर 125 रन बना चुकी थी। रोहित (68) बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान हार्दिक 16 रन ही बना सके। मुंबई को 30 गेंदों में 90 रन की दरकार थी।



पारी के दौरान लगाते डेवाल्ड ब्रेविस। ● एजेंसी

इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल (शून्य) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद कप्तान केएल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। छठें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (28) रन पर आउट हुये। उसके बाद दीपक हुड्डा (11), अरशद खान (शून्य) बनाकर आउट हुये। कप्तान के एल राहुल ने 41 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 55 रन बनाए।

निकोलस पूरन ने 29 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के लगाते हुए (75) रनों की तूफानी पारी खेली। आयुष बदोनी (22) और क्रुणाल (17)रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस की ओर से नुवान तुषारा और पीयूष चावला ने तीन-तीन विकेट लिए।

**55** रनों की पारी लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान केएल राहुल के बल्ले से निकली, अंतिम ओवरों में आयुष बडोनी ने बनाए नाबाद 9 गेंदों में 22 रन

**लखनऊ 214/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच तुषारा बो पीयूष चावला | 55 | 41 | 3/3 |
| देवदत्त पड्डिकल पगबाधा नुवान तुषारा | 0 | 0 | 0/0 |
| मार्कस स्टोयनिस पगबाधा पीयूष चावला | 28 | 22 | 5/0 |
| दीपक हुड्डा कैच निहाल बो पीयूष चावला | 11 | 9 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सूर्यकुमार बो तुषारा | 75 | 29 | 5/8 |
| अशरद खान कैच निहाल बो तुषारा | 0 | 1 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 22 | 9 | 1/2 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 12 | 7 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, निहाल वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

## हमें मानसिक शांति की जरूरत : महिला पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी




पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।

## ओलंपिक में मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है।



पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।

## अभी मेरे रिकॉर्ड पर कोई खतरा नहीं : बोल्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे।



न्यूयॉर्क से फोन पर दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज अली

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली अपनी सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म सुपरहिट रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली, रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की तरफ से इम्तियाज अली के साथ संगीतकार ए आर रहमान गीतकार इरशाद कामिल और गायक मोहित चौहान की बातचीत का एक वीडियो जारी किया गया। इसमें चारों एक साथ की गई अपनी फिल्मों और गानों पर बातें करते हैं। एआर रहमान इम्तियाज से पूछते हैं कि क्या हम राकस्टार 2 बना रहे हैं? इस पर इम्तियाज कहते हैं, हमारे पास इस बारे में बताने के लिए म्यूजिकली कुछ तो होना ही चाहिए। एआर रहमान कहानी क्राउडसोर्स करने का सुझाव इम्तियाज अली को देते हैं। रहमान कहते हैं, हमें इसे जनता पर छोड़ देना चाहिए। इस फिल्म के लिए क्राउडसोर्स करते हैं। भविष्य आप कभी नहीं जानते हैं। मेरा मतलब है कि आप क्राउडसोर्स के माध्यम से लाखों कहानियां पा सकते हैं। इम्तियाज अली कहते हैं कि उम्मीद है कि जल्दी ही कुछ न कुछ आएगी।



### पश्मीना रोशन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।

### धड़कन का सीक्वल चाहते हैं धर्मेश

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक धर्मेश दर्शन अपनी सुपरहिट फिल्म धड़कन का सीक्वल बनाना चाहते हैं। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। धड़कन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई, साथ ही फिल्म के सभी गाने चार्ट बस्टर साबित हुए। धर्मेश दर्शन ने बताया मैं धड़कन का सीक्वल बनाने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी।

**टेक्सास, फ्लोरिडा, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी 17 टीमें**

# टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच कार्यक्रम जारी

दुबई, एजेंसी

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अभ्यास मैच 27 मई से एक जून तक अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए अभ्यास मैच के कार्यक्रम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। भारत एक जून को अपना अभ्यास मैच बंगलादेश के साथ खेलेगा। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अभ्यास मैच नहीं खेल रहे है। सभी अभ्यास मैच प्रति पक्ष 20-20 ओवरों के होंगे। इसमें टीमों को अपने 15-15 खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतरने की अनुमति मिलेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 अभ्यास मैच का कार्यक्रम इस प्रकार है।

### बांग्लादेश से 1 जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेल रहे हैं।

### 27 से 31 मई तक अभ्यास सत्र में खुद को परखेंगी विश्व की टीमें

**27 मई :** कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10 :30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15 :00 बजे नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19 :00 बजे।

**28 मई :** श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10 :30 बजे। बंगलादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10 :30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19 :00 बजे।

**29 मई :** दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10 :30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13 :00 बजे।

**30 मई :** नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10 :30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10 :30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15 :00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15 :00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19 :00 बजे।

**31 मई :** आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10 :30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10 :30 बजे। एक जून को : बंगलादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी अमेरिका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन में सफर किया। • एजेंसी

## एक नजर

### टेक्सास में विकराल तूफान, चार की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद कर दीं।

### चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। यूएन डीईएसए के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है।

### अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

**तेल अवीव।** गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

# रूस में भारतीयों के लिए होगी वीजा फ्री एंट्री, दोनों देश करेंगे समझौता

**मॉस्को, एजेंसी**

• रूस के विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने विवरण साझा किया



भारत और रूस वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान के लिए ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चर्चा का पहला दौर जून के लिए निर्धारित है, इस दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है।

रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-इस्लामिक वर्ल्ड, कज़ानफोरम 2024 में आगामी वार्ता के बारे में विवरण साझा किया है। रूस के कजान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीजा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कोंद्रायेव ने बताया कि हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आंतरिक समन्वय के अंतिम चरण के करीब हैं और जल्द ही एक मसौदा समझौते पर चर्चा करेंगे। निकिता ने कहा कि रूस की योजना चीन और ईरान के साथ पहले ही इस तरह के किए गए समझौते को भारत के साथ दोहराना है। रूस और चीन ने पिछले साल 1 अगस्त को वीजा मुक्त समूह पर्यटन के आदान-प्रदान की शुरुआत की थी।

## शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया। शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।

# खरीदने जा रहे हैं इलेक्ट्रिक कार तो इन जरूरी बातों का रखें ध्यान



भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च हो रही हैं। टाटा मोटर्स से लेकर ब्रिटिश कार मेकर एमजी तक की इलेक्ट्रिक कार भारतीय सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। यह गाड़ी न सिर्फ वायु प्रदूषण से बचाती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी नहीं करतीं। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक कार खरीदने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं। कार एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक आपको इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### डेली चार्ज करने की सुविधा

नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले ध्यान रखें कि आपके पास कार को चार्ज की सही जगह मौजूद हो, ताकि उस कार को डेली चार्ज किया जा सके। कई वाहन निर्माता कंपनियां कार चार्जर साथ देती है और उसे एक दीवार पर इंस्टॉल कर देती हैं। घर पर कार चार्जिंग में काफी अधिक समय लगता है। जबकि डीसी चार्जर की मदद से एक कार की बैटरी 0-80 प्रतिशत बैटरी को सिर्फ 30-45 मिनट में चार्जर किया जा सकता है।

### फ्यूलिंग सिस्टम बेहद अहम

इलेक्ट्रिक कार खरीदने से पहले यह समझ लें कि पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार के फ्यूलिंग सिस्टम का ज्यादा ध्यान रखना होता है। दरअसल, पेट्रोल कार में फ्यूल आप किसी भी करीबी पंप से भरा सकते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार के साथ ऐसा नहीं है। बैटरी चार्जिंग का ध्यान रखना होगा।

### डेली तय होने वाली दूरी

अगर आप ऑफिस या कहीं दूसरी जगह नियमित समय पर जाते हैं, तो आपको ध्यान देना है कि क्या इसकी ड्राइविंग रेंज उतनी है, जितनी आपको जरूरत है। हर किसी कार की असली रोड पर ड्राइविंग रेंज को जानें।

### पहले ज्यादा पैसे खर्च, बाद में सेविंग

दरअसल, बहुत से लोगों के मन में एक सवाल आता है कि अगर आप पेट्रोल की तुलना में ईवी खरीदते हैं तो उसकी कीमत तो ज्यादा होगी, तो क्या वह सेविंग भी कर पाएंगे। उदाहरण से समझते हैं दरअसल, मुंबई में टाटा नेक्सान पेट्रोल की कीमत 14 लाख रुपये कीमत है, जबकि टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत 18 लाख रुपये है। पेट्रोल इंजन 6.7 रुपये प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग कॉस्ट आती है। वहीं, इलेक्ट्रिक ईवी नेक्सॉन की प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज 97 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

# भारतीय मूल के सांसद बोले- भारत मानवाधिकारों पर नहीं सुनेगा लेक्चर

## इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में सांसदों ने उठाया मुद्दा

**वाशिंगटन, एजेंसी**



इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में उपस्थित भारतीय मूल के सांसद। • एजेंसी

भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा कि मानवाधिकारों पर भारत को लेक्चर देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं।

कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स एक पैनल चर्चा में इस मामले पर बात की। भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने लोगों से कहा कि भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, तब आप विदेश मंत्री जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना उपयोगी नहीं होगा। खन्ना ने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

• सांसदों ने कहा- भारत रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है, अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

### जीवंत लोकतंत्र में प्रेस की आजादी होनी चाहिए : डॉ. अमी बेरा

सांसद डॉ. अमी बेरा ने कहा आप देखिए कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में क्या हो रहा है। आप दरअसल कोई व्यवहार्य विपक्षी दल नहीं देख रहे या कहें तो इसे समाप्त किया जा रहा है। जीवंत लोकतंत्र में ये सभी चीजें होनी चाहिए- बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी। मुझे उम्मीद है कि आपको कभी ट्रंप का दूसरा कार्यकाल नहीं देखना पड़े, लेकिन अगर ऐसा हो भी जाए तो भी आप देखेंगे कि हमारा लोकतंत्र बचा रहेगा। मैं निश्चित रूप से आशा करता हूं कि भारत का लोकतंत्र भी बचा रहे।

### हमें अपने देश और अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए : प्रमिला

सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि वह बेरा और खन्ना दोनों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल एक चीज जोड़ना चाहती हूं कि मुझे लगता है कि हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। यह संसद का असल काम है। हमें उपदेश नहीं देना चाहिए। हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से आर्थिक पहलू अहम है। भारत हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बदलते परिदृश्य के कारण भी वह एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

### अमेरिका को भारत की शक्ति पहचानना होगा : थानेदार

सांसद श्री थानेदार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते के पक्षधर हैं। थानेदार ने कहा अमेरिका को भारत की शक्ति, उसकी आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। इसलिए मैं मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहा हूं।


## दक्षिण पूर्व एशिया में 29.4 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने शुक्रवार को कहा कि उच्च रक्तचाप का गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वैश्विक महामारी में बड़ा योगदान है और यह वैश्विक स्तर पर मृत्यु और दिव्यांगता के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

वाजेद ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 29.4 करोड़ से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वाजेद ने कहा कि वैश्विक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उच्च रक्तचाप को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत है। यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य दायरे की दिशा में हर देश की यात्रा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। इस वर्ष का विषय में अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए नमक, तंबाकू और शराब का अधिक सेवन, अपौष्टिक आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण प्रमुख जोखिम कारक हैं। वाजेद ने कहा शीघ्र पहचान और नियंत्रण महत्वपूर्ण है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित वयस्कों में से आधे लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह रोग है। छह में से लगभग एक व्यक्ति का रक्तचाप नियंत्रण में नहीं है।

# सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक



अमेरिका द्वारा तैयार किया गया पोतघाट। • एजेंसी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

• अमेरिका द्वारा बनाए पोतघाट से एक दिन में 150 ट्रक ले जा सकते
• इजराइल ने गाजा में युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर लगा रखे प्रतिबंध

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है। अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।

### इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों को नकारा

**हेग (नीदरलैंड)।** इजराइल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में सुनवाई के दौरान गाजा में नरसंहार के आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह सैन्य कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों का जवाब दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद न्यायालय ने तीसरी बार सुनवाई की।

# आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• विदेश मंत्री ने कहा- एशिया में नए तनाव पैदा हुए



एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा कि दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है।

समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

## और बढ़ी ब्रिटिश पीएम सुनक व पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति

**लंदन, एजेंसी**

• रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग



इन्फोसिस के कारण ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की रईसी बढ़ती जा रही है। दो साल पहले एनुअल संडे टाइम्स रिच लिस्ट में पहली बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जगह बनाई थी। इस लिस्ट के 2024 एडिशन में वे और ऊपर पहुंच गए हैं।

उनकी रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग है। सुनक और अक्षता दोनों की उम्र 44 साल है। यह कपल 65.1 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल 275वें पायदान पर था। लिस्ट में अब यह चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं। अक्षता इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

## तैयारी



पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को तैयार करने में जुटे कारीगर। • एजेंसी

**ग्लोबल वार्मिंग** | खाड़ी देशों में अधिक तूफान उठने की संभावना

# सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा ला नीना

**संवाददाता, नैनीताल**



मानसून बारिश का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** इस बार ला नीना के मानसून पर कहर बनकर टूटने की सम्भवना जताई जा रही। उत्तराखंड राज्य भी इसके प्रभाव से अछूता नही रहेगा। वहीं दुनिया के कई देशों में इसका असर बड़े तूफानों के रूप में देखे जाने की आशंका मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग का असर धीरे-धीरे पैर पसारते जा रहा है। पिछले साल अल नीनो ने दुनिया के कई देशों को सूखे की चपेट में लिया और अब ला नीना सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर भारत के मानसून पर अत्यधिक वर्षा के रूप में देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा के चलते बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की समस्या बढ़ेगी।

एशियाई देशों में अधिक वर्षा होगी। जिसका सार्थक असर अच्छी कृषि के रूप में देखने को मिल सकता है। मगर खाड़ी से लगे अमेरीकी देशों के लिए अल नीनो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम पर नजर रखने वाली दुनिया की कई एजेंसियां यह आशंका जता रहे हैं।

अल नीनो और ला नीना का अध्ययन करने वाले कोलोराडो विश्वविद्यालय के वायुमंडल और महासागर वैज्ञानिक कहते हैं कि अभी ला नीना रास्ते पर अग्रसर है। जिसका अगले दो माह तक भू स्थलों में पहुचना शुरू हो जाएगा। भारत में अगस्त व सितंबर माह में ला नीना का असर दिखना शुरू होगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी, जबकि अमेरिकी कई क्षेत्रों में बवंडर व बढ़े तूफान उठेंगे।

### उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना

नैनीताल : प्रदेश मौसम विभाग के निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार ला नीना का असर अगस्त व सितंबर तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की 61 प्रतिशत संभावना है। जून व जुलाई में मानसून सामान्य रूप से बरसेगा।

## बालक का शव स्कूल परिसर में मिला, गुस्साई भीड़ ने आग लगाई

**पटना।** पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है। घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है। बच्चे का शव मिलने के बाद आक्रोषित कुछ स्थानीय लोगों ने स्कूल में आग लगा दी थी।

# संयुक्त अभ्यास के जबाव में उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सियोल, एजेंसी**

• दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किया संयुक्त अभ्यास



स्क्रिन पर मिसाइल देखता तानाशाह।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया दोनों के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में उत्तर कोरिया ने कोई जानकारी नहीं दी है। यहां तक कि यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था।

## स्लोवाकिया के पीएम का हुआ एक और ऑपरेशन, हालत गंभीर

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** गोलीबारी में घायल हुए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का एक और ऑपरेशन किया गया है, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक फिको (59) पर उस समय हमला किया गया था जब वह राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बांस्का बिस्त्रिका में यूनिवर्सिटी एफ डी रूजवेल्ट अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने कहा कि फिको का सीटी स्कैन हुआ और वर्तमान में वह गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। उन्होंने उनकी हालत को गंभीर बताया है।